डालटनगंज (मेदिनीनगर), सोमवार | 20 अक्टूबर 2025 | वर्ष-32, अंक-07, पृष्ठ-12 | कार्तिक कृष्ण पक्ष 14, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com | मूल्य 2 रु.

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

दीपज्योति: परंब्रह्म दीपज्योतिर्जनार्दन:। दीपो हरतु मे पापं दीपज्योतिर्नमोऽस्तु ते॥

ॐ श्रीं ह्रीं श्रीं कमले कमलालये प्रसीद प्रसीद श्रीं ह्रीं श्रीं ॐ महालक्ष्म्यै नम:॥

## शुभकामनाएं

'राष्ट्रीय नवीन मेल' के सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, अभिकर्ताओं, हॉकरों एवं शुभचिंतकों को 'दीपावली' की हार्दिक शुभकामनाएं।

-संपादक

## आवकाश की सूचना

'दीपावली' के अवसर पर 'राष्ट्रीय नवीन मेल' कार्यालय 20 अक्टूबर (सोमवार) को बंद रहेगा। अत: अखबार का अगला अंक 22 अक्टूबर (बुधवार) को पाठकों के हाथ होगा।

-प्रबंधक

# कांके रोड में चौपाटी रेस्टोरेंट के संचालक की गोली मारकर हत्या

- वेज-नॉनवेज बिरयानी के विवाद में मारी गोली
- विरोध में सड़क पर उतरे लोग, लगाया जाम
- पुलिस प्रशासन के समझाने के बाद जाम खत्म

नवीन मेल संवाददाता

**पिठौरिया।** राजधानी रांची के कांके रोड में शनिवार की देर रात करीब 11:30 बजे कुछ युवकों ने 'शेफ चौपाटी' रेस्टोरेंट के मालिक विजय कुमार नाग की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। साथ ही, आरोपियों की तलाश में छापेमारी की जा रही है। इधर, इस वारदात के बाद कांके रोड और आसपास के इलाके में दहशत फैल गई है। विजय रांची के मशहूर रेस्टोरेंट कारोबारी थे और कांके रोड पर उनका पुराना व्यवसाय था। उनकी हत्या से कारोबारी समुदाय में आक्रोश है। रविवार की सुबह जैसे ही लोगों को जानकारी शेष पेज 11 पर...



## शाहपुर में युवक की गोली मारकर हत्या अपराधी फरार

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर नई मुहल्ला निवासी इबरार हजाम के 30 वर्षीय पुत्र हसन अली की अज्ञात अपराधियों ने रविवार सुबह करीब 9 बजे गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही चैनपुर थाना प्रभारी श्री राम शर्मा पुलिस बल के साथ घटनास्थल शेष पेज 11 पर...

## एफजेसीसीआई ने कारोबारी की हत्या पर जताई गहरी चिंता

रांची। फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआई) ने कांके थाना क्षेत्र के रेस्टोरेंट संचालक की हत्या पर गहरी चिंता व्यक्त की है। चैंबर के पदाधिकारियों ने पुलिस अधिकारियों से तत्काल बात की और राजधानी में लचर विधि व्यवस्था पर आपत्ति जताई। चैंबर ने घटना में दोषियों के विरुद्ध सख्त एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। घटना के बाद एफजेसीसीआई की लॉ एंड आर्डर उप समिति के चेयरमैन मुकेश अग्रवाल ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से सख्त कार्रवाई की मांग की। एफजेसीसीआई के महासचिव रोहित अग्रवाल ने बताया कि त्यौहारी सीजन में लगातार हो रही ऐसी घटनाओं पर चिंता जताते हुए चैंबर के पदाधिकारियों ने रविवार को चैंबर भवन में एक बैठक भी की। बैठक में कहा गया कि ऐसी घटनाओं से आमजन विशेषकर व्यापारी वर्ग सशंकित है। पुलिस प्रशासन की तत्परता के बावजूद राजधानी में दिनदहाड़े हत्या और गोलीकांड जैसी घटनाएं यह दर्शाती हैं कि अपराधियों में प्रशासन का भय व्याप्त नहीं है। जिला पुलिस प्रशासन को शेष पेज 11 पर...

## भैंस चोरी के आरोप में युवक की पीट-पीटकर हत्या, तीन गिरफ्तार



- चिनियां पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या के तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार, छापेमारी जारी

नवीन मेल संवाददाता

**चिनियां।** चिनियां थाना क्षेत्र के कुसुमदामर झाड़ी से युवक सुशील कोरवा का क्षत-विक्षत शव बरामद होने के बाद इस हत्या का खुलासा हो गया है। मृतक सुशील कोरवा, राजेंद्र कोरवा के पुत्र थे। मृतक के पिता की शिकायत के आधार पर मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (डीएसपी) रोहित रंजन सिंह ने बताया कि 12 अक्टूबर की रात करीब तीन बजे सुशील कोरवा दोस्तों के साथ गढ़वा से कार्यक्रम देखकर चिनियां लौट रहे थे। रास्ते में वह अभियुक्त रोहित यादव के दक्षिणी बरामदे पर खड़ी भैंस के पास रुके थे। रोहित यादव ने भैंस चोरी के संदेह में उन्हें देख कर लाठी से पीटना शुरू कर दिया और चोर-चोर का शोर मचाया।इस दौरान संतोष यादव और कोमल यादव भी मौके पर आए। तीनों ने मिलकर सुशील कोरवा को बेरहमी से पीटा, जिससे उनकी मौत हो गई। इसके बाद शव को झाड़ी में छिपा दिया गया और मृतक के कपड़े, मोबाइल और चप्पल उनके भाई मुकेश कोरवा को सौंप दिए गए ताकि सच्चाई छुपाई जा सके।पुलिस ने आरोपियों रोहित कुमार यादव, संतोष यादव और कोमल यादव को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल तीन लाठियां, कपड़े, मोबाइल और चप्पल बरामद किए हैं। अन्य आरोपियों की खोज जारी है।डीएसपी और पुलिस टीम ने बताया कि छापे और गिरफ्तारियों के साथ मामले की सघन जांच जारी है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## बेतला नेशनल पार्क में तेंदुए ने फिर किया हिरण का शिकार, पर्यटकों ने देखा रोमांचक नजारा



**बेतला (लातेहार)।** दीपावली के अवसर पर बेतला नेशनल पार्क में पर्यटकों की भीड़ बढ़ गई है। यहां आए पर्यटकों ने बताया कि पार्क में तेंदुए की संख्या बढ़ गई है और उन्होंने हिरण का शिकार करते हुए तेंदुए का सजीव दर्शन किया। प्रजनन अवधि के कारण पार्क कुछ समय के लिए बंद रहता है, जिससे तेंदुओं की संख्या में इजाफा हुआ है। तेंदुआ, जो पैंथरा जीनस का छोटा लेकिन शक्तिशाली और चतुर जीव है, अपने शिकार के लिए विलक्षण तकनीक और तेज एकाग्रता का प्रदर्शन करता है। पर्यटक इस बढ़ी हुई सक्रियता से खुश हैं।

- पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी, प्रजनन काल के कारण तेंदुआ की संख्या बढ़ी

## आज / कल




## एसडीएम सुलोचना मीणा ने भारत अल्ट्रासाउंड सेंटर को किया सील



- भ्रूण के लिंग निर्धारण के आरोप में संचालक गिरफ्तार, जांच दल ने की छापेमारी

नवीन मेल संवाददाता

**पांकी।** पांकी प्रखंड स्थित जेडी कॉम्प्लेक्स के भारत अल्ट्रासाउंड सेंटर को रविवार को प्रशासन ने सील कर दिया। यह कार्रवाई भ्रूण के लिंग जांच के आरोप में की गई। प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर एसडीएम सुलोचना मीणा ने छापेमारी दल का गठन किया, जिसमें अंचल अधिकारी, पांकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. महेंद्र प्रसाद तथा थाना प्रभारी राजेश रंजन शामिल थे।
सूचना मिली थी कि पांकी व आसपास के क्षेत्रों से गर्भवती महिलाएं यहां पहुंचकर पैसे के बदले भ्रूण का लिंग परीक्षण कराती हैं। सूचना की पुष्टि के बाद जांच टीम ने अचानक कार्रवाई करते हुए भारत अल्ट्रासाउंड सेंटर पहुंचकर मशीनों और कार्यप्रणाली की जांच की। एसडीएम सुलोचना मीणा ने बताया कि एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है तथा मामले की विस्तृत जांच चल रही है। प्रारंभिक जांच में कई अनियमितताओं के प्रमाण मिले हैं। जांच टीम ने कहा कि दोषी पाए जाने पर संबंधित पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
उन्होंने स्पष्ट कहा कि लिंग चयन और भ्रूण हत्या जैसे अपराध सामाजिक और नैतिक रूप से गंभीर हैं। प्रशासन ने ऐसे मामलों पर सख्ती से निपटने का संदेश दिया है।

### जगमगाई राम नगरी, सीएम योगी ने सरयू आरती के साथ शुरू किया दीपोत्सव, कहा-

# आस्था-विकास के आत्मविश्वास से चमक रहा नया भारत

- विदेशी मेहमानों ने भी किया 'जय श्रीराम' का उद्घोष

**अयोध्या (आईएएनएस)।** राम नगरी अयोध्या रविवार शाम को भक्ति और रोशनी से चमक उठी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरयू नदी के किनारे मां सरयू की आरती करके 'दीपोत्सव-2025' की शुरुआत की। लाखों दीयों से सजी अयोध्या में उन्होंने कहा कि रामभक्तों के बलिदान से रंगी यह नगरी आज दीयों के प्रकाश में नहा रही है। यही नया भारत है, जो अपनी आस्था, पहचान और विकास के साथ आत्मविश्वास से चमक रहा है।
वहीं, दीपों की रोशनी से नहाई अयोध्या की भव्यता ने न केवल देशवासियों का हृदय मोह लिया, बल्कि विदेशों से आए मेहमान भी इस दृश्य को देख अभिभूत हो गए। दीपोत्सव 2025 में बड़ी संख्या में विदेशी अतिथि अपने परिवारों और मित्रों के साथ अयोध्या पहुंचे थे। रविवार को राम की पैड़ी और सरयू घाट पर दीपों की झिलमिलाहट, पुष्पवर्षा और 'जय श्रीराम' के उद्घोष के बीच विदेशी मेहमान भी खुद को रोक नहीं सके। उन्होंने भी मुक्त कंठ से जय श्रीराम के उद्घोष किए। रूस, पोलैंड, यूक्रेन, श्रीलंका सहित कई देशों से पहुंचे श्रद्धालु दीपोत्सव देख अभिभूत हो गए।
इधर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरयू घाट पर मां सरयू की विधिवत पूजन के बाद आरती की। इस दौरान उनके साथ कई मंत्री, विधायक और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इसके बाद राम कथा पार्क पहुंचकर उन्होंने जनता को संबोधित किया। सीएम योगी ने कहा कि दीपोत्सव का यह 9वां संस्करण उत्तर प्रदेश की नई पहचान है। सीएम योगी ने वहां मौजूद रामभक्तों से स्मार्टफोन की लाइट जलाकर 'जय श्रीराम' का उद्घोष करने को कहा, जिससे पूरा पार्क ज्योति से जगमगा उठा।
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहले जो लोग आस्था का मजाक उड़ाते थे, राम भक्तों और कारसेवकों से पटी अयोध्या की गलियों को लहूलुहान करते थे, आज उन्हें 26 लाख 17 हजार से अधिक दीपों की यह रोशनी चुभ रही है। ये दीप स्थानीय प्रजापति और कुम्हार समुदाय के परिश्रम से बने हैं, जो रोजगार का स्रोत भी हैं। लेकिन रामद्रोही इसे पचा नहीं पा रहे।

शेष पेज 11 पर...






दीपावली के पावन अवसर पर मैं भारत और दुनिया भर में सभी भारतीयों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। मैं सभी से सुरक्षित, जिम्मेदारीपूर्ण और पर्यावरण-अनुकूल तरीके से दीपावली मनाने का आग्रह करती हूं। यह दीपावली सभी के लिए सुख, शांति और समृद्धि लाए।

- द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति।



त्योहारों का मौसम शुरू हुआ है। आज धनतेरस है, फिर दिवाली, काली पूजा, सोहराय, गोहाल पूजा, बांधना पर्व, भाई दूज, चित्रगुप्त पूजा और छठ पर्व भी आने वाला है। त्योहारों के इस उमंग को कई गुना करने के लिए राज्य सरकार द्वारा मइयां सम्मान योजना की राशि भी सभी मइयां को भेजी जा रही है। यह त्योहार आप सभी अपने परिवार के साथ हंसी-खुशी मनाएं, आप सभी स्वस्थ रहें, यही कामना करता हूं। जोहार!

- हेमंत सोरेन, मुख्यमंत्री (सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर)

## इंडिया

# विधायकपति, अपराधी, गायिका से लेकर टिकट बेचवा के आरोपों के बीच चुनाव



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

बिहार विधानसभा चुनाव की बिसात बिछ गई है और सोशल मीडिया में पटना एयरपोर्ट पर गाली गलौज से लेकर मारपीट के वीडियो के बीच कांग्रेस में सिर फुटौव्वल जैसे हालात हैं। इन नेताओं ने सीधे राहुल गांधी की आलोचना तो नहीं की, पर केंद्रीय नेतृत्व से सवाल किया कि 'राहुल गांधी के भरोसे का दुरुपयोग हुआ है।' इनके अनुसार केंद्रीय नेतृत्व की प्रदेश नेतृत्व पर निगरानी कमजोर रही है, जिसके चलते निर्णय प्रक्रिया में पारदर्शिता खत्म हो गई है। विधानसभा चुनाव में बेटा, पति, पत्नी, बहू, समधन, साली सबकी भागीदारी है। कहीं पति के लिए वोट मांगती पत्नी दिखेगी तो कहीं बहू के लिए ससुर आशीर्वाद मांगेंगे। पत्नी, बेटे और साली के लिए भी पसीना बहाते बड़े चेहरे होंगे। राजनीतिक और जातिगत समीकरण तथा पारिवारिक बंधन में सभी पार्टियों में यह दिख रहा है। हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) प्रमुख जीतन राम मांझी एनडीए के अन्य प्रत्याशियों के साथ बहू, दामाद और समधन के लिए प्रचार करेंगे। गयाजी के इमामगंज से बहू दीपा मांझी, बाराचट्टी से समधन ज्योति देवी और जमुई के सिकंदरा से दामाद प्रफुल्ल कुमार मांझी मैदान में हैं। पति-पत्नी का मेल सासाराम में भी दिखेगा। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा सासाराम में पत्नी के लिए प्रचार करते दिखेंगे।उन्होंने पत्नी स्नेहलता कुशवाहा को उम्मीदवार बनाकर चुनावी मैदान में उतारा है। उपेंद्र बेटे दीपक कुशवाहा को भी लाने की तैयारी में थे। महुआ पसंदीदा सीट थी, लेकिन अब चर्चा है कि वे संगठन संभालेंगे, पत्नी सासाराम से मैदान में होंगी और बेटे का विधान परिषद के जरिए राजनीतिक करियर शुरू होगा। इसी तरह सारण जिले की मढ़ौरा सीट पर लोजपा (रामविलास) की प्रत्याशी और भोजपुरी अभिनेत्री सीमा सिंह समेत चार उम्मीदवारों के नामांकन पत्र तकनीकी त्रुटियों के कारण रद्द कर दिए गए हैं। एनडीए खेमे के लिए इसे झटका माना जा रहा है। भाजपा के दो नामों पर सोशल मीडिया पर सबसे ज्यादा चर्चा और आलोचना हो रही है लोकगायिका मैथिली ठाकुर जिनकी योग्यता और पात्रता पर सवाल है और बक्सर सीट से पूर्व आईपीएस अधिकारी आनंद मिश्रा अपनी सख्त प्रशासनिक छवि और जनता से निकटता के लिए जाने जाते हैं और उन्होंने सेवा के दौरान कई बड़े अपराधों का पर्दाफाश किया। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि उनकी साफ-सुथरी छवि बीजेपी को इस क्षेत्र में मजबूत बनाएगी।इसी तरह सोशल मीडिया पर चल रहे भावुक पोस्ट और चारित्रिक विवादों में रहे भोजपुरी एक्टर पवन सिंह की पत्नी ज्योति सिंह के काराकाट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ सकती हैं। अब किसी अन्य पार्टी से उनके चुनाव लड़ने की संभावना नहीं है क्योंकि सभी ने लगभग प्रत्याशियों को सिंबल दे दिया है। आरजेडी पार्टी ने 22 मौजूदा विधायकों को फिर से उम्मीदवार बनाया गया है, जबकि दो सीट पर विधायक के बेटे चुनावी मैदान में उतरेंगे। सीवान के पूर्व सांसद शहाबुद्दीन के बेटे ओसामा शहाब को रघुनाथपुर से उम्मीदवार बनाने के लिए मौजूदा विधायक हरिशंकर यादव को बे-टिकट कर दिया गया है।भोजपुरी के बोल्ड और अश्लील गानों के लिए मशहूर सुपर स्टार खेसारी लाल यादव की पत्नी चंदा रानी को तेजस्वी यादव ने छपरा विधानसभा सीट से टिकट दिया था पर अब खेसारी खुद उम्मीदवार हैं। विदेशिया प्रसिद्ध भिखारी ठाकुर की धरती पर लड़ाई दिलचस्प हो गई है। टिकट देने में अलग दिख रही जनसुराज पार्टी और मुस्लिम हितों की बात करने वाली एआईएमआईएम महागठबंधन के वोट को नहीं तोड़ पाती हैं, तो ढाई दशकों से साईकिल,पोशाक,सहायता और आरक्षण देकर युवा महिला वोटबैंक बनाने वाले एनडीए के लिए यह एक बड़ी चुनौती होगी या जनता की विकास की आस जाति,परिवार और फिल्मी कलाकार या उनकी पत्नियां जीतकर कैसे दूर करेंगी देखना दिलचस्प होगा।






# हुसैनाबाद बाजार में दीपावली की रौनक, ग्राहकों की उमड़ी भीड़

● झालर-दीपक की बिक्री तेज, पानी वाले दीयों की भी मांग

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** दीपावली के त्योहार के मद्देनजर हुसैनाबाद के मुख्य बाजार, छठ पोखरा,जपला छतरपुर रोड सहित सभी इलेक्ट्रॉनिक दुकानों व बाजार गुलजार हो गए हैं। घरों को सजाने के लिए ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है। लोग रंग-बिरंगी झालरें, दीपक, मोमबत्ती और पूजा के दीये खरीद रहे हैं। बाजार में पांच मीटर से लेकर 50 मीटर तक की झालरें उपलब्ध हैं। हुसैनाबाद के बाजारों में रौनक बढ़ गई है और दुकानदारों ने भी अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। दुकानों को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया है, जिससे बाजारों का माहौल खुशनुमा दिख रहा है। विभिन्न प्रकार की झालरों के साथ अन्य सजावटी सामान भी ग्राहकों को आकर्षित कर रहे हैं। दीपावली पर घरों को सजाने की परंपरा पुराने समय से चली आ रही है। इसके लिए महिलाएं एक महीने पहले से ही घरों की साफ-सफाई में जुट जाती हैं। साफ-सफाई के बाद मकानों को सजावट के लिए विभिन्न सामानों की खरीदारी शुरू हो जाती है। सजावटी सामानों की खरीदारी के लिए बाजारों में लोगों की भीड़ उमड़ रही है। व्यापारी राहुल, राजा, गोपाल, सचिन और रवि ने बताया कि भारत में बनी झालरें भले ही थोड़ी महंगी हों, लेकिन वे जल्दी खराब नहीं होतीं और अगले साल भी इस्तेमाल की जा सकती हैं। बाजार में रंग-बिरंगे बिजली के बल्बों सहित अन्य सजावटी सामानों की भी अच्छी बिक्री हो रही है। इस बार बाजार में पानी से जलने वाले दीये भी उपलब्ध हैं। इनमें तेल की जगह पानी डाला जाता है और पानी भरते ही दीये जल उठते हैं। हुसैनाबाद के अंबेडकर चौक के निकट इलेक्ट्रॉनिक झालरें बेच रहे गोपाल ने बताया कि इन दीयों को बिजली की आवश्यकता नहीं होती और इनकी मांग भी काफी अधिक है। इसकी कीमत करीब 180 रुपये दर्जन बिक्री हो रही है।

### जली है उम्मीद की नई किरण

हालांकि देश में जब से "वोकल फॉर लोकल" और "आत्मनिर्भर भारत" की पुकार उठी, तब से लोगों का ध्यान फिर से उनकी अपनी मिट्टी और परंपरा की ओर ले गया। सरकारी विभागों, पंचायतों और स्कूलों की ओर से कुम्हारों से दीपक खरीदने के अभियान शुरू किए गए। सरकारी भवनों और दफ्तरों में दीपावली पर केवल मिट्टी के दीपक ही जलाए जाए। सोशल मीडिया पोर्टल पर भी युवाओं ने अभियान चलाकर लोगों को स्थानीय कारीगरों से जोड़ने का काम किया है। कई युवा कुम्हार ऑनलाइन मार्केट पर हस्तनिर्मित दीपक और बर्तन बेच रहे हैं। मगर इस क्षेत्र में कुम्हारों के सामने कई प्रकार की चुनौतियां हैं। जिसमें कच्चे माल की कीमतें बढ़ रही हैं। पर मिट्टी के सामान की कीमत बाजार में नहीं बढ़ती है। अधिकतर कुम्हार आज भी हाथ से चलने वाले चाक का उपयोग करते हैं। बिजली से चलने वाले आधुनिक चाक, ओवन, डिजाइनिंग टूल्स तक उनकी पहुंच नहीं।

## मिट्टी के दीपक का दीपावली पर्व पर विशेष महत्व



**मोहम्मदगंज।** भारत की संस्कृति मिट्टी की खुशबू से ही महकती है। जब दीपावली आती है, तो हर गली, हर घर, हर चौखट पर मिट्टी का एक छोटा-सा दीपक जगमगाने लगता है। वह दीपक सिर्फ एक वस्तु नहीं होता, बल्कि किसी कुम्हार के श्रम, श्रद्धा और अस्तित्व का प्रतीक होता है। लेकिन आधुनिक युग में उस दीपक को गढ़ने वाले वर्ग के युवाओं के हाथ इसको भूलते जा रहे हैं। जबकि भारतीय सभ्यता की शुरुआत ही मिट्टी से हुई थी। सिंधु घाटी की खुदाई में इस सभ्यता का पता चला था। यह कहना है पटखौलिया गांव निवासी सामाजिक सरोकार से जुड़े गोपाल प्रजापति का। उन्होंने कहा कि 'कुंभकार' या 'कुम्हार' शब्द संस्कृत के 'कुंभ' से बना है। जिसका अर्थ है "सृजन करने वाला पात्र"। जल को धारण करने वाला घड़ा। अन्न को सुरक्षित रखने वाला मटका और अंधकार को मिटाने वाला दीपक। ये सभी कुम्हार की कला के चमत्कार हैं। दीपावली के समय मिट्टी का दीपक जलाना केवल परंपरा नहीं, बल्कि जीवन दर्शन है। यह बताता है कि अंधकार चाहे कितना भी घना हो, एक छोटी सी लौ उसे मिटा सकती है। इसकी परंपरा की शुरुआत भगवान श्रीराम के 14 वर्षों के वनवास के बाद उनके अयोध्या लौटने पर उनके स्वागत में लाखों मिट्टी के दीपक जलाए जाने से चली आ रही होने की बात कही जाती है और तभी से दीपावली 'प्रकाश पर्व' के रूप में मनाई जाती है। उस समय भी वह दीपक भी मिट्टी का ही बना था। उन्होंने कहा कि कुम्हार समाज का श्रम और सृजन की मिसाल बनकर भारतीय ग्राम्य जीवन का वह आधार रहा है, जिसने हर घर की आवश्यकता पूरी की। घड़ा, सुराही, कुल्हड़, दीपक, हांडी, खिलौने- सब कुछ मिट्टी से बनते हैं। जो चाक पर आकार लेते हैं। गांव की पहचान भी उस वर्ग के नाम पर कुंभारटोली (कुम्हारों की बस्ती) से होती है। मगर हाल के दशक में मिट्टी के दीए की रोशनी मंद पड़ने लगी है। अब बिजली के बल्बों की रंगीन लड़ियों ने जब से बाजार में जगह बना ली है। तब से मिट्टी के दीपकों की मांग धीरे-धीरे कम होने लगी। प्लास्टिक और चीनी सजावटी दीपकों ने बाजार पर क जा कर लिया। कुम्हार समाज, जो पीढ़ियों से मिट्टी से कला गढ़ता आया था, इस वजह से अब बाजार की इस दौड़ में पीछे छूट गया है। पहले दीपावली के महीनों पहले से कुम्हारों के आंगन में चाक घूमता था। मगर अब कई जगह वहां सूनापन खड़ा रहता है। उदाहरणार्थ, पटखौलिया में 30 घर इस जाति के लोग निवास करते हैं। जिनके बच्चे अब इस पेशे को अपनाने से कतराने लगे हैं। उन्हें लगता है कि इसमें काफी मेहनत है। लेकिन इसकी कीमत और इसमें सम्मान नहीं मिलती है।

### नई पीढ़ी को मिट्टी शिल्प कला के वैज्ञानिक पहलूओं से अवगत कराने की जरूरत

उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को इस शिल्प कला के वैज्ञानिक पहलू सिखाने के लिए कोई औपचारिक संस्थान नहीं हैं। ऐसे में मिट्टी से उजाला गढ़ने में पारंगत इस क्षेत्र के कुम्हार समाज को मिट्टी कला प्रशिक्षण केंद्र और बैंकों के माध्यम से कुम्हार उद्यम ऋण योजना शुरू कर उन्हें आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराने और स्कूलों में मिट्टी शिल्प एवं लोककला को वैकल्पिक विषय बनाने की जरूरत है। हर दीपावली पर एक परिवार, दस दीपक कुम्हार से जैसी पहल भी इस मिट्टी शिल्प कला को जीवित रख सकती है। उन्होंने झारखंड सरकार के तरफ से गठित माटी कला बोर्ड के माध्यम से अनुदानित मूल्य पर उपलब्ध करा जा रहे इलेक्ट्रॉनिक चाक की पहुंच दूरदराज के इलाके तक भी पहुंचाने की जरूरत पर बल दिया है।

## मोटर चोरी को लेकर करकट्टा मुखिया ने ग्रामीणों संग की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**ऊंटारी रोड।** प्रखंड अंतर्गत करकट्टा पंचायत में हाल ही में हुई मोटर चोरी की घटनाओं को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। इसको देखते हुए पंचायत के मुखिया की अध्यक्षता में एक आपात बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्रामीणों ने बताया कि बीते कुछ दिनों से क्षेत्र में अज्ञात चोरों द्वारा कृषि कार्य में उपयोग होने वाली पानी की मोटरें चोरी की जा रही हैं, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। मुखिया कमला देवी ने इस घटना की निंदा करते हुए कहा कि ग्राम स्तर पर रात में गश्ती दल का गठन किया जाएगा, ताकि इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने थाना प्रशासन से भी अनुरोध किया कि क्षेत्र में पुलिस गश्ती बढ़ाई जाए और दोषियों को जल्द से जल्द पकड़ा जाए। उन्होंने ग्रामीणों से अनुरोध किया कि चोरों से संबंधित जानकारी देने वाले को पांच हजार रुपये का इनाम दिया जाएगा। बैठक में बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक सिंह , शिक्षक अलकेश सिंह, बीरेन्द्र सिंह, मुखदेव सिंह, सदर खताबुद्दिन, एस कुमार यादव, राजू सिंह, उमा तिवारी, मुखन राम, महमूद अंसारी सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर क्षेत्र की सुरक्षा को लेकर एकजुट होकर काम करने का संकल्प लिया।

## पांकी पुलिस ने फरार अभियुक्त के घर पर चिपकाया इश्तेहार

पांकी। थाना कांड संख्या–68/2020, दिनांक 15 मई 2020 के तहत दर्ज मामले में फरार चल रहे अभियुक्त सुरेन्द्र पासवान, पिता–जगदीश पासवान, निवासी–झरहा, थाना–लेस्लीगंज, जिला–पलामू के विरुद्ध रविवार को पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की। थाना प्रभारी राजेश रंजन के नेतृत्व में पुलिस टीम ने माननीय न्यायालय के आदेशानुसार अभियुक्त के घर जाकर इश्तेहार चस्पा किया। यह कार्रवाई स्थानीय ग्रामीणों एवं परिजनों की उपस्थिति में की गई। अभियुक्त पर रंगदारी मांगने के उद्देश्य से एक जेसीबी मशीन में आग लगाकर क्षतिग्रस्त करने का गंभीर आरोप है। प्रकरण में प्रारंभिक रूप से धारा 435, 427, 34 भारतीय दंड संहिता एवं 17 सीएलए एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था, जिसे बाद में परिवर्तित कर धारा 385, 387, 435, 427, 34 भादंवि एवं 17 सी.एल.ए. एक्ट 1908 के अंतर्गत अभियोग जोड़ा गया है। पुलिस के अनुसार, अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी जारी है।

## अपर समाहर्ता ने किया हुसैनाबाद अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** पलामू के अपर समाहर्ता कुंदन कुमार ने हुसैनाबाद अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया। जिसमें उन्होंने कार्यालय के काम-काज की समीक्षा की व अभिलेखों का निरीक्षण किया और कर्मचारियों को समय पर और पारदर्शी तरीके से काम करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान, उन्होंने जनता को समय पर सेवाएं प्रदान करने और सभी लंबित मामलों का त्वरित निपटारा सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। दाखिल-खारिज, आय, जाति और आवासीय प्रमाण पत्रों जैसे कार्यों की समीक्षा करते हुए ससमय निर्गत करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने कार्यालय के रजिस्टरों (पंजियों) और अन्य राजस्व अभिलेखों का भौतिक निरीक्षण किया और कार्यालयीय कार्यों को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया। लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने को कहा गया। साथ ही जनता को सुगम और समय पर सेवाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि लंबित मामलों को 15 दिन के अंदर निस्तारण करने का निर्देश दिया गया है अन्यथा सम्बंधित कर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर एलआरडीसी गौरांग महतो, अंचलाधिकारी पंकज कुमार समेत अंचल के कई कर्मी उपस्थित थे।

## समाजसेवी ने जरूरतमंदों के बीच सामग्रियों का किया गया वितरण

**पंडवा।** प्रखंड के राजहारा कोलयरी अंतर्गत समाजसेवी जनाब राजुद्दीन साहब के नेतृत्व में एक समाज कल्याणकारी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन मेराज अंसारी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अजय चौहान, अजय भुइयां, आशिक अंसारी, अलामुद्दीन अंसारी, शमशेर मियां, अप्पु अंसारी और अजमल अंसारी उपस्थित रहे। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज के जरूरतमंद लोगों के बीच व्हीलचेयर, साड़ी, धोती, गमछा, लूंगी आदि का वितरण करना रहा। इस दौरान व्हीलचेयर नाजिमा मियांइन को प्रदान की गई, जिससे वे और उनका परिवार अत्यंत खुश नजर आए। नाजिमा मियांइन ने राजुद्दीन साहब को असंख्य आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनकी लंबी उम्र और निरंतर सेवा भावना की कामना की।

## उपायुक्त के आदेश पर लगातार छापेमारी के बावजूद नहीं रुका निजी अस्पतालों का संचालन

**हैदरनगर।** पलामू उपायुक्त के निर्देश पर संपूर्ण हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में निजी अस्पतालों और क्लीनिकों पर जारी छापेमारी के बावजूद जान से खेलने का सौदा थमता नजर नहीं आता। इस छापेमारी अभियान से पग पग पर खुले निजी अस्पतालों के संचालकों में भय भी है। इस अभियान के बीच ही हुसैनाबाद अनुमंडल मुख्यालय हुसैनाबाद के एक निजी क्लीनीक में कथित चिकित्सक द्वारा किये गये ऑपरेशन के बाद मौत हो गई। इसे लेकर मृतका के परिजनों सहित ग्रामीणों ने घंटों सड़क जाम भी किया। सामाजिक युवा कार्यकर्ता अंकू सिंह राणा ने कहा कि आखिर इन तथाकथित निजी अस्पतालों में मौत का सिलसिला कब तक चलता रहेगा। हालांकि उन्होंने क्षेत्र की वस्तुस्थिति से सूबे के स्वास्थ्य मंत्री को भी अवगत कराया है। उन्होंने जिला प्रशासन से सभी दुकानों की भी सख्ती से जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि अधिकांश दवा दुकानों में कई नशीली दवाओं और नकली दवाओं को बेराकटोक बिक्री उंचे दामों पर किये जा रहे हैं। इन दवा दुकानों के भंडारण की भी जांच की जानी चाहिये। साथ ही किसी भी निजी अस्पतालों के लाईसेंस देने से पूर्व सभी मानक तथ्यों की जांच के अलावे संबधित संचालक के आचरण, विचार व संबधित थानों से फीडबैक लेने की मांग की है। उन्होंने बताया कि एक सप्ताह पूर्व ही हैदरनगर में एक निजी अस्पताल को की गई सीलके बाद भी इसमें संबधित लोगों की आवागजाही हो रही है। इस अस्पताल के सभी गेट व दरवाजे ही दुरुस्त नहीं हैं तो अस्पताल संचालन के समस्त मानक कैसे पूरे कर पायेंगे। उन्होंने कहा कि इन क्लीनिकों, निजी अस्पतालों, अल्ट्रासाउंड केन्द्र और चिकित्सकों की लंबी चौड़ी लगी बोर्ड भी मरीजों को लुभाते रही है।

## हैदरनगर के चौक-चौराहों पर लगे हाईमास्ट लाईट चार वर्ष से खराब

**हैदरनगर।** बाजार क्षेत्र सह प्रखंड मुख्यालय में ही स्थानीय आमलोगों सहित राहगीरों की सुविधा के लिये स्थापित कई चौक चौराहों का हाई मास्ट लाईट विगत चार वर्ष से खराब पड़ा है। हालांकि इस संबध में लगातार विभिन्न स्तरों पर आवाज उठाई गई है। किन्तु किसी भी स्तर पर गंभीरता से नहीं लिया गया है। स्थानीय प्रबुद्ध व युवा वर्ग के अंकित कुमार गुप्ता, राकेश कुमार, जितेन्द्र कुमार अग्रवाल, बिजेन्द्र अग्रवाल, कृष्णा प्रसाद गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, अनूप कुमार सिंह, जयप्रकाश कुशवाहा, पैक्स अध्यक्ष बिरेन्द्र कुमार सिंह सहित कई युवाओं ने कहा कि हैदरनगर बाजार क्षेत्र के चौक बाजार, देवी धाम मोड़, बस स्टैंड व बड़ा शिवालय मोड़ पर स्थापित हाई मास्ट लाईट के लंबे समय से खराब रहने से इस वर्ष भी पारंपरिक रुप में दीपावली पर्व पर मुख्य सड़कों पर पर्याप्त उजाला देखने को नहीं मिलेगा। साथ ही निकट समय पर विभिन्न छठ घाटों तक आवागमन में छठ व्रतियों को परेशानी होगी। उन्होंने स्थानीय प्रशासन और हैदरनगर (पूर्वी) पंचायत के प्रतिनिधियों से इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए सभी हाई मास्ट लाईट को दुरुस्त कराने का आग्रह किया है। इस संबध में मुखिया संतोष कुमार सिंह ने बताया कि स्थानीय सभी हाईमास्ट लाईट दो दिनों के भीतर दुरुस्त होंगे। इससे संबधित तकनीशियन को आवश्यक सामग्री के साथ मंगलवार को आमंत्रित किया गया है।

## ट्रेन से गिरकर युवक गंभीर रूप से घायल

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र स्थित पूर्व मध्य रेलवे के गढ़वा रोड डेहरी ऑन सोन रेलखंड के जपला रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 3 तीन पर पप्पू पासवान नामक 29 वर्षीय एक युवक गंभीर रूप से अचेत अवस्था में घायल रविवार की सुबह रेलवे ट्रैक के किनारे गिरा मिला। जानकारी के अनुसार, शनिवार की शाम एक व्यक्ति जपला में काम समाप्त कर अपने घर लौटने के लिए स्टेशन पहुंचा था। इसी दौरान जपला रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नम्बर तीन पर रेलवे स्टेशन की पश्चिम दिशा में वह अचानक ट्रेन से गिरकर गंभीर रूप से घायल पड़ा मिला था, जिससे उसके सर में गंभीर चोटें आईं हैं। इस घटना की सूचना मिलते ही जपला आरपीएफ के जवानों ने मौके पर पहुंचे और घायल युवक को तत्काल हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भेजा दिया। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया। घायल युवक की पहचान जनेश्वर पासवान के पुत्र पप्पू पासवान (उम्र 29 वर्ष), ग्राम- नबीनगर, जिला औरंगाबाद (बिहार) के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही उसके परिजन भी अस्पताल पहुंच गए और उसे अपने साथ ले गए।

## श्रमिक कार्ड बनाने के नाम पर चल रहा ठगी का धंधा

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड के सभी पंचायतों में कथित रूप से बहुत से प्रज्ञा केंद्र से जुड़े युवक घूम-घूम कर श्रमिक कार्ड बना के लिए अवैध उगाही कर रहे, बताए जाते हैं। इसका खुलासा स्थानीय पंचायत के पूर्व उपमुखिया सिद्धार्थ कुमार ने भी करते हुए बताया कि इस अवैध धंधे में संलिप्त युवक यह कहकर घर-घर की महिलाओं को बरगला रहे हैं कि श्रमिक कार्ड बनवाइए सरकार की ओर से तत्काल 5000 रुपए आएगा। इसके एवज में युवकों का समूह 200-300 रुपए की वसूली कर रहे हैं। जबकि ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। बल्कि ऐसा कहकर लोगों खासकर, महिलाओं को बरगलाकर पैसा ऐंठा जा रहा है। उन्होंने लोगों को इससे सावधान रहने की अपील करते इस संबंध में स्पष्ट किया है कि श्रमिक कार्ड उनके लिए जरूरी दस्तावेज है, जो किसी स्थानीय अथवा परदेस में निजी तौर पर मजदूर के रूप में कार्य करते हैं। इस कार्ड के रहने से विशेष परिस्थिति में सरकार के प्रावधान के अनुसार मुआवजा भुगतान संभव हो जाता है। यह सामान्य प्रक्रिया है। वैसे, भी सरकार अथवा स्थानीय प्रशासन के स्तर से संबंधित केंद्र को घर-घर जाकर ऐसा करने का निर्देश प्राप्त नहीं हुआ है।

## 23 को मनेगा भैया दूज : भाईयों के दीर्घायु का कामना का पवित्र पर्व : कुंडल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** भैया दूज का पर्व इस बार 23 अक्टूबर को मनाया जाएगा। आंचलिक भाषा में इसे गोधन कुटाई का पर्व भी कहा जाता है। जिसमें विभिन्न स्थानों पर महिलाएं समूह में इकट्ठा होकर इसे उमंग और उल्लास के साथ मनाती है। इस पर्व को लेकर प्रचलित अलग-अलग कथाओं का उल्लेख करते हुए पंडित कुंडल तिवारी ने बताया कि भैया दूज का पावन पर्व सूर्य देव के पुत्र यमराज और पुत्री यमुना से प्रारंभ हुआ है। जैसा कि पुराणों में वर्णित है जिसमें कहा गया है कि बहन यमुना नदी स्वरूप में धरती पर आ गई थी। जबकि यमराज यमलोक में। परन्तु संयोगवश भाई-बहन मिल नहीं पाते थे। लेकिन बहन के बहुत आग्रह के बाद एक संयोग ऐसा बना कि कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि पर यमराज यमलोक से अपनी बहन यमुना के घर पर पधारे। बहन-भाई को देखकर बहुत प्रसन्न हुई। उसने उन्हें नाना प्रकार की सुरूचिपूर्ण भोजन खिलाया। इस पर यमराज देव ने प्रसन्न होकर बहन यमुना को वरदान दिया। जिसमें उन्होंने कहा कि आज के दिन जो भाई अपनी बहन के घर में भोजन कर उसको उपहार प्रदान करेगा, उसे यमलोक में कष्टदायक पीड़ा नहीं होगी।

### शादी-ब्याह में बाधक की कुटाई की प्रचलित कथा



गोधन कुटाई की रस्म अदायगी के संबंध में उल्लेख करते हुए एक दूसरी कथा में बताया कि बहुत पहले किसी गांव में गांव प्रधान अपने गांव की कन्याओं की शादी-ब्याह में बाधा उत्पन्न करता था। जिसका नाम गोधन था।उसके इस आचार-व्यवहार के कारण गांव के सभी लोग दुःखी थे। संयोगवश कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को सभी लड़कियां और महिलाएं उस ग्राम प्रधान की जमकर कुटाई कर दी थीं। इससे उसमें सुधार आ गया। वह किसी की शादी-ब्याह में रुकावट नहीं डालने लगा। तभी से गोधन कुटाई की परंपरा कहानी के रूप में प्रचलित हो गई है।

## छोटी दीपावली पर पूर्व सैनिकों ने शहीदों के नाम जलाया दीप, किया नमन

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** रविवार को हुसैनाबाद स्थित पूर्व सैनिक कार्यालय परिसर में पूर्व सैनिकों ने छोटी दिपावली के अवसर पर शहीदों को नमन करते हुए द्वीप जलाई। सभी ने नमन करते हुए उन सभी शहीदों के परिवार जनों के जीवन मे सुख, समृद्धि एवं खुशियों की कामना की जिस प्रकार द्वीप अधंकार को दूर कर प्रकाश फैलातीं है, उसी प्रकार सभी के जीवन प्रकाशमय हो। इस मौके पर उपस्थित पंडित संतोष कुमार दुबे ने विधिवत तरीके से लक्ष्मी जी कि मंत्रो ऊचारन के साथ पूजा करते हुए द्वीप जलवाई। संगठन के जिला उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद ने कहा कि दिपावली पर्व में द्वीप अपने प्रकाश से अंधकार को दूर करता है उसि तरह हम सभी मिलकर श्रेत्र के असहाय पेंशनर परिवार जनो के जीवन मे खुशिहाली लाने का भरपूर कोशिश करते रहेंगे। खुशिहाली एवं शूख शान्ति के लिए यह कार्यालय हमेशा काम कर रही है और करती रहेगी। इस दीपावली एवं लक्ष्मी पूजा के माध्यम से संगठन को सक्रियता बढ़ेगी और ऊर्जा मिलेगी। दीप प्रज्ज्वलित के अवसर पर पंडित संतोष कुमार दुबे, लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद, असर्फी पाल, अक्षय सिंह, स्वर्गीय हवलदार लाल मूनी दुबे के परिवारजन के अलावा बक्सी हाई स्कूल के एनसीसी कैडेट्स, अखिलेश कुमार, कैडेट सरोज साह , कैडेट फारुख खान, कैडेट ओमप्रकाश कुमार मुख्य रूप शामिल हुए।

## लगातार बारिश से ओरी धान का होगा बेहतर उत्पादन

**मोहम्मदगंज।** महापर्व छठ के प्रसाद सामाग्रियों में कई ऐसी भी होते हैं, जिसका प्राकृतिक रूप में ही उत्पादन होता है। ऐसी ही एक सामाग्री में ओरी का चावल का उत्पादन भी शामिल बताया जाता है। जिसकी खेती नहीं होती है। बल्कि बारिश से जलजमाव वाले खासकर, आहर,तालाब अथवा गड्ढों में ही इसका उत्पादन होता आया है। जैसा कि इस क्षेत्र में देखा जाता है। इस वर्ष लगातार बारिश से व्यापक रूप में इसके पौधे उग आए हैं। जिसमें अलग प्रकार के इस धान के भरपूर दाने नजर आए हैं। बताया गया कि पौधों से धान को अलग तरीके से सूप में झाड़कर खासकर, एक समुदाय विशेष की महिलाएं ही एकत्रित कर उससे चावल निकालने में पारंगत होती हैं।

## हथिया नक्षत्र खत्म होते ही आलू की बोआई कार्य में आई तेजी

**हैदरनगर।** लगातार बारिश की मार झेल रहे छोटे व मध्यम किसानों ने राहत ली है। इस वर्ष जरुरत अनुसार धान के फसल को यूरिया खाद नहीं मिलने से किसानों को अच्छी उपज नहीं मिलने की आशंका है। वहीं आवश्यकता के विपरीत धान के खेतों में जमा बारिश के पानी को बहाना पड़ा है। रविन्द्र मेहता, अर्जुन मेहता, अनूप कुमार सिंह सहित कई छोटे व मध्यम किसानों ने कहा कि हथिया नक्षत्र खत्म होते ही उनके इलाके में आलू की बोवाई कार्य में तेजी आई है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष उन्हें आलू के बीज भी 30 रुपए प्रतिकिलो खरीदना पड़ा है। साथ इस बीज के अंकुरने के बाद इसकी अच्छी उपज के लिए समय समय पर पटवन के लिए पानी की जरुरत होगी।

**कार्यक्रम** पांकी के बहेरा में लक्ष्मी पूजा के अवसर भक्ति जागरण का आयोजन

## कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत व नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी

**नवीन मेल संवाददाता**




**पांकी।** प्रखंड के पिपराटांड़ थाना क्षेत्र के नौडीहा बहेरा में लक्ष्मी पूजा के शुभ अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय भक्ति जागरण कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा नेत्री सह प्रदेश कोषाध्यक्ष सह पूर्व जिला परिषद डॉ. लवली गुप्ता, मुखिया मुकेश सिंह, समाजसेवी सह मुखिया पति अरविंद सिंह, समाजसेवी सह समिति अशोक सिंह, पूर्व मुखिया रणधीर सिंह, पूर्व मुखिया मिथलेश सिंह के द्वारा सयुक्त रूप से फीताकाट कर एंव द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम के पश्चात मौके पर उपस्थित लोगों के संबोधन में भाजपा नेत्री लवली गुप्ता ने सभी लोगों को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि माता लक्ष्मी की उपासना से धन, समृद्धि और सौभाग्य की प्राप्ति होती है, जिससे जीवन में सुख-समृद्धि बनी रहती है। उनकी कृपा पाने के लिए विशेष पूजा की जाती है जिसमें मंत्र जाप, आरती, खीर का भोग लगाना और कमल या पीली कौड़ी अर्पित करना शामिल है। इसके अलावा, घर में साफ-सफाई बनाए रखना, गरीबों का ख्याल रखना और नैतिक आचरण बनाए रखना भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजकों की जमकर सराहना भी की कार्यक्रम में स्थानीय एवं बाहर से आए कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत व नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। मौके पर गंगा गुप्ता, शंकर प्रसाद, समाजसेवी मुकेश प्रसाद गुप्ता , गुप्ता, पिंटू गुप्ता, मनीष गुप्ता, बिकेश गुप्ता, सतेंद्र गुप्ता, प्रसाद गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित थे।

### धनतेरस के बाद दीपावली बाजार में रौनक, दीयों व पटाखों की बढ़ी मांग

# मिट्टी के दीयों की मांग कम, लेकिन इलेक्ट्रॉनिक लाइट व पटाखों की खरीदारी में वृद्धि

**नवीन मेल संवाददाता**





**मेदिनीनगर।** धनतेरस के बाद आज दीपावली का पर्व पूरे उत्साह के साथ मनाया जा रहा है, और बाजारों में रौनक देखने को मिल रही है। शहर के विभिन्न बाजारों में मिठाई की दुकानों से लेकर रंगोली, दीयों, इलेक्ट्रॉनिक लाइट, पटाखे और पूजा की सामग्री की खरीदारी जोर-शोर से चल रही है। मिट्टी के दीयों के विक्रेता हालांकि मायूस नजर आए क्योंकि इस बार उनकी मांग अपेक्षा से कम रही। छोटे दीयों का मूल्य 80 रुपये प्रति सैकड़ा, बड़े दीयों का 150 रुपये प्रति सैकड़ा रखा गया है। बाजार में छोटे कलश 20 रुपये और बड़े 30 रुपये में बिक रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के लिए छोटे-छोटे घोड़ों की जोड़ी 80 रुपये की और बड़े घोड़ों की जोड़ी 100 रुपये की मिल रही है। दिए जलाने के लिए करंज तेल की भी अच्छी मांग देखी गई है। वहीं, बाजार में रंग-बिरंगी झिलमिलाती लाइट, झालर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सजावट की चीजें ग्राहकों को खूब आकर्षित कर रही हैं। इस वर्ष इलेक्ट्रॉनिक लाइट की बिक्री में पिछले वर्ष की तुलना में वृद्धि हुई है। फूलों की माला और कृत्रिम सजावट भी मंदिरों और घरों के सजावट के लिए खरीदी जा रही हैं। पटाखों की दुकानों पर बच्चों और युवाओं की भीड़ लगी हुई है। छोटे बच्चों के बीच फुलझड़ियां, अनार, चकरी और रॉकेट की अधिक मांग है, जबकि बड़े लोगों ने एटम बम, आलू बम और अन्य बड़े पटाखे खरीदे हैं। बाजार में पटाखों की कीमतें 10 रुपये से लेकर 1800 रुपये तक उपलब्ध हैं। कीमतों में वृद्धि के बावजूद खरीदारी अच्छी बनी हुई है क्योंकि हर कोई अपने घर को दीपावली पर रोशनी और आतिशबाजी से सजाना चाहता है। दीपावली के पर्व को सुख-सहूलियत और शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए प्रशासन ने बाजार में ट्रैफिक व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया है। बाजार क्षेत्र में वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई गई है और ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की गई है। सुरक्षा के लिए कई जगह अतिरिक्त पुलिस बल की व्यवस्था भी की गई है ताकि भारी भीड़ में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो।

## खामोश हो गई आजादी का इतिहास बताने वाली आवाज, नहीं रहे मोहन बाबू



**मेदिनीनगर।** संविधान सभा के सदस्य स्वर्गीय यदुवंश सहाय 'यदु बाबू' के पुत्र मोहन बाबू का रविवार सुबह साढ़े नौ बजे निधन हो गया। वे लगभग 94 वर्ष के थे। उनके निधन की जानकारी उनके पुत्र सुधीर सहाय ने दी।मोहन बाबू, जिनका वास्तविक नाम बृजनंदन सहाय था, पलामू में स्वतंत्रता आंदोलन की जीवंत मिसाल थे। वे उस परिवार से थे, जिसने राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिए बड़ा योगदान दिया। उनके पिता यदुवंश सहाय न केवल पलामू के अग्रणी स्वतंत्रता सेनानी थे, बल्कि संविधान सभा के सदस्य भी रहे। उनके बड़े भाई कृष्णनंदन सहाय 'बच्चन बाबू' भी स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय रहे थे।मोहन बाबू को पलामू के क्रांतिकारियों और स्वतंत्रता सेनानियों के इतिहास की गहरी जानकारी थी। वे इतिहासकारों और लेखकों के लिए एक जीवंत दस्तावेज माने जाते थे। हाल ही में वे वरिष्ठ पत्रकार प्रभात मिश्रा 'सुमन' द्वारा लिखित पुस्तक 'पलामू के क्रांतिकारी' के लोकार्पण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए थे।वे अपने अंतिम दिनों तक सक्रिय रहे। मात्र दस दिन पूर्व उन्होंने संविधान सभा में बिहार के प्रतिनिधियों की भूमिका पर चर्चा की थी। उनके निधन से क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त है।मोहन बाबू अपने पीछे एक भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं, जिनमें उनके दो पुत्र संजय सहाय और सुधीर सहाय, पुत्री माला सहाय, पुत्रवधू, दामाद, नाती-नतिनी और पौत्र-पौत्री शामिल हैं। उनका अंतिम संस्कार सोमवार, 20 अक्टूबर को किया जाएगा।

## ज़ेनिथ फ्यूचर पब्लिक स्कूल में शिक्षा संगठनों का सम्मान समारोह




**मेदिनीनगर।** ज़ेनिथ फ्यूचर पब्लिक स्कूल, कन्नीराम चौक में शनिवार को विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव की व्यक्तिगत पहल पर बधाई-सह-सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर एसोसिएशन के संरक्षक अविनाश कुमार वर्मा और सचिव सतीश अग्रवाल को आरटीई 2019 नियमावली से जुड़े पूर्व आदेश पर हाईकोर्ट द्वारा लगाए गए स्थगन आदेश (स्टे) में उनकी अहम भूमिका के लिए सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं स्वागत-गान से हुआ। प्रधानाचार्य श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में इसे शिक्षा जगत के प्रति कृतज्ञता की अभिव्यक्ति बताया और कहा कि साझा प्रतिबद्धता से ही न्यायिक प्रक्रिया में सफलता मिली है। संरक्षक अविनाश वर्मा ने निजी विद्यालयों की स्वायत्तता एवं गरिमा की रक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताया। सचिव सतीश अग्रवाल ने एकता को शक्ति का प्रतीक मानते हुए कहा कि गुणवत्ता और पारदर्शिता बनाए रखना संगठन का लक्ष्य है। कोषाध्यक्ष आनंद कुमार ने वित्तीय अनुशासन और पारदर्शिता की अहमियत बताई जबकि वरिष्ठ उपाध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल ने शिक्षा और व्यापार के सहयोगी दायित्व को रेखांकित किया।मंच संचालन वंदना सिन्हा ने तथा धन्यवाद ज्ञापन सुदामा प्रसाद ने किया। कार्यक्रम में शिक्षक और एसोसिएशन के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## जोड़ा खुर्द में रेड क्रॉस ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

- 80 ग्रामीणों की हुई जांच, दवा और परामर्श दोनों मुफ्त में दिए गए

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** रविवार को पाटन प्रखंड के राजकीय नवसृजित उत्क्रमित मध्य विद्यालय जोड़ा खुर्द में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, पलामू के तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।इस शिविर में लगभग 80 स्थानीय लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई और उन्हें निःशुल्क दवाएं प्रदान की गईं।शिविर में रेड क्रॉस पलामू के सचिव डॉ. सत्यजीत गुप्ता, कोषाध्यक्ष सुधीर कुमार सिंह, जितेंद्र सिंह, विश्वजीत गुप्ता, प्रसेनजीत दास गुप्ता, राजेश्वर सिंह और नवनीत कुमार उपस्थित थे। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पाटन की ओर से डॉ. रंजन कुमार कुशवाहा एवं उनकी टीम ने अपनी सेवाएं दीं।कार्यक्रम में रेड क्रॉस के पदाधिकारियों के साथ पाटन प्रखंड के पूर्व जिला परिषद सदस्य मुक्तेश्वर पांडे और पुलिस निरीक्षक अनिल कुमार सिंह भी शामिल हुए। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि गांवों में ऐसे शिविर नियमित रूप से लगाए जाने चाहिए।

## सरकारी अस्पतालों में मेडॉल की जांच सेवा बंद, बढ़ी मरीजों की परेशानी

- अनुबंध की अवधि पूरी, नए करार के अभाव में ठप हुई कई तरह की जांच

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड के सरकारी अस्पतालों में मरीजों को सस्ती और सुलभ जांच सुविधा देने वाली मेडॉल कंपनी की सेवा 15 अक्टूबर से बंद हो गई है। राज्य सरकार और मेडॉल के बीच दस वर्षों का अनुबंध समाप्त हो गया है, जिसका अब तक नवीनीकरण नहीं हो सका है। परिणामस्वरूप पलामू सहित पूरे राज्य के सरकारी अस्पतालों में पैथोलॉजिकल और डायग्नोस्टिक जांच सुविधाएं ठप पड़ी हैं।मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एमएमसीएच) में मेडॉल द्वारा लगभग चार हजार तरह की जांचें की जाती थीं, जिनमें ब्लड, बायोकेमिकल और पैथोलॉजिकल जांच शामिल थीं। कंपनी लाल कार्डधारी और बीपीएल परिवारों को निशुल्क जांच सुविधा देती थी, जबकि एपीएल मरीजों से सीजीएचएस दर पर शुल्क वसूल किया जाता था। सेवा बंद होने से गरीब और मध्यम वर्गीय मरीजों पर वित्तीय बोझ बढ़ गया है।अस्पताल में जांच बंद होने से निजी जांच केंद्रों का दबदबा बढ़ने की आशंका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अब मरीजों को अस्पताल परिसर में मौजूद दलालों के माध्यम से निजी जांच घरों पर निर्भर रहना पड़ेगा।एमएमसीएच स्थित मेडॉल के प्रबंधक नीरज तिवारी ने बताया कि 10 वर्ष पूर्व झारखंड सरकार के साथ हुए अनुबंध की अवधि पूरी हो गई है। सरकार की ओर से अब तक नई कंपनी को अनुबंध देने या मौजूदा करार के नवीनीकरण पर निर्णय नहीं लिया गया है।अस्पताल अधीक्षक डॉ. अजय कुमार ने बताया कि प्रशासन ने मेडॉल प्रबंधन को पत्र भेजा है और वैकल्पिक व्यवस्था पर काम शुरू कर दिया गया है ताकि मरीजों को निजी जांच केंद्रों का सहारा न लेना पड़े। फिलहाल सरकारी अस्पतालों में जांच व्यवस्था पूरी तरह ठप है, जिससे गरीब मरीजों की परेशानी बढ़ गई है।

## नगर निगम की लापरवाही से सुदना में पानी की बर्बादी चरम पर



- टूटी पाइपलाइन से एक हफ्ते से बह रहा हजारों लीटर पानी, अधिकारी चुप

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आजाद नगर, सुदना में नगर निगम की घोर लापरवाही के कारण पिछले एक सप्ताह से जल आपूर्ति पाइपलाइन से लगातार हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह रहा है। भाजपा नेता और सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता किशोर कुमार पांडेय ने इस मामले पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि नगर निगम की निष्क्रियता जल संकट को जन्म दे रही है, जबकि अधिकारी मूकदर्शक बने बैठे हैं। स्ट्रीट लाइट लगाने के दौरान पाइपलाइन को नुकसान पहुंचा था, लेकिन अब तक उसकी मरम्मत नहीं कराई गई है। हर दिन पानी का भारी नुकसान हो रहा है, जिससे स्थानीय लोग गंदगी, फिसलन और जलजमाव की समस्या से जूझ रहे हैं। पांडेय ने नगर निगम से तुरंत कार्रवाई की मांग की है और कहा है कि जिम्मेदार अधिकारियों पर जवाबदेही तय की जानी चाहिए।अ स्थानीय नागरिकों का कहना है कि दीवाली और छठ जैसे बड़े त्योहारों के समय भी नगर निगम पूरी तरह लापता है। इलाके में बदबू, गंदगी से जनजीवन प्रभावित हो रहा है, लेकिन प्रशासन आंखें मूंदे बैठा है। लोगों ने मांग की है कि तुरंत पाइपलाइन की मरम्मत कराकर पानी की बर्बादी रोकी जाए और त्योहारों को देखते हुए क्षेत्र में सफाई की समुचित व्यवस्था की जाए।

## ऑनलाइन करियर मार्गदर्शन सत्र, छात्रों को डॉ. रश्मि ने दी सफलता के सूत्र

**नवीन मेल संवाददाता**

- राधा गोविंद विश्वविद्यालय की कुलपति ने कहा- कौशल विकास और रुचि आधारित शिक्षा ही भविष्य की कुंजी

**मेदिनीनगर।** राजकीयकृत सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय, सतबरवा में शनिवार को जूम अनुप्रयोग के माध्यम से ऑनलाइन मार्गदर्शन सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राधा गोविंद विश्वविद्यालय, रामगढ़ की कुलपति डॉ. रश्मि मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं।अपने संबोधन में डॉ. रश्मि ने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा न केवल व्यक्ति और समाज के विकास का माध्यम है, बल्कि यह राष्ट्रीय एकता और आधुनिकीकरण को भी सशक्त बनाती है।

उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि वे अपनी रुचि के अनुसार विषय चुनें और उससे संबंधित पुस्तकों व नोट्स से गहन अध्ययन करें।डॉ. रश्मि ने कहा कि आधुनिक समय में अपने कौशल को निखारना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस) जैसी तकनीकें पारंपरिक नौकरियों को तेजी से बदल रही हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को सुझाव दिया कि संगणक विज्ञान (कंप्यूटर साइंस) में रुचि रखने वाले छात्र बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी (सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग), बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन या मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन जैसे पाठ्यक्रम चुन सकते हैं।

सत्र में नमन पाठक, चांदनी प्रवीण, श्याम गुप्ता, सना आफरीन और ऋषभ कुमार सहित कई छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और अपने प्रश्न रखे। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन विद्यालय के भौतिक शास्त्र शिक्षक अभिषेक कुमार तिवारी ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक सत्य प्रकाश शर्मा, राम रक्षा प्रसाद, दिलीप प्रसाद, मुकेश तिवारी, नरेंद्र राम, रवि रंजन कुमार और राहुल जायसवाल समेत अन्य उपस्थित रहे।

### कुण्डेलवा में काली पूजा पर रामलीला का आयोजन

# राम के जीवन से सीख लेने की जरूरत : अविनाश देव

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के कुण्डेलवा गांव में काली पूजा के अवसर पर रामलीला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अविनाश देव शामिल हुए। पूजा कमिटी के सदस्यों ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। देवीधाम में नारियल फोड़ा गया और पूजा की गई। रामदरबार की झांकी की आरती कर उसका लोकार्पण किया गया।

मुख्य अतिथि ने संबोधन में कहा कि राम का नाम शरीर के हर अंग में बसा हुआ है। उन्होंने कहा कि राम ने हर भूमिका में धर्म का पालन किया। राम ने वनवास स्वीकार किया, विवाह में उम्र और कुल की परवाह नहीं की और जीवन भर मर्यादा में रहे। उन्होंने कहा कि दीपावली राम के अयोध्या लौटने की स्मृति में मनाई जाती है।

उन्होंने लोगों से कहा कि राम के आदर्शों का पालन करें और उन्हें राजनीतिक विषय न बनाएं। साथ ही यह भी कहा कि धनतेरस पर लोग ज्ञान और स्वास्थ्य से जुड़ी चीजें खरीदें और बेटियों की सुरक्षा का संकल्प लें।

कार्यक्रम में पूजा कमिटी के अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी, उपाध्यक्ष धनंजय प्रजापति, सचिव राजू सिंह, उप सचिव सर्केंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष चंदन यादव, उप कोषाध्यक्ष उग्रिम यादव सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।




# विश्रामपुर विधायक ने किया सतबहिनी छठ घाट का निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**



**कांडी।** विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सह सतबहिनी झरना तीर्थ एवं पर्यटन स्थल विकास समिति के अध्यक्ष नरेश प्रसाद सिंह ने रविवार को छठ महापर्व की तैयारियों को लेकर सतबहिनी छठ घाट का निरीक्षण किया। उन्होंने समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर पर्व आयोजन से जुड़े सभी बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की।विधायक सिंह ने स्थल भ्रमण के दौरान सभी घाटों की सफाई, मेला मैदान व घाटों पर टेंट और पर्याप्त रोशनी, तथा पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को आवागमन में सहूलियत देने के लिए नदी में स्नान व अर्घ्य के लिए एक अतिरिक्त अस्थायी सीढ़ी का निर्माण कराया जाएगा।उन्होंने बताया कि छठ व्रत के दौरान लाखों श्रद्धालु सतबहिनी झरना पहुंचते हैं, ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंध रहनी चाहिए। इसको लेकर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती का निर्णय लिया गया है। थाना प्रशासन को इसकी सूचना देने तथा समिति के वॉलेंटियरों को भी सुरक्षा में सहयोग देने का निर्देश दिया गया।विधायक ने यह भी कहा कि सभी मंदिरों में पुजारियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, ताकि व्रतियों को पूजा-अर्चना में किसी प्रकार की असुविधा न हो, विशेषकर सूर्य मंदिर और भगवती मंदिर में सभी व्यवस्था दुरुस्त रहे।निरीक्षण एवं बैठक के दौरान समिति सचिव मुरलीधर मिश्र, विधायक प्रतिनिधि अतीस सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष अरुण सिंह, विभूति नारायण द्विवेदी, नवल किशोर तिवारी, असर्फी सिंह, धनंजय सिंह, निरंजन सिंह, अखिलेश सिंह, ध्रुव कुमार पाण्डेय, बटेश्वर सिंह, विनोद कुमार सिंह, शंभुनाथ सिंह, मुखिया प्रतिनिधि अरुण राम, रघुनंदन राम, रमेश तिवारी, कृष्णा शर्मा, जयकृष्ण विश्वकर्मा, प्रमोद कुमार सिंह, देवी दयाल राम, सुखदेव साव, जयकिशुन राम, अखिलेश प्रसाद गुप्ता, राम ध्यान साव व दिलीप कुमार पांडेय सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## धनतेरस पर स्वदेशी वस्तुओं की हुई खरीदारी

**मेराल।** धनतेरस और दीपावली त्योहार पर बाजार में दिन भर चहल-पहल रहा। व्यवसाई लोग सुबह से ही अपने दुकानों को सजाने में लग रहे। प्रखंड क्षेत्र के लोगों का पूरे दिन बाजार में सामान खरीदारी के लिए तांता लग रहा। इस बार के त्यौहार में स्वदेशी उत्पादों को खरीदने के लिए लोगों का रुझान देखा गया। इस बार का धनतेरस त्योहार के अवसर पर सोना, चांदी की दुकानों में महंगे होने के कारण लोगों की खरीदारी कम करते देखा गया। बाजार में झाड़ू, नमक, बर्तन, मूर्तियां, मिट्टी का दिया, कपास आदि जैसी पारंपरिक वस्तुओं की खूब बिक्री हुई। इसके साथ ही दीपावली को लेकर इलेक्ट्रॉनिक सामान झालर, लाइटिंग, फूल माला और सजावटी वस्तुओं को भी काफी खरीदारी हुई। बाजार में शाम के समय रोशनी और झालरों से जगमगाता रहा। मिठाई और खिलौने की दुकानों पर भी काफी भीड़ रही। बाजार में अनुमानित राशि लगभग करोड़ों रुपए की खरीदारी हुई।

## दीपावली की पूर्व संध्या पर खरीददारों से बाजार रहा गुलजार, पुलिस प्रशासन मुस्तैद



**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** रविवार को दीपावली की पूर्व संध्या पर रमना बाजार ख़रीदारों से गुलजार रहा,दीपावली पूजा की तैयारी को लेकर लोग खरीददारी में व्यस्त रहे। दीपावली पूजा की विधि व्यवस्था को लेकर के रमना बाजार में पुलिस प्रशासन के द्वारा हर चौक चौराहे पर सुरक्षा बलों की तैनाती की गई जो यातायात को संचालित करने में व्यस्त रहे बाजार के दिन एवं दीपावली के पूर्व संध्या पर पूरे बाजार में दोपहर के बाद से ही खरीदारों की भीड़ उमड़ पड़ी। दुकानदारों के द्वारा देवी देवताओं के फोटो, कृतिम माला एवं तरह-तरह के घरों के सजाने के लिए सामग्री का स्टॉल लगाया गया था। स्टालों के सजावट अनायास ही लोगों को अपनी और आकर्षित कर रहे थे। देवी देवताओं के तस्वीर एवं मूर्ति के साथ ही लोग दीपावली के लिए पूजा सामग्री एवं मिठाई का खरीदारी में व्यस्त थे।नागरिकों को किसी भी प्रकार का कोई समस्या उत्पन्न न हो इसके लिए पुलिस बल हर प्रकार से तैयार था,यातायात जाम ना हो इसके लिए चौक चौराहा पर कोई भी छोटी या बड़ी वाहन को पुलिस बल द्वारा खड़ा करने से मना किया जा रहा था और उन्हें चौक चौराहा से दूर जाकर के यात्री को चढ़ाने एवं उतारने के लिए विशेष हिदायत दिया गया था।

## फरार आरोपी के घर सदर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**मेदिनीनगर।** सदर थाना पुलिस ने रविवार को नावाबाजार निवासी नामजद फरार आरोपित इरफान अंसारी के घर पर न्यायालय के आदेशानुसार इश्तेहार चिपकाया। पुलिस ने उसे शीघ्र आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी है। सदर थाना प्रभारी लाल जी ने बताया कि इरफान अंसारी सदर थाना क्षेत्र में दर्ज एक गंभीर आपराधिक मामले में आरोपित है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयासरत है। कई बार छापेमारी की गई, लेकिन हर बार वह पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। थाना प्रभारी ने कहा कि इस संबंध में न्यायालय में रिपोर्ट सौंपी गई थी। इसके बाद कोर्ट के आदेश पर रविवार को उसके घर इश्तेहार चिपकाया गया। स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि यदि इरफान अंसारी शीघ्र थाने में आत्मसमर्पण नहीं करता है, तो अगली कार्रवाई के तहत उसकी चल-अचल संपत्ति की कुर्की-जब्ती की जाएगी।

# धनतेरस पर हुई जमकर खरीदारी, एक करोड़ से अधिक का हुआ कारोबार



**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** प्रखंड क्षेत्र में शनिवार को धनतेरस के अवसर पर बाजारों में जबरदस्त रौनक देखने को मिली। दिनभर लोगों ने जमकर खरीदारी की, जिससे करीब एक करोड़ रुपये से अधिक के कारोबार का अनुमान लगाया जा रहा है। सबसे अधिक भीड़ हीरो और टीवीएस बाइक एजेंसी में देखने को मिली। बंशीधर हीरो एजेंसी के प्रो. मनीष कुमार ने बताया कि इस बार धनतेरस की बिक्री रिकॉर्ड स्तर पर रही। दो दिनों में हीरो कंपनी के विभिन्न मॉडल की 111 बाइकें बिकीं, जिनमें 2 लाख 70 हजार रुपये की करिज्मा जेडएमआर बाइक भी शामिल रही। सुबह से ही बाजारों में रौनक शुरू हो गई थी जो देर रात तक बनी रही। सड़कों पर पैदल चलना मुश्किल हो गया था। इलेक्ट्रॉनिक सामान, मोबाइल फोन, सोना-चांदी के आभूषण, सिक्के, गणेश-लक्ष्मी की प्रतिमाएं, और बर्तनों की खरीदारी ने बाजार को गुलजार कर दिया। विशेषकर महिलाओं में स्टील के बर्तन, डिनर सेट, थालियां, कप सेट, थर्मस और पूजा की थालियों की खूब मांग रही। आभूषण दुकानदारों ने बताया कि भले ही भीड़ अन्य वर्षों की तुलना में थोड़ी कम रही, लेकिन बिक्री संतोषजनक रही। वहीं वाहन एजेंसियों में ग्राहकों की भीड़ से पैर रखने की जगह नहीं थी। कुल मिलाकर धनतेरस का दिन भवनाथपुर के व्यापारियों और ग्राहकों दोनों के लिए खुशियां लेकर आया।

# केतार में डिग्री कॉलेज की मांग तेज़ शिक्षा से वंचित हो रहे सैकड़ों छात्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार (गढ़वा)।** केतार प्रखंड में डिग्री कॉलेज की अनुपस्थिति यहां के छात्र-छात्राओं के लिए उच्च शिक्षा की राह में सबसे बड़ी बाधा बन गई है। प्रखंड में डिग्री कॉलेज नहीं होने के कारण हर साल इंटरमीडिएट के बाद सैकड़ों छात्र आगे की पढ़ाई से वंचित हो जाते हैं। यहां के छात्र-छात्राओं को 15 से 40 किलोमीटर दूर भवनाथपुर या नगर उंटारी स्थित निजी कॉलेजों में जाना पड़ता है, जो हर किसी के लिए संभव नहीं है, खासकर आर्थिक रूप से कमजोर तबकों के लिए। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रतिदिन आने-जाने में 100 रुपए से 200 रुपए तक खर्च होता है, जो एक सामान्य परिवार के लिए भारी बोझ है। संपन्न परिवार तो अपने बच्चों को शहरों में भेज देते हैं, लेकिन गरीब परिवारों के बच्चे संसाधनों के अभाव में पढ़ाई छोड़ने को मजबूर हो जाते हैं। सबसे बड़ी मार लड़कियों पर पड़ रही है। लंबी दूरी और सुरक्षा कारणों से कई बार अभिभावक उन्हें आगे पढ़ने की अनुमति नहीं दे पाते। इससे कई होनहार बेटियों की पढ़ाई अधूरी रह जाती है।

### चार से पांच सौ छात्र पास करती है हर साल इंटर की परीक्षा



समाजसेवी पंकज सिंह ने कहा केतार प्रखंड में दो 10+2 उच्च विद्यालय हैं, जिनमें से छाताकुड़ विद्यालय को हाल ही में इंटरमीडिएट का दर्जा मिला है, लेकिन अभी तक यहां शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हो पाई है। दूसरे विद्यालय परसोडीह में हर साल लगभग 300 छात्र इंटर पास करते हैं। इसके बावजूद डिग्री कॉलेज की सुविधा नहीं होना प्रशासनिक उदासीनता को दर्शाता है।

### जनप्रतिनिधियों पर सवाल



मेरौनी गांव निवासी आलोक तिवारी ने कहा कि "यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इतने वर्षों बाद भी केतार जैसे क्षेत्र में डिग्री कॉलेज नहीं खुला है। डिग्री कॉलेज नहीं होने के कारण छात्र-छात्राओं को दुसरे स्थानों पर नामांकन करना पड़ता है।जनप्रतिनिधि सिर्फ चुनाव के समय इस मुद्दे को उठाते हैं और फिर भूल जाते हैं।



**समाजसेवी डॉ. अनीश गुप्ता** का कहना है कि "डिग्री कॉलेज नहीं रहने से गरीब तबके के बच्चे शिक्षा से दूर हो रहे हैं। सरकार और जनप्रतिनिधियों को इस दिशा में ठोस कदम उठाने की जरूरत है। समाजसेवी पंकज सिंह ने कहा कि केतार में डिग्री कॉलेज नहीं होने से शिक्षा का स्तर गिर रहा है, लड़कियों की सुरक्षा भी एक बड़ा मुद्दा है। डिग्री कॉलेज बनने से यह समस्या काफी हद तक दूर हो जाएगी। समाधान की दिशा में कदम जरूरी केतार के लोगों की स्पष्ट मांग है कि प्रखंड मुख्यालय में एक सरकारी डिग्री कॉलेज की स्थापना हो। इससे न केवल स्थानीय छात्रों को उच्च शिक्षा का अवसर मिलेगा, बल्कि क्षेत्र में पलायन भी रुकेगा और बेटियों की शिक्षा में भी निरंतरता बनी रहेगी।यह अब केवल एक शैक्षणिक मुद्दा नहीं, सामाजिक न्याय का सवाल बन गया है।

# दीपों से जगमगाएगा मझिआंव बाजार स्वाभिमान के साथ मनाई जाएगी दिवाली

**नवीन मेल संवाददाता**



**मझिआंव।** प्रखंड एवं नगर पंचायत क्षेत्र में दीपावली पर्व की तैयारियां जोरों पर हैं। पूरे क्षेत्र में घरों की साफ-सफाई, पुताई और रंग-रोगन का दौर चल रहा है। लोग अपने घरों को नई रोशनी में नहाने को तैयार कर रहे हैं, वहीं बाजारों की रौनक देखते ही बन रही है। दुकानदार अपनी दुकानों को आकर्षक ढंग से सजा रहे हैं। कहीं झालरें लटक रही हैं तो कहीं रंग-बिरंगे मिट्टी के दीये और स्वदेशी सजावट सामग्री की चमक बाजार को दुल्हन की तरह सजा रही है। इस बार लोगों में "स्वदेशी अपनाओ" का जज़्बा भी साफ दिखाई दे रहा है। चाइनीज सामानों से दूरी बनाते हुए लोग मिट्टी के दीये, कपूर की बाती और देसी सजावट का सामान खरीद रहे हैं। बाजार में गूंज रही आवाज़ "मेरी बाती, मेरा दिया, मेरा स्वाभिमान" इस दिवाली को खास बना रही है। महिलाएं घरों को रंगोली और तोरण से सजा रही हैं, बच्चे दीयों की कतारें सजाने में जुटे हैं। दुकानदारों के चेहरों पर उत्साह झलक रहा है। मिठाइयों की दुकानों पर भी भीड़ देखी जा रही है। व्यावसायिक संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि इस बार बाजार में मिट्टी के दीयों, देसी झालरों और कुम्हारों के उत्पादों की मांग काफी बढ़ी है। लोग देशी उत्पादों को बढ़ावा दे रहे हैं ताकि "आत्मनिर्भर भारत" का संदेश दीपों की रोशनी के साथ घर-घर पहुंचे। इस दिवाली मझिआंव का बाजार न सिर्फ रोशनी से, बल्कि स्वदेशी भावना से भी जगमगाने वाला है।

## सामूहिक दीपदान : सैंकड़ों दीपों से जगमगा उठी दानरो नदी

**गढ़वा।** दीपावली की पूर्व संध्या पर आज शाम 6 बजे गढ़वा के सहीजना छठ घाट (दानरो नदी तट) पर सामूहिक दीपदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। गढ़वा के सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार की अगुवाई में यह सामूहिक आयोजन किया। जिले की समृद्धि, सुख-शांति एवं खुशहाली की कामना के साथ-साथ नदियों और जल स्त्रोतों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने हेतु सभी ने मंत्रोच्चार के बीच सामूहिक दीपदान किया। सामाजिक समरसता, सामूहिक समृद्धि और पर्यावरणीय जागरूकता को केंद्र में रखते हुए आयोजित इस कार्यक्रम में शहर के नागरिकों ने स्वैच्छिक सहभागिता निभाई। एसडीएम संजय कुमार ने कहा कि दीपावली केवल घरों में रोशनी का पर्व नहीं, बल्कि यह प्रकृति और समाज के प्रति आभार प्रकट करने का भी अवसर है। देश, शहर और समाज की समृद्धि की कामना करने का पर्व है। कहा कि हमें अपने जल स्त्रोतों, नदियों और पर्यावरण के प्रति संवेदनशील होना चाहिए।

# हनुमान जयंती पर रंका रघुनाथ अखाड़े ने निकली शोभायात्रा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रंका।** हनुमान जयंती पर रंका रघुनाथ अखाड़े से भगवान श्री राम और वीर बजरंगबली की शोभायात्रा निकली गई। निकल गई। शोभायात्रा हर वर्ष के भाती इस वर्ष भी भव्य निकाली गई। शोभायात्रा में हरी बोल के नारे से पूरा रंका प्रखंड गुंजायमान नजर आया। बताते चलें कि दीपावली के एक दिन पहले हर वर्ष रघुनाथ अखाड़े से महावीर झंडा के साथ हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर यह शोभायात्रा निकाली जाती है। जो इस वर्ष भी अखाड़े के महंत बलराम पांडे के अगुवाई में यह महावीरी झंडा के साथ शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में महावीर झंडा के साथ रंका प्रखंड के 14 हो पंचायत से ग्रामीण झंडा लेकर पहुंचते हैं। पूरे हर्सोल्लास के साथ यह शोभा यात्रा रंका रघुनाथ अखाड़े से रंका मुख्य बाजार, रंका सोनार मोहल्ला, रंका थाना मोड, रंका चौधरी मोहल्ला, रंका गढ़ एवं रघुनाथ अखाड़े में आकर यह शोभायात्रा समाप्त हो जाती है । उसके बाद यहां पर स्थानीय पहलवानों का दंगल प्रारंभ होती है जो काफी दूर-दूर से लोग इसे देखने के लेकर यहां पहुंचते हैं।

## जमीनी विवाद को लेकर मारपीट महिला गंभीर रूप से घायल

**नवीन मेल संवाददाता**



**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के बेलपहाड़ी गांव में जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला की पहचान आइसा बीबी पति हकीमुद्दीन अंसारी के रूप में की गई है। परिजनों ने बताया कि आइसा बीबी अपने खेत में धान काट रही थी, इसी दौरान गोतिया पक्ष के जाकिर अंसारी, हाफिज अंसारी सहित अन्य महिला-पुरुषों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद परिजनों ने 100 नंबर पर कॉल कर पुलिस से सहायता मांगी। सूचना मिलते ही भवनाथपुर थाना के एएसआई जगत बंधु महतो मौके पर पहुंचे और घायल महिला को भवनाथपुर सीएचसी में भर्ती कराया, जहां चिकित्सक डॉ. फैयाज अहमद द्वारा प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। फिलहाल महिला बेहोशी की हालत में बताई जा रही है। बताया जाता है कि पीड़िता के घर के सभी पुरुष सदस्य विदेश (मुस्लिम कंट्री) में कार्यरत हैं, घर पर केवल महिलाएं और वृद्ध ससुर रहते हैं। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

**श्रद्धा** केतार में लक्ष्मी पूजा की तैयारियां जोरों पर, कल होगी विधिवत पूजा

# मूर्ति निर्माण पूरी, स्थानीय श्रद्धालु सजावट व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लगे

**नवीन मेल संवाददाता**



केतार (गढ़वा): प्रखंड मुख्यालय एवं आसपास के क्षेत्रों में लक्ष्मी पूजा को लेकर जबरदस्त उत्साह दिखाई दे रहा है। केतार बाजार में पंडालों की सजावट और रोशनी का कार्य अंतिम पड़ाव पर है। केतार कोल मोड़ के पास दो स्थानीय मूर्तिकार दिन-रात मेहनत कर मां लक्ष्मी की प्रतिमा को कला एवं रंगो से सजा रहे हैं। उनका कहना है कि प्रतिमा निर्माण लगभग पूरा हो चुका है, केवल अंतिम रंग-रोगन एवं श्रृंगार बाकी है, जो आज रात तक पूरा कर लिया जाएगा। बच्चे और युवा पूजा को लेकर विशेष उत्साहित हैं। केतार के बाजार, गलियाँ एवं पूजा पंडाल रंगीन झालरों एवं लाइटिंग से जगमगाए जा रहे हैं। दुकानों में माता लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियों तथा पूजा सामग्री की खरीदारी भी तेज़ी से हो रही है। विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारियाँ भी जोरों पर हैं। स्थानीय प्रशासन एवं पूजा समितियों ने साफ-सफाई, जल व्यवस्था और विद्युत आपूर्ति को सुनिश्चित करने के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। संबंधित विभागों को इस बाबत सख्त निर्देश दिए गए हैं। कार्तिक अमावस्या के पावन अवसर पर, जो वर्ष 2025 में 20 अक्टूबर को है, शाम 7:08 से 8:18 बजे तक विधिवत पूजा-अर्चना की जाएगी। महिलाएं माता लक्ष्मी को भोग अर्पित कर रातभर दीप जलाकर समृद्धि की कामना करेंगी। केतार में यह पूजा न सिर्फ धार्मिक आस्था का केंद्र बल्कि सामाजिक आयोजन का माध्यम भी बन चुकी है। युवा पीढ़ी पंडाल सजावट, सुरक्षा व्यवस्था और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में सक्रिय भागीदारी निभा रही है, जिससे समुदाय में सौहार्द और एकता का संदेश फैल रहा है। केतार में लक्ष्मी पूजा की तैयारियां पूर्ण होने के साथ ही श्रद्धालु उत्साह व आस्था के साथ महापर्व की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

## संगवरिया गांव में बिजली आपूर्ति किया गया बहाल

**मेराल।** प्रखंड क्षेत्र के सोहबरिया गांव के निमियाखांड टोला में कई महीनों से बिजली बाधित रहने पर लोग अंधेरे में रहने पर मजबूत थे। इसकी सूचना कुछ दिनों पहले निमियाटाड़ टोला के लोगों ने विधायक प्रतिनिधि डॉक्टर लालमोहन को दिया था। जिस पर विधायक प्रतिनिधि ने विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी को इस मामले के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराया। जिस पर विधायक तिवारी ने बिजली विभाग को बिजली बहाल करने का निर्देश दिया इसके बाद विभाग की ओर से इस पर पहल कर रविवार को कई महीनों से बाधित बिजली को आपूर्ति शुरू कर दिया है। जिसका विधायक प्रतिनिधि डॉक्टर लालमोहन ने फीता काटकर एवं ट्रांसफार्मर में स्विच ऑन कर बिजली आपूर्ति का शुरूआत किया।

# दीपावली की तैयारियां पूर्ण, शहर में उल्लास व उत्साह का माहौल

● बाजारों में उमड़ी भीड़, मिठाइयों और सजावटी सामान की खरीदारी में दिखा उत्साह

नवीन मेल संवाददाता





**लातेहार।** दीपों का पर्व दीपावली को लेकर पूरे शहर में उल्लास और उत्साह का माहौल है। सोमवार को मनाए जाने वाले इस पावन पर्व की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। रविवार को पूरे दिन बाजारों में खरीदारी को लेकर जबरदस्त रौनक देखी गई। मिठाई दुकानों से लेकर सजावट और इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं की दुकानों तक खरीदारों की भीड़ लगी रही। लोग मिट्टी के दीये, झालर, मोमबत्तियां, रंगोली सामग्री और उपहार वस्तुएं खरीदते नजर आए।बच्चों में पटाखों को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। जगह-जगह पटाखों की अस्थायी दुकानें सज गई हैं, जहां देर शाम तक खरीददारों की भीड़ उमड़ती रही। सोना-चांदी की दुकानों में भी ग्राहकों का तांता लगा रहा। वहीं घर-घर में सफाई, रंगाई-पुताई और सजावट का कार्य पूरा कर लोग दीपावली की रात का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।प्रशासन ने पर्व को लेकर सुरक्षा और स्वच्छता की पुख्ता तैयारियां की हैं। शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर पुलिस बल की तैनाती की गई है और यातायात व्यवस्था पर भी विशेष निगरानी रखी जा रही है।दीपों की जगमगाहट से लातेहार शहर रोशन हो उठा है और लोग मां लक्ष्मी व भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की तैयारी में जुटे हैं, ताकि घरों में सुख, शांति और समृद्धि का प्रकाश फैले।

## अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो घायल, रिम्स रेफर

**लातेहार।** शहर में शनिवार को देर शाम दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल है। पहली घटना शनिवार रात करीब साढ़े आठ बजे लातेहार प्रखंड कार्यालय के पास एनएच-39 पर एक अज्ञात अल्टो कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में लोहरदगा के घाटा गगया गांव निवासी शासन टोप्पो गंभीर रूप से घायल हो गए। वे गढ़वा जिले के रमना स्थित एसबीआई बैंक में सुरक्षा गार्ड के पद पर कार्यरत हैं। छुट्टी के बाद वह अपने घर लौट रहे थे। टक्कर के बाद कार मौके से फरार हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से शासन टोप्पो को 108 एंबुलेंस से लातेहार सदर अस्पताल पहुंचाया गया। उनका दाहिना पैर टूट गया है। वहीं उनकी बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। दूसरी घटना सदर थाना क्षेत्र के डुरुवा गांव निवासी कैलाश राम मालगाड़ी की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में उनका एक पैर टूट गया। घटना की जानकारी मिलते ही सांसद प्रतिनिधि डॉ. चन्दन कुमार सिंह और पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष नवीन कुमार सिन्हा उर्फ रिंकू लाल सदर अस्पताल पहुंचे और इलाज की समुचित व्यवस्था कराई। डॉक्टरों ने घायल की स्थिति को देखते हुए उन्हें रांची रिम्स रेफर कर दिया।

## तारपीन का तेल पीने से 20 माह के बच्चे की मौत



नवीन मेल संवाददाता

**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बड़का बालूमाथ में तारपीन का तेल पीने से एक 20 माह के बच्चे रितिक, राज पिता बैद्यनाथ गंझू की मौत हो गई। घाट के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बच्चे की मां बच्चों को जमीन में बैठ कर दिवाली पूजा को लेकर घर की साफ सफाई कर रही थी।वहीं जमीन पर खिड़की दरवाजे में पेंट में उपयोग किए जाने वाले तारपीन का तेल रखा हुआ था, जहां पास में बच्चा बैठा हुआ था। इधर पूरा परिवार घर की सफाई में व्यस्त था। बच्चा तारपीन के तेल के पास पहुंचा और पानी समझकर उसे पी गया। जब मां की नजर पड़ी और बच्चे की तबीयत बिगड़ने लगी तो मां फूट फूट कर लो रोने लगी। वहीं आनंन-फानन फानन में मां ने बच्चे को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार ने प्राथमिक उपचार कर रिम्स रेफर कर दिया। वहीं रिम्स जाने के क्रम में रास्ते में ही बच्चे की मौत हो गई।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता




**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित विद्या विकास समिति झारखंड द्वारा संचालित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शनिवार को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ भैया एवं बहनों के द्वारा दीपोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पलामू विभाग के माननीय विभाग संघचालक जानकी नंदन राणा एवं प्रधानाचार्य जितेन्द्र राम नें मां सरस्वती, ओउम् एवं भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भैया, बहनों में भारतीय संस्कृति, परंपरा और त्यौहारों के प्रति श्रद्धा उत्साह एवं रचनात्मकता की भावना को विकसित करना था। भैया एवं बहनों ने अपने कक्षा को रंग-बिरंगे फूलों, आकर्षक रंगोली, सुंदर दीवार सजावट से पूरे विद्यालय परिसर को मनमोहक बना दिया। कक्षा अरुण, उदय के भैया, बहनों ने दीप सजाकर कार्यक्रम को आकर्षक बना दिया। कार्यक्रम में भैया, बहनों ने छठ महापर्व की झांकी प्रस्तुति की। तथा कक्षा तृतीय के भैया, बहनों ने भगवान राम, माता जानकी, भैया लक्ष्मण एवं पवन पुत्र हनुमान जी की भी झांकी प्रस्तुत की। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कक्षा चतुर्थ, द्वितीय स्थान कक्षा सप्तम एवं तृतीय स्थान कक्षा प्रथम द्वितीय समूह को प्राप्त हुआ।इस कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पलामू विभाग के माननीय विभाग संघचालक जानकी नन्दन राणा एवं प्रधानाचार्य जितेन्द्र राम थे। पलामू विभाग संघचालक जानकी नंदन राणा ने सभी भैया, बहनों को कार्यक्रम के लिए सराहना की। कार्यक्रम में सभी भैया एवं बहनों तथा अभिभावक बंधु, भगिनी को दीपावली एवं छठ पूजा की अग्रिम शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के सफल संचालन में आचार्य शशि कुमार सिंह, वीणा देवी, लक्ष्मण राम, नीतीश कुमार ठाकुर, खुशबू कुमारी, वंदना सिन्हा, सोनाली कुमारी, किरण देवी, सपना कुमारी, सुमन कुमारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## हंटरगंज में दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की मौत, ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

नवीन मेल संवाददाता



**चतरा।** हंटरगंज प्रखंड के होसिल गांव के समीप रविवार सुबह एक सड़क दुर्घटना ने दीपावली की खुशियां मातम में बदल दीं। संतोष यादव के 19 वर्षीय पुत्र राकेश कुमार अपने नानी घर प्रतापपुर कारूडीह से वापस अपने घर आ रहा था। इसी दौरान जोरी की तरफ से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी और चालक भाग गया। गंभीर रूप से घायल युवक को स्थानीय लोगों ने तुरंत स्वास्थ्य केंद्र जोरी पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने हालत नाजुक देखते हुए सदर अस्पताल के लिए रेफर किया।लेकिन 108 एम्बुलेंस की अनुपलब्धता के कारण परिजन उसे निजी वाहन से सदर अस्पताल ले गए। वहां से भी चिकित्सकों ने गंभीर हालत के कारण हजारीबाग शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया, लेकिन रास्ते में ही राकेश कुमार ने दम तोड़ दिया। इस घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे।मृत्यु की खबर से आक्रोशित ग्रामीणों ने जोरी स्वास्थ्य केंद्र के पास चतरा-डोभी मुख्य मार्ग को जाम कर दिया और फरार वाहन चालक की गिरफ्तारी व मुआवजे की मांग की। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही पर भी नाराजगी जताई।स्थानीय पुलिस ने फ़रार वाहन की तलाश तेज कर दी है और सीसीटीवी कैमरों की मदद से वाहन की पहचान करने का प्रयास कर रही है। वशिष्ठ नगर थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह और हंटरगंज बीडीओ निखिल गौरव भी घटनास्थल पर पहुंचे और लोगों को शांत कराने का प्रयास किया।यह दुर्घटना स्थानीय लोगों के लिए बड़ी चिंता का विषय बनी हुई है, खासकर जब सुरक्षा व्यवस्था और एम्बुलेंस सेवा में कमियां सामने आई हैं। प्रशासन से कहा जा रहा है कि ऐसी लापरवाही की पुनरावृत्ति न हो इसलिए तत्काल सुधार करें।इस दर्दनाक हादसे ने यह भी सार्वजनिक किया कि ग्रामीण इलाकों में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने की आवश्यकता है, ताकि ऐसी घातक घटनाओं को रोका जा सके।

## छठ व्रतियों की सेवा ही है सच्ची आस्था : मोनी गुप्ता

● व्रतियों को लगत मूल्य से आधे दर पर दूध,नि:शुल्क ईख,प्रसाद पैकेट की दी जाएगी सुविधा

नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर चंदवा बाजार में श्रद्धा और तैयारी का माहौल चरम पर है। इसी कड़ी में युवा व्यवसायी एवं प्रतिष्ठित अन्नपूर्णा बीज भंडार के प्रोप्राइटर अंकित कुमार सह प्रोपराइटर मोनी गुप्ता द्वारा लगातार छठे वर्ष भी छठ व्रतियों की सेवा में निष्ठा और श्रद्धा के साथ योगदान दिया जा रहा है। अन्नपूर्णा बीज भंडार की ओर से इस वर्ष भी व्रतियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पूजन सामग्री पैकेट, ईंख, झोला-थैला और खीर-भोजन हेतु दूध की विशेष व्यवस्था की गई है। संस्था द्वारा इन वस्तुओं को लागत मूल्य से आधे दाम पर एवं कई सुविधाओं को निःशुल्क किया गया है, ताकि अधिक से अधिक व्रती इसका लाभ उठा सकें। अंकित कुमार व मोनी गुप्ता ने बताया कि छठ व्रतियों की सेवा ही सच्ची आस्था की अभिव्यक्ति है। इसी भावना के तहत इस बार 24 अक्टूबर को 101 व्रतियों को निःशुल्क पूजन सामग्री पैकेट (सफेद एवं लाल गेहूं सहित) उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं 26 अक्टूबर को बुध बाजार स्थित अन्नपूर्णा बीज भंडार प्रांगण, भुषाढ़ छठ घाट और नगर छठ घाट पर सुबह आठ बजे से निःशुल्क ईंख (केतारी) वितरण किया जाएगा। साथ ही छठ व्रतियों के लिए खीर-भोजन प्रसाद हेतु पैकेट दूध मात्र 30 रुपए प्रति लीटर के रियायती दर पर उपलब्ध रहेगा। दूध वितरण की व्यवस्था 26 अक्टूबर की सुबह आठ बजे से की जाएगी। दूध की अग्रिम बुकिंग के लिए अन्नपूर्णा बीज भंडार, बुध बाजार चंदवा, सुरभि स्टोर (हिंदुस्तान साइकल के बगल में), न्यू फैशन मोबाइल (इंदिरा गांधी चौक) और राजलक्ष्मी हार्डवेयर (जिला परिषद मार्केट कॉम्प्लेक्स के सामने) को संपर्क स्थल के रूप में निर्धारित किया गया है। बुकिंग की प्रक्रिया 15 अक्टूबर से प्रारंभ कर दी गई है। इसके अलावा 28 अक्टूबर को देवनद तट स्थित छठ घाट पर प्रातःकालीन दूसरे अर्घ्य से पूर्व 201 व्रतियों को विशेष झोला-थैला निःशुल्क प्रदान किया जाएगा। अन्नपूर्णा बीज भंडार ने छठ व्रतियों से अपील की है कि इस सहयोग को स्वीकार कर संस्था को पुनः सेवा का अवसर प्रदान करें। इस आयोजन की जानकारी प्रोप्राइटर अंकित कुमार एवं सह प्रोप्राइटर मोनी गुप्ता द्वारा साझा की गई है।

## छात्राओं की कला से सजी रंगोली व दीप प्रतियोगिता डॉ. पवन ने जताई सांस्कृतिक शिक्षा की अहमियत



● शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल में दीपावली कार्यक्रम आयोजित, बच्चों ने दी मनोहारी प्रस्तुतियां

नवीन मेल संवाददाता

**बेतला (लातेहार)।** बरवाडीह स्थित शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल में 'रंगोली और दीप बनाओ प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया, जिसमें नर्सरी से दसवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। बच्चों ने अपनी कला के रंग बिखेरते हुए आकर्षक रंगोलियां बनाई और मिट्टी के दीयों पर नक़्क़ाशी कर अपनी सृजनात्मकता प्रस्तुत की। स्कूल निदेशक डॉ. पवन कुमार ने कहा कि केवल किताबी ज्ञान ही नहीं, बल्कि कला, संस्कृति और परंपरा से जुड़ाव भी आवश्यक है। इस कार्यक्रम में दीपावली के सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला गया।

**सांस्कृतिक जागरूकता व भक्ति भावना के विकास के उद्देश्य से हुआ आयोजन**

## सरस्वती विद्या मंदिर में छठ महापर्व की भव्य झांकियां, छात्राओं ने दी मनमोहक प्रस्तुति

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार में आगामी छठ महापर्व के अवसर पर शनिवार को कक्षा छह से दसवीं तक की छात्राओं द्वारा भव्य झांकियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं में सांस्कृतिक चेतना, भक्ति भाव और पारंपरिक मूल्यों के प्रति सम्मान विकसित करना था।विद्यालय की छात्राओं ने सूर्य उपासना और प्रकृति के महत्व को झांकियों के माध्यम से बड़े ही सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया। गीत-संगीत और भक्ति भाव से ओतप्रोत इन प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। छठ गीतों और भजनों से पूरा विद्यालय परिसर श्रद्धा और उत्साह के रंग में रंग गया।यह आयोजन बालिका व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम के अंतर्गत संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी, ओंकार नाथ सहाय, सुरेश ठाकुर, शशिकांत पांडे, राधे श्याम मिश्रा, गोपाल प्रसाद, कपिल देव प्रमाणिक, दीपक दास, रजनी नाग, गीता कुमारी, शिल्पा कुमारी, रूबी सिंह, उपासना कुमारी और नीलम कुमारी समेत सभी आचार्यगण उपस्थित रहे।प्रधानाचार्य और शिक्षकों ने छात्राओं को छठ महापर्व की शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में भैया-बहन तथा आचार्य बंधु-भगिनी भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और छात्राओं के प्रयासों की सराहना की।

# न्यूज बॉक्स

## राजद पिछड़ा प्रकोष्ट के लातेहार जिलाध्यक्ष बने बलराम



**लातेहार।** राष्ट्रीय जनता दल झारखंड पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू के द्वारा पिछड़ा प्रकोष्ठ के लातेहार जिला अध्यक्ष के रूप में बलराम प्रसाद साहू को मनोनीत किया है। साहू के पिछड़ा प्रकोष्ठ के नये जिलाध्यक्ष बनने पर राजद के जिला अध्यक्ष रामप्रवेश यादव ने बधाई दी और उन्होंने कहा कि बलराम साहू के जिला अध्यक्ष बनने पर पार्टी और लातेहार में मजबूत होगी। बधाई देने वालों में प्रदेश महासचिव अजय चंद्रवंशी, सुरेश राम, प्रदेश सचिव रंजीत यादव, मोहर सिंह यादव, राजू रंजन प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष भोला सिंह, जितेंद्र यादव, अजीत श्रीवास्तव, राज नारायण गिरी, जनार्दन प्रसाद, व्यास यादव, अनिल विश्वकर्मा, बल्ली यादव, रामसेवक उरांव, देववंश यादव, आदिवासी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष विश्वनाथ उरांव, लातेहार प्रखंड अध्यक्ष निजाम अंसारी, मनिका प्रखंड अध्यक्ष दामोदर यादव, चंदवा प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद राशिद खान, बालूमाथ प्रखंड अध्यक्ष प्रीत लाल यादव, हेरहज प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र यादव, बरवाडीह प्रखंड अध्यक्ष आदित्य कुमार, शंभू प्रसाद, राजेश प्रसाद, गोपाल प्रसाद, संतोष यादव,चेतन कुमार, वीडियो सिंह, जीतमहान सिंह, स्यूब अंसारी, पंचम प्रजापति, वहाब मियां सहित अन्य लोग शामिल हैं।

## हज़ारों की मौजूदगी में शायरों और नातख़्वानों ने अमन-खुशहाली के लिए सुनाया कलाम



**बेतला (लातेहार)।** बरवाडीह मंडल मार्ग स्थित मदरसा दारुल उलूम कादरिया गुलजार बाग में भव्य उर्स समारोह का आयोजन हुआ। इस धार्मिक कार्यक्रम की शुरूआत कुरान की तिलावत से हुई। शायरों और नातख़्वानों ने अपने कलाम से उपस्थित जनों का मन मोहा। बरवाडीह सहित आसपास के इलाक़ों से हजारों आस्थावानों ने इस अवसर पर भागीदारी की। मोलाना ख़ुश्तर जामी ने हुजूर शबीहे शाह के जीवन से सब्र, अख़लाक़ और भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में अमन-ख़ुशहाली की दुआ के साथ लंगर का आयोजन किया गया।

## सांसद प्रतिनिधि ने सिमरिया के सलगी गांव में नया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया



**सिमरिया (चतरा)।** सलगी गांव में लंबे समय से खराब पड़े ट्रांसफार्मर को बदलकर रविवार को नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। इसका फीता सांसद कालीचरण सिंह के मीडिया प्रभारी सुभाष सिंह ने काटकर विधिवत उद्घाटन किया। ग्रामीणों ने बताया कि काफी दिन से बिजली आपूर्ति प्रभावित थी, जिसकी सूचना सांसद प्रतिनिधि ने सांसद तक पहुंचाई। सांसद के निर्देश और प्रयास से तेजी से बिजली विभाग ने ट्रांसफार्मर स्थापित किया। दीपावली के मौके पर ट्रांसफार्मर लगने से गांव में बिजली की आपूर्ति शुरू हो गई, जिससे ग्रामीणों में खुशी की लहर है। मौके पर वार्ड सदस्य सहित अन्य वरिष्ठ लोग भी उपस्थित रहे।

## कान्हाचट्टी में अफीम के नुकसानों को लेकर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम




**कान्हाचट्टी (चतरा)।** मुख्य बाजार में कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर अफीम के सेवन और खेती के दुष्प्रभावों के विषय में लोगों को जागरूक किया। कलाकारों ने बताया कि अफीम सेवन शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है और परिवार व समाज पर भी गलत प्रभाव डालता है। भारी संख्या में ग्रामीण कार्यक्रम में शामिल हुए। चिरीदिरि मुखिया घनश्याम ने भी इस जागरूकता पहल की सराहना की।

## दीपावली को लेकर बाजारों में बढ़ी रौनक, लोगों ने जमकर की खरीदारी



**चतरा।** दीपावली पर्व की खुशियों के बीच जिले के मुख्य और गांवों के बाजार सजावट और खरीदारी से गुलजार हैं। मिठाई, रंगोली, दीयों, पटाखों और सजावट के सामान की दुकानों में सुबह से देर शाम तक भारी भीड़ बनी हुई है। महिलाएं घरों को मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा के लिए सजाने में जुटी हैं। बच्चों में पटाखों को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। स्थानीय प्रशासन ने भी सुरक्षा और स्वच्छता व्यवस्था दुरूस्त रखी है। पर्व की रात मां काली की पूजा भी की जाएगी।

# दीपावली पर्व को लेकर शहर के बाजारो में आई रौनक, दुल्हन की तरह सजे शहर के बाजार

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** दीपावली पर्व को लेकर शहर के बाजार अब दुल्हन की तरह सजने शुरू हो गए है। इससे शहर में रौनक बढ़ने लगी है। शहर के अपर बाजार, महावीर चौक, शास्त्री चौक, बरवाटोली चौक, गुदरी बाजार में व्यापारियों ने ग्राहकों के स्वागत के लिए अपने अपने स्तर पर सजा रहे हैं। दीपावली पर्व को लेकर ग्राहकों को अपनी ओर खींचने के लिए व्यापारी कुछ विशेष छूट के ऑफर भी दे रहे हैं। शहर के रेडीमेड वस्त्र, ज्वैलरी शॉप, इलेक्ट्रानिक उत्पादों से दुकानों को सजा दिया गया है। वहीं मॉल को भी दीवाली फेस्टिवल के अनुरूप सजाना शुरू कर दिया है। युवा वर्ग भी दिवाली पर खरीदारी के लिए समूह में बाजार में उत्पादों के साथ कपड़ों को पंसद कर रहा है। बाजार में सभी दुकानें सजी हुई हैं। धनतेरस की तरह दूसरे दिन भी बाजार गुलजार रहा। एक बार फिर बाजारों में करोड़ों का कारोबार हुई। बाजार में रौनक छाई हुई है। पटाखा बाजार में भी जमकर ग्राहकी हो रही है। फर्नीचर सहित अन्य सामान दुकानें सजाने के साथ ही बाहर तक रखा हुआ था। दीपावली के अवसर पर घरों की रंगाई पुताई के बाद फूल फुलवार से लेकर घर के आंगन तक रंगोली सजाई जा रही है। हर तरफ रंग ही रंग नजर आ रहा है। कई लोगों ने अपने घरों के सामने गोबर से लिपाई पुताई की गई है। वहीं रंग से बेलबूटे बनाकर आंगन को भी सजाया गया है। पर्व को लेकर सभी लोगों में उत्साह उमंग और उल्लास बना हुआ है।



## दीपोत्सव आज, घर-घर होगी महालक्ष्मी की पूजा

लोहरदगा जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में रोशनी का पर्व दीपोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस पर्व को हर घर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। घर-घर में माता महालक्ष्मी की पूजन अर्चन होगी। बीते कुछ दिनों से सभी घरों में साफ सफाई पुताई आदि से घर का कोना कोना साफ करके दीपावली मनाने की तैयारी कर ली है। रंगारंग छटा से घर और अंगना सराबोर हो चुके हैं। धनतेरस से घरों को सजाने के साथ रोशनी से जगमगा दिया गया था। धन की देवी लक्ष्मी की पूजन अर्चन के साथ आतिशबाजी की तैयारी की जा रही है। हर घर में दीपावली की तैयारी अंतिम चरण में है।

### सज रहे शहर के मिष्ठान भंडार

शहर के वीर शिवाजी चौक, गुदरी बाजार स्थित विविध मिष्ठान से दुकानों को सजाना शुरू कर दिया है। दीपावली पर्व को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। मावे की मिठाईयों को तैयार करने के लिए दूध से मावा तैयार करने के साथ बाहर से भी मावा मंगाया जा रहा है।

### सजावट के सामान की भरमार

मूर्तिकारों द्वारा बनायी गयी मिट्टी व धातु की मूर्ति छोटे बड़े आकारों में उपलब्ध है। इसमें मां दुर्गा, मां काली, राधा कृष्ण, गणेश, शिव पार्वती समेत अन्य अराध्य देवी देवताओं की मूर्तियां शामिल है। इसके साथ मिट्टी, लकड़ी, बांस से बनें सजावटी सामान दुकानों में बिक्री के लिए रखे गए हैं।

### दिवाली पर पटाखों की खरीदारी करने में जुटे लोग, बाजार में 5 से 10 हजार तक के पटाखे उपलब्ध

# बाजार में फैंसी पटाखों की बढ़ी मांग

● गुणवत्ता वाले ग्रीन पटाखों से सजा दीपावली का बाजार

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** जिले में दीपावली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाने के लिए लोग बड़े ही उत्साह के साथ पटाखों की खरीदारी कर रहे हैं। शहरी क्षेत्र समेत ग्रामीण इलाकों में पटाखों की दुकान सज गई है। शहर के प्रमुख चौक चौराहों पर पटाखों की दुकान सजी है। वही थोक विक्रेता की दुकान शहर में दो है। जो शहरी क्षेत्र के भट्ठी ढलान मोड़ पर स्थित है। पटाखा दुकान में आकर्षक रंग-बिरंगे पटाखे सजी हुई हैं। इस बार 5 से 20 रुपये में मिलने वाली फुलझड़ी, चकरी, और अनार जैसे पटाखे लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। न केवल लोहरदगा शहरी क्षेत्र बल्कि आसपास के गांव से भी लोग पटाखे खरीदने पहुंच रहे हैं। बाजार में पटाखों की कीमतें 5 से शुरू होकर 10000 तक की रेंज में हैं, जिससे हर वर्ग के लोग अपनी पसंद और बजट के अनुसार खरीदारी कर सकते हैं। फुलझड़ी और चकरी जैसे रंग-बिरंगे पटाखे, जो करीब 2 मिनट तक जलते हैं, यहां केवल 5 से 10 रुपये में मिल रहे हैं। पटाखा के थोक विक्रेता फिरोज शाह, रिंकू शाह, अफरोज शाह, खालिद शाह आदि ने बताया कि बाजार में पटाखे धनतेरस के दूसरे दिन भी बिक रही है। हमारे दुकान पर मिरची पटाखा 50 से 70 रुपए पैकेट, फूलझड़ी 100 से 300 रुपए पैकेट, लाइट बम 50 से 250 रुपए पैकेट, तार बत्ती पांच से 200 रुपए पैकेट, चरखी 50 से 100 रुपए पैकेट, रॉकेट 100 से 600 रुपए पैकेट, चटाई बम 10 से तीन हजार रुपए पैकेट बिक रहा है। वही फैंसी बमो की बात करे तो फैंसी बम 200 से 10 हजार रुपए तक है बिक रहे हैं। पटाखा के थोक दुकानदार फिरोज शाह, खालिद शाह, रिंकू शाह अफरोज शाह के अनुसार, पटाखों की मांग के चलते दुकान में विभिन्न प्रकार के पटाखे उपलब्ध कराए हैं, जिनमें बच्चों के लिए छोटे पटाखे, महिलाएं और बुजुर्गों के लिए सुरक्षित फुलझड़ी और चकरी शामिल हैं। वहीं, बड़े बजट के ग्राहक भी अपनी पसंद के अनुसार फैंसी पटाखों की खरीदारी कर रहे हैं, जो दीपावली की रात को आसमान को रंगीन बना देते हैं। इस बार बाजार में फैंसी पटाखों की भी काफी मांग देखने को मिल रही है। फैंसी पटाखे आकाश में रंग-बिरंगे आकार और अद्भुत दृश्य बनाते हैं, जो बच्चों से लेकर बड़ों तक को आकर्षित करते हैं। दुकानदारों ने बताया कि यहाँ कम कीमत में विभिन्न प्रकार के पटाखे आसानी से उपलब्ध हैं। यहाँ लोगों को किफायती और उच्च गुणवत्ता वाले पटाखे मिलता है। आसपास के गांवों से भी ग्राहक यहां खरीदारी के लिए आते हैं, क्योंकि यह पटाखे उन्हें अच्छी क्वालिटी के साथ कम कीमत में मिल जाते हैं। दीपावली के दौरान बढ़ते प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए ग्रीन पटाखों की मांग तेजी से बढ़ी है। इस बार दुकानदारों के पास पर्यावरण को कम से कम नुकसान पहुंचाने वाले ग्रीन पटाखे उपलब्ध हैं। ये पटाखे सामान्य पटाखों के मुकाबले कम धुएं और आवाज करते हैं, जिससे पर्यावरण पर इनका कम प्रभाव पड़ता है। दुकानदारों का कहना है कि इस बार ग्रीन पटाखों की सबसे अधिक बिक्री हो रही है। इन पटाखों की खास बात यह है कि ये पर्यावरण के प्रति जागरूक ग्राहकों को भी आकर्षित कर रहे हैं, क्योंकि लोग प्रदूषण को कम करने के लिए इस तरह के पटाखों का इस्तेमाल करना पसंद कर रहे हैं।



### जिला प्रशासन की गाइडलाइंस

बाजार में सभी दुकानदारों को जिला प्रशासन की ओर से जारी गाइडलाइंस का पालन करने का निर्देश दिया गया है। दुकानदारों ने आश्वासन दिया कि वे सभी सरकारी नियमों का पूरी तरह पालन कर रहे हैं। प्रशासन द्वारा आग और सुरक्षा से जुड़े सभी नियमों का पालन सुनिश्चित किया जा रहा है, जिससे ग्राहक सुरक्षित माहौल में खरीदारी कर सकें। बाजार में फायर सेफ्टी उपकरण भी लगाए गए हैं और दुकानदारों को अनिवार्य रुप से इन उपकरणों का प्रयोग करना सिखाया गया है।

## सेवा भारती के स्वास्थ्य शिविर में 44 लोग हुए लाभान्वित

**लोहरदगा।** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार 175वां सप्ताह के रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 44 लोग अपने स्वास्थ्य संबंधित जांच करवा कर लाभान्वित हुए। हीमोग्लोबिन,यूरिक एसिड,ब्लड ग्रुप, शुगर, बी.पी,वजन,हार्ट बीट, ऑक्सीजन लेवल आदि का निशुल्क जांच किया गया, एवं अन्य सभी प्रकार की स्वास्थ जांच पैथोलॉजी के माध्यम से आधे ख़र्च में ही करायी जाती है। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा सुखी जीवन के लिए शरीर का स्वस्थ रहना अत्यंत आवश्यक है इसके लिए आपको नियमित रूप से स्वास्थ्य चेकअप करते रहना चाहिए जिससे कि आपके स्वास्थ्य की गतिविधि का पता चलते रहे और समय रहते उसका उपचार किया जा सके। डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा की स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही कभी नहीं होनी चाहिए शरीर में किसी भी तरह का बीमारी होने पर उनका चेकअप कराकर डॉक्टर के सलाह से इलाज करना चाहिए। उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल,सहसचिव संजय चौधरी एवं अनामिका भारती ने कहा की प्रत्येक सप्ताह इस स्वास्थ्य शिविर में लोग अपना स्वास्थ चेकअप करवा कर अपने बीमारी का यहाँ डॉक्टर के इलाज से स्वस्थ हो रहे हैं। यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को सुबह एक घंटे के लिए लगाई जाती हैं। आज शिविर में जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमोद अग्रवाल, अवधेश मित्तल, संजय चौधरी, अनामिका भारती, अंजलि सर्राफ, अतुल सर्राफ, शारदा देवी, सैलानी देवी, अंजू देवी, रामचंद्र गिरी, शंभू सिंह, कृष्ण प्रसाद, देवनारायण प्रसाद राय, रैमुन्नी देवी आदि उपस्थित थे।

# मन के अंधकार को मिटाएं इस साल की दीपावली : उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद ने दीपावली के पावन अवसर लोहरदगा जिला वासियों को दीपावली की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए प्रभु श्रीराम से सभी के सुख-समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना की है। उपायुक्त ने कहा कि पर्व एवं त्योहार शान्ति, एकता व सद्भाव का सन्देश देते हैं एवं सामाजिक सौहार्द में वृद्धि करते हैं। इस अवसर पर आप ना सिर्फ घर व अपने आसपास के क्षेत्र में रौशनी करें बल्कि अपने मन के अंधेरे को भी दूर करें। आतिशबाजी करने वालों से अनुरोध है कि आतिशबाजी करते समय सावधानी बरतें और झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पार्षद, रांची के आदेशों का पालन भी करें।

आतिशबाजी के कारण जलने या अन्य अनहोनी की घटना से तुरंत बचाव के लिए जहां आतिशबाजी करें वहां बाल्टी में पानी भी रखें। साथ ही, खुले स्थान में ही आतिशबाजी करें ताकि किसी को नुकसान नहीं पहुंचे। वैसे पटाखे ही जलाए जा सकेंगे जिनकी ध्वनि सीमा 125 डीबी (ए) से कम हो। साथ ही दीपावली के दिन पटाखे मात्र दो घंटे शाम 08.00 बजे से रात्रि 10.00 बजे तक ही चलाये जा सकेंगे। आतिशबाजी के कारण जलने व अन्य इससे बचाव के लिए दीपावली में सदर अस्पताल व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौबीसों घंटे खुले रहेंगे। उपायुक्त ने जिला वासियों को काली पूजा, लक्ष्मी-कुबेर पूजा, गोवर्धन पूजा, भाई दूज और चित्रगुप्त पूजा की भी बधाई दी है।

## धान कूटने की मशीन में फंसी महिला की साड़ी, मौत

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** जिला के कुडू प्रखंड सलगी पचायत के खम्हार गांव से एक बेहद दर्दनाक हादसा सामने आया है। धान कूटने के दौरान चल रही डीजल मशीन में साड़ी फंस जाने से पूनम कुमारी नाम की महिला की मौके पर ही मौत हो गई। मृतका की उम्र लगभग 30 वर्ष बताई जा रही है। पूनम कुमारी, स्वर्गीय महेंद्र गंझू की पत्नी थीं और सलगी पंचायत के खम्हार गांव की निवासी थीं। इस हादसे के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल है। ग्रामीणों के मुताबिक, साड़ी अचानक मशीन में अटक गई और देखते ही देखते महिला मशीन में खिंच गई, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। परिवार की स्थिति बेहद दयनीय है। मृतका के तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं — लगभग 8 वर्ष, 6 वर्ष और 3 वर्ष के। पति की पहले ही मृत्यु हो चुकी है, ऐसे में अब परिवार में कमाने वाला कोई नहीं बचा है। बच्चों के भविष्य को लेकर घरवालों में निराशा और चिंता का माहौल है। ग्रामीणों और मृतका के परिजनों ने प्रशासन से तुरंत आर्थिक मदद, सरकारी सहायता और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ देने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यह गरीब परिवार अब पूरी तरह से बेबस हो गया है और सरकार की तत्काल सहायता की आवश्यकता है।

# रोष : शिक्षक ने की छात्र की पिटाई तो अभिभावक ने कर दिए शिक्षक की पिटाई

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** घटना शनिवार की है जब जिले के छतर बगीचा स्थित एक निजी विद्यालय में एक अभिभावक पहुंचे और स्कूल के शिक्षक को अचानक पिटाई करने लगे जिस पर स्कूल के प्रधानाध्यापक द्वारा बीच बचाव कर मामला शांत कराया गया। वहीं अभिभावक द्वारा धमकी के साथ उनके साइकिल का हवा भी निकाल दिया गया ,हालांकि मामले को लेकर शिक्षक उमेश कुमार साहू लोहरदगा थाना पहुंचे और आवेदन दे कर उचित कार्रवाई की मांग किया है। शिक्षक ने बताया कि स्कूल के सातवीं कक्षा में शिक्षक द्वारा इंग्लिश का क्लास लिया जा रहा था। छात्र क्लास के समय सो रहा था। शिक्षक द्वारा उठाया गया। समझाते हुए डांट फटकार लगाई, जिसपर छात्र शिक्षक के मुंह लगने लगा तभी शिक्षक महोदय ने बालक की पिटाई कर दिए। छात्र ने इसकी शिकायत घर पहुंच अपने पिता से कर दिया। जिसके बाद अभिभावक विक्रम साहू स्कूल के कार्यालय में पहुंचे और बिना कारण पूछे शिक्षक की पिटाई कर दिए। जिससे शिक्षको में काफी रोष है। शिक्षक उमेश साहू का कहना है कि वे बच्चा को पढ़ाई पर ध्यान देने के लिए बोल रहे थे। वहीं स्कूल प्रबंधक दिनेश सिंह ने बताया कि शिक्षक द्वारा बच्चे को मारपीट करना आरटीई का उल्लंघन है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी अभिभावक द्वारा शिक्षक के ऊपर हाथ उठाना शोभनीय नहीं है।

### लेकिन क्या शिक्षकों को स्कूलों में बच्चों को पीटने का अधिकार है ?

भारत में बच्चों के अधिकारों को लेकर विशेष क़ानून (आरटीई) अधिनियम, 2009 में बनाया एवं लागू किया गया है। भारत में बच्चों के लिए लाए गए निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा (आरटीई) अधिनियम, 2009 में शारीरिक सज़ा और मानसिक प्रताड़ना को रोकने का प्रावधान है। वहीं दि जुवेनाइल जस्टिस(केयर एंड प्रोटेक्शन ऑफ़ चिल्ड्रन) ऐक्ट, 2000 में भी बच्चों के लिए कई प्रावधान किए गए हैं। आरटीई के सेक्शन 31 के तहत ही बच्चों को शिक्षा का अधिकार मिल रहा है। नेशनल कमीशन फ़ॉर प्रोटेक्शन ऑफ़ चाइल्ड राइट्स (एनसीपीसीआर) ने स्कूलों में दी जाने वाली ऐसी सज़ा या कॉरपोरल पनिशमेंट को ख़त्म करने के लिए दिशानिर्देश दिए गए है।

### वायु एवं ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण हेतु कड़ा आदेश जारी

# दीपावली में केवल दो घंटे ही फोड़ सकेंगे पटाखे, नियम तोड़ने पर होगी कार्रवाई

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** सर्वोच्च न्यायालय एवं राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के आदेशों के अनुपालन में झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद ने वायु एवं ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। पर्षद के सदस्य सचिव राजीव लोचन बक्शी द्वारा जारी आदेश के अनुसार, झारखंड राज्य के सभी शहरी क्षेत्रों में इस वर्ष वायु गुणवत्ता 'अच्छी' या 'संतोषप्रद' श्रेणी में है। ऐसे में केवल वही पटाखे बेचे जा सकेंगे जिनकी ध्वनि सीमा 125 डेसीबल (डीबी ए) से कम हो। दीपावली के दिन पटाखे रात 8 बजे से 10 बजे तक ही चलाने की अनुमति दी गई है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि इन दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981, तथा पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 सहित अन्य सुसंगत प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त, त्योहारों के दौरान पटाखे चलाने का समय भी निर्धारित किया गया है - दीपावली एवं गुरुपर्व : रात्रि 8.00 से 10.00 बजे तक, छठ पर्व : प्रातः 6.00 से 8.00 बजे तक, क्रिसमस एवं नव वर्ष : मध्यरात्रि 11.55 से 12.30 बजे तक। राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे आदेशों का पालन करें और स्वच्छ, स्वस्थ एवं प्रदूषणमुक्त वातावरण बनाए रखने में सहयोग दें।

## दिवाली पर मोरपंख व झाड़ू की बिक्री बढ़ी

**लोहरदगा।** दीपक, झाड़ू और मोरपंख कहने को तो छोटे-छोटे व्यवसाय हैं, लेकिन दिवाली पर्व में इनकी बिक्री अचानक बढ़ गई । दीपावली पर पशुधन को सजाने की परंपरा है। पशुपालक दीपावली के दूसरे दिन इनका पूजन करते हैं। पशुओं को सजाने के लिए मोरपंखी का उपयोग होता है। अलग-अलग क्षेत्रों में रहने वाले समाज विशेष के लोग परंपरागत रूप से दीपावली के मद्देनजर मोरपंख बनाने में जुट जाते हैं। एक सेट की कीमत 200 रुपए से लगाकर एक हजार रुपए तक रहती है। चमकीली रद्दी पन्नी, रिबन, मोर पंख, प्लास्टिक की सुतली से गाय, बैलों के लिए मोरपंख तैयार होते हैं। समाज के लोगों के अनुसार विशेषकर दीपावली पर ही इस काम से जुड़ते हैं, शेष दिनों में नहीं। दरअसल, दीपावली पर इनकी विशेष मांग होती है और इनके बिना यह त्योहार नहीं मनाया जाता। इसलिए दीपपर्व पर इनकी डिमांड काफी बढ़ जाती है, क्योंकि इनसे ही सभी घरों में दीपावली मनती है।

## लचरागढ़ में भिखारिएट काथलिक महिला संघ का रजत जयंती समारोह



नवीन मेल संवाददाता

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा प्रखंड के लचरागढ़ भिखारिएट में काथलिक महिला संघ का दो दिवसीय रजत जयंती समारोह सह 28वां वार्षिक अधिवेशन बड़े ही धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में सैकड़ों महिलाओं ने हिस्सा लिया और अपने सांस्कृतिक व धार्मिक प्रस्तुतियों के माध्यम से एकता, सेवा और नारी सशक्तिकरण का संदेश दिया।समापन दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में सिमडेगा धर्म प्रांत के भी.जी. सह आत्मिक संचालक रेवरेंड फादर इग्नासियुस टेटे उपस्थित थे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में पुष्पा सुकुंदा टेटे, फादर किरूबीन तिर्की, लचरागढ़ पल्ली के पल्ली पुरोहित डीन राजेश केरकेट्टा, कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी और तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत झंडोत्तोलन, दीप प्रज्ज्वलन और संत मोनिका की तस्वीर पर माल्यार्पण के साथ की गई।रविवार की सुबह पवित्र मिस्सा अनुष्ठान का आयोजन किया गया, जिसकी अगुवाई रेभ. फादर इग्नासियुस टेटे ने की।

इस दौरान कई पल्लियों के फादर—राजेश केरकेट्टा, अल्बिनुस केरकेट्टा, एरिक जोसेफ कुल्लू, रफायल केरकेट्टा, क्लेमेंट लकड़ा और विंसेंट जोजो—ने सहयोग किया। कोयर दल के गीतों ने पूरे वातावरण को भक्ति और उल्लास से भर दिया।कार्यक्रम में लचरागढ़, जितुटोली, बरवाडीह, बांकी, साहूबेड़ा, जामटोली, बेसराजारा, बानो और पबुड़ा पल्ली की महिलाओं ने भाग लिया। समारोह में विभिन्न पल्लियों की माताओं—उर्सुला डांग, शांति सिंदुरिया, लेवनी बडिंग, रेजिना बागे, किरन डांग आदि—को उनके योगदान के लिए शॉल और पत्रिका देकर सम्मानित किया गया।विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाएं परिवार और समाज दोनों की आधारशिला हैं। वे दो स्वामियों—पति और परमेश्वर—की सेवा करते हुए कलीसिया और समाज को सशक्त बना रही हैं। वहीं तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया ने कहा कि महिलाओं के बिना समाज अधूरा है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों से आगे हैं और कलीसिया व परिवार के विकास में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।वक्ता पुष्पा सुकुंदा टेटे ने महिलाओं को अपने अधिकारों, पेशा कानून और ग्राम सभा में भागीदारी बढ़ाने की सलाह दी। फादर किरूबीन तिर्की ने कहा कि महिलाएं कलीसिया की रीढ़ हैं और उनके सहयोग से समाज में नैतिकता और आध्यात्मिकता बनी रहती है।कार्यक्रम की अध्यक्षता उप सचिव सुचिता जोजो ने की तथा संचालन सिस्टर अंजलिना और पुष्पा होरो ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मेरी सुचिता जोजो, उदय केरकेट्टा, रोजालिया कुजूर, अर्चना मधु बागे, एम्मा माधुरी सोरेंग, सिस्टर अंजलीना मिंज सहित कई महिलाओं का योगदान रहा।समारोह में अल्बिनुस लुगुन, क्लेमेंट टेटे, फुलकेरिया डांग, अनिल लुगुन, जगदीश बागे समेत अनेक सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। रजत जयंती समारोह ने न केवल महिलाओं की आस्था और नेतृत्व को उजागर किया, बल्कि समाज में उनके बढ़ते योगदान को भी नई पहचान दी।

# ईश्वर को सच्चे ह्रदय से धन्यनवाद देने का पर्व है नावाखानी : विधायक

● नानेसरा चर्च में हर्षोल्लास के साथ मना नवाखानी पर्व

नवीन मेल संवाददाता







**सिमडेगा।** विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि आज का दिन ईश्वर को अच्छी उपज के लिए धन्यवाद देने का दिन है। नवाखानी के दिन विश्वासी अपनी पहली उपज का हिस्सा ईश्वर के नाम पर दान के रूप में समर्पित करते हैं। साथ ही आने वाले वर्षों में भी अच्छी बारिश हो और अच्छी फसल हो इसके लिए प्रार्थना करते हैं। विधायक भूषण बाड़ा रविवार को संत फ्रांसिस आसीसी चर्च नानेसेरा में आयोजित नवाखानी पर्व के मौके पर बोल रहे थे। मौके पर चर्च परिसर में हर्षोल्लासस के साथ नावाखानी पर्व मनाया गया। पर्व के मौके पर पल्ली पुरोहित की अगुवाई में मिस्सा पूजा का आयोजन किया गया। मौके पर मसीही धर्मावलंबियों ने धान, मुंगफली,कंद, उरद सहित कई सब्जियां की उपज का पहला दाना को डालिया में सजा कर ईश्वंर को समर्पित किया। मौके पर पर्व की शुभकामना दी गई। इसके बाद रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां विधायक के ढ़ोल की थाप पर लोग जमकर आदिवासी नाच कर खुब मनोरंजन किया।

मौके पर नृत्य प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। जहां बेहतर प्रदर्शन करने वाली नृत्य मंडली को विधायक और जोसिमा ने मांदर देकर सम्मानित किया। मौके पर अजीत लकड़ा, सिलबेस्तर बाघवार, शीतल एक्का, उर्मिल्ला केरकेट्टा, मुखिया ज्योति प्रकाश कुल्लू, फा बिमल सहित काफी संख्या में मसीही धर्मावलंबी उपस्थित थे।जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि ईश्व्र की असीम कृपा से बारिश होती है और हम धरती से अन्न उपजाते हैं। आज का दिन इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि हमारे परिश्रम का फल हमें मिला है। उन्होंने कहा कि हमें हर साल इसी तरह फसल से अनाज की प्राप्ति हो। उन्हों ने कहा कि अन्नदाता के प्रति कृतज्ञ होकर उन्हें याद करें।

### हॉकी में खीजुरडीह 2-0 से जीत दर्ज कर बनी चैम्पियन

मिसा पूजा के बाद आदिवासी सांस्कृतिक नाच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक नाच प्रतियोगिता में 28 यूनिट टीम भाग लिए। जिसमे पहला करमटोली, और मंगरकुड़ा, दूसरा कोलबहार बी और तीसरा डुमरडीह बी को मिला। विजेता टीम को विधायक के द्वारा पुरस्कार दिया गया। वहीं हॉकी में हॉकी के फाइनल मैच खीजूरडीह ने मसेकेरा को 2-0 से हराकर चैंपियन बना। मौके पर फादर बिमल लकड़ा,प्रखंड अध्यक्ष अजीत लकड़ा,उप प्रमुख सिलबेस्टर बघवार, विधायक प्रतिनिधि शीतल एक्का,उप प्रमुख फ्लोरा मिंज,उर्मिला केरकेट्टा,मुखिया ज्योति प्रकाश कुल्लू,महिला सभानेत्री श्रीमति कांति एक्का,आदि ब्रदर, धर्म बहनें और भारी संख्या में मसीही विश्वासी शामिल हुए। सफल बनाने में खेल समिति के अध्यक्ष हेमंत खलखो,सचिव प्रदीप मिंज,जेवियर खाखा,फिलमोन तिग्गा,बसंत बेक,सिलास डुंगडुंग, मटियाश कुजूर,क्लामेंट लकड़ा,जेवियर बिलुंग,ग्रेगोरी मिंज आदि का योगदान रहा।

### दीपावली की रौनक से जगमगाया गुमला, बाजारों में उमड़ी भारी भीड़

# पटाखों, मिठाइयों और सजावटी सामानों की हुई जमकर खरीदारी

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** प्रकाश पर्व दीपावली को लेकर पूरे गुमला शहर और आसपास के इलाकों में जबरदस्त रौनक देखने को मिल रही है। बाजारों में खरीददारों की भीड़ उमड़ पड़ी है। मिठाइयों की दुकानों से लेकर कपड़ा, इलेक्ट्रॉनिक, बर्तन, सजावटी सामग्री और पटाखों की दुकानों तक हर जगह ग्राहकों का तांता लगा हुआ है। दीपावली नजदीक आते ही लोगों ने अपने घरों को सजाने-संवारने की तैयारी पूरी कर ली है। गुमला के मुख्य बाजार, मेंन रोड, जशपुर रोड,पालकोट रोड, लोहरदगा रोड, शहीद चौक पटेल चौक में दीपावली की खरीदारी के लिए सुबह से लेकर देर रात तक ग्राहकों की चहल-पहल बनी हुई है। महिलाएं जहां सजावटी दीप, झालर और गृहसज्जा की वस्तुएं खरीद रही हैं, वहीं बच्चे पटाखों की दुकानों पर उमड़ पड़े हैं। पटाखा दुकानों पर सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन ने विशेष निगरानी की व्यवस्था की है। विक्रेताओं के अनुसार, इस बार दीपावली में पिछले वर्षों की तुलना में बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। कपड़ों और मिठाइयों की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ से व्यापारी गदगद हैं। इलेक्ट्रॉनिक और मोबाइल दुकानों में भी ऑफर और छूट का दौर चल रहा है। गुमला के विभिन्न चौक-चौराहों पर पटाखों की अस्थायी दुकानें सज गई हैं। बच्चे और युवा वर्ग रंग-बिरंगे फुलझड़ी, अनार, रॉकेट और चकरी खरीदने में व्यस्त दिख रहे हैं। हालांकि जिला प्रशासन ने बिना लाइसेंस पटाखा बिक्री पर रोक लगाई है और सुरक्षा नियमों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।






#### जुआ खेलने की परंपरा भी चरम पर

दीपावली की रात गुमला में जुए की परंपरा भी लंबे समय से चली आ रही है। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक कई जगह ताश और पत्तों के दांव लगते हैं। अनुमान है कि दीपावली की रात करोड़ों रुपये का लेन-देन जुए के खेल में होता है। कई लोग रातोंरात लखपति बन जाते हैं, तो कई सुबह होते ही खाकपति बनकर लौटते हैं। पुलिस प्रशासन ने इस पर निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए हैं ताकि किसी भी अवैध गतिविधि पर अंकुश लगाया जा सके।

#### सुरक्षा व्यवस्था व अपील

दीपावली के अवसर पर गुमला पुलिस ने विशेष पेट्रोलिंग, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में चेकिंग और गश्ती दल की तैनाती की है। पुलिस अधीक्षक ने लोगों से अपील की है कि सुरक्षित तरीके से पटाखे जलाएं, जुआ और सट्टे जैसी गतिविधियों से दूर रहें, और दीपावली को प्रेम, प्रकाश और खुशहाली का पर्व बनाएं गुमला इन दिनों रोशनी, उल्लास और उत्साह से जगमगा रहा है – हर ओर दीपों की लौ और चेहरों पर मुस्कानें त्योहार की असली चमक बिखेर रही हैं।

### गुमला पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## 3.160 किलो ब्राउन शुगर के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** पुलिस अधीक्षक गुमला को गुप्त सूचना मिली कि गुमला थाना क्षेत्र के मेन रोड स्थित नेशनल घड़ी के दुकान के संचालक मोहम्मद अरशद अंसारी को ब्राउन शुगर खरीद बिक्री के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। सूचना के आधार पर एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव एवं थाना प्रभारी महेंद्र कुमार करमाली के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम में अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त स्थान पर छापेमारी की गई, जहां नेशनल घड़ी दुकान के संचालक



मोहम्मद अरशद अंसारी को दुकान से ही गिरफ्तार किया गया उसके दुकान से ब्राउन शुगर काउंटर से बरामद हुआ है। गिरफ्तार मोहम्मद अरशद अंसारी ने बताया कि गुमला के लोहरदगा रोड कुम्हारटोली से दीपक कुमार से ब्राउन शुगर खरीद कर बेचते हैं। उसके पास से कुल 3.160 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया। अशरद अंसारी उम्र लगभग 35 वर्ष, राजा कॉलोनी, थाना व जिला गुमला निवासी है। बरामद ब्राउन शुगर का नमूना जप्त कर सुरक्षित रखा गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। गुमला पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमा ने टीम की सराहना करते हुए कहा कि जिले में नशे के अवैध कारोबार पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। पुलिस लगातार ऐसी कार्रवाइयां कर समाज को नशामुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## पालकोट में 'वोट चोर, गद्दी छोड़' अभियान आयोजित

नवीन मेल संवाददाता

**पालकोट।** देश में चुनाव प्रक्रिया में संभावित धांधली और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा को लेकर प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष रोहित एक्का के नेतृत्व में 'वोट चोर, गद्दी छोड़' हस्ताक्षर अभियान आयोजित किया गया। रोहित एक्का ने कहा कि यह केवल एक अभियान नहीं, बल्कि संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए आंदोलन है। उनका उद्देश्य लोगों को उनके संवैधानिक मताधिकार के प्रति जागरूक करना और उन्हें संगठित होकर लोकतांत्रिक व्यवस्था की रक्षा के लिए प्रेरित करना है। इस अवसर पर अभियान में मुखिया कांति केरकेट्टा, पंचायत अध्यक्ष राजेश एक्का, विनित एक्का, फुलवन एक्का, पुनम लकड़ा, वार्ड सदस्य प्र फूला बाड़ा, संगीता एक्का, मगदली एक्का, प्रभा खाखा, प्रेमा लकड़ा, किशोर खाखा, अनिमा एक्का सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे। रोहित एक्का ने कहा कि देश के विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा चुनाव आयोग और केंद्र सरकार की मिलीभगत से होने वाली धांधली के सबूत और तथ्यों को उजागर करना इस अभियान की प्रेरणा का स्रोत है। उनका मानना है कि जनता को संगठित होकर अपने अधिकारों के लिए लड़ना होगा और लोकतंत्र को मजबूत बनाना होगा।

## बघिमा के स्कूली बच्चों ने श्रमदानकर खराब सड़क की मरम्मत की



विजय मिश्रा

**पालकोट।** जब पूरे देश में दिवाली की खुशी में बच्चे पटाखे छोड़कर जश्न मना रहे थे, वहीं पालकोट प्रखंड के बघिमा बड़का टोली के स्कूली बच्चों ने अपने गांव के लिए एक अनूठा काम किया। उन्होंने मिलकर गांव की खराब सड़कों की मरम्मत का श्रमदान किया और सार्वजनिक रास्ता सुचारू किया। बच्चों ने बताया कि वर्षों से गाँव की सड़क इतनी खराब थी कि उन्हें तीन किलोमीटर दूर स्कूल तक पैदल जाना पड़ता था, और बरसात में यह और भी मुश्किल हो जाती थी। कई बार सड़क पर ठोकर खाने की वजह से गिरने की घटनाएं हुईं, लेकिन अब उन्होंने सक्रिय पहल करके खुद सड़क सुधारने का निर्णय लिया। बच्चों ने कहा की बुद्धि बादाम खाने से नहीं बल्कि ठोकर खाने से होती है। यही अनुभव उन्हें प्रेरित करता है कि मुश्किलों के बावजूद अपने हाथों से बदलाव लाया जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि अब सड़क के खराब हिस्सों को स्कूल जाने से पहले और लौटने के बाद नियमित रूप से सुधारने का काम किया जा रहा है, और उनका लक्ष्य है कि एक सप्ताह के अंदर पूरी सड़क दुरुस्त कर दी जाए। बच्चों की इस पहल को एक मिसाल के रूप में देखा जा रहा है, क्योंकि दिवाली जैसे उत्सव में अन्य बच्चे केवल पटाखे फोड़कर खुशियाँ मना रहे थे, वहीं बघिमा के ये बच्चे समाज के लिए श्रमदान कर रहे थे। बच्चों ने वरिष्ठ अधिकारियों से भी अनुरोध किया कि यदि प्रशासन उनकी इस पहल में मदद करे, तो निश्चित रूप से गाँव की सड़क सुरक्षित और सुचारू रूप से बन पाएगी। इस श्रमदान में प्रमुख रूप से शामिल बच्चों में आयुष मिश्रा, विवेक मिश्रा, किसन मिश्रा, केशव मिश्रा, गोबिंद मिश्रा, माही मिश्रा, सौरभ मिश्रा, अमित सिंह, गौलु मिश्रा और लाड्डू दूबे शामिल हैं।

## किशोर की मौत, तीन गंभीर रूप से घायल

नवीन मेल संवाददाता

**बिशुनपुर (गुमला)।** बिशुनपुर थाना क्षेत्र के रेहेटोली गांव में रविवार को एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में बाहागड़ा निवासी 15 वर्षीय वीरेंद्र मुंडा की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उसके तीन साथी दिलमत उरांव, सिरमन मुंडा और मनीनाय उरांव गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, चारों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर घाघरा प्रखंड के शिवराज गांव करमा पर्व मनाने गए थे। पर्व मनाकर लौटते समय, रेहेटोली गांव के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयंकर थी कि वीरेंद्र की मौत मौके पर हो गई और अन्य तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल रेफर किया गया। ट्रक चालक घटना के बाद वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक वीरेंद्र का शव पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेजा गया। घटना के बाद बाहागड़ा गांव में शोक की लहर दौड़ गई। नाबालिग वीरेंद्र की असमय मौत ने पूरे गांव को स्तब्ध कर दिया। परिवार के लोग बेटे की मौत पर रो-रोकर बेहाल हैं, जबकि ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को सहायता देने की मांग की।

### दो बाइक की आमने-सामने टक्कर, 5 घायल, 3 की हालत गंभीर

**चैनपुर।** चैनपुर मुख्यालय क्षेत्र के जनावल पंचायत में रविवार को घोरहटी और नवाटोली के बीच तीखे मोड़ पर दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में कुल पांच लोग घायल हो गए, जिनमें तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे की तीव्रता इतनी अधिक थी कि दोनों मोटरसाइकिलें पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अरविंद बड़ा की बाइक पर तीन लोग सवार थे जबकि दूसरी बाइक पर चैनपुर निवासी नीरज लकड़ा और संजय कुमार बैठे थे। किसी भी बाइक सवार ने हेलमेट का उपयोग नहीं किया था। तेज रफ्तार और तीखे मोड़ के कारण दोनों बाइकें अनियंत्रित होकर आमने-सामने भिड़ गईं। हादसे के बाद ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चैनपुर लाया गया। लेकिन वहां डॉक्टरों की अनुपस्थिति ने व्यवस्था की पोल खोल दी। बताया गया कि सीएचसी चैनपुर में किसी भी समय मरीज पहुंचें, डॉक्टर अक्सर मौजूद नहीं रहते।हर दिन जैसे ही तीन बजते हैं, डॉक्टर गुमला के लिए बस पकड़कर चले जाते हैं। ऐसे में पूरा भार सिर्फ सीएचओ और नर्सिंग स्टाफ के कंधों पर रहता है।ग्रामीणों का कहना है कि आपात स्थिति में भी डॉक्टर अस्पताल में नहीं रहते, जिसके कारण गंभीर मरीजों को प्राथमिक उपचार के बाद मजबूरन सदर अस्पताल गुमला रेफर करना पड़ता है। यही स्थिति रविवार को भी रही – तीन गंभीर घायलों नीरज लकड़ा उम्र 22, अरविंद बड़ा उम्र 25और संजय कुमार उम्र 22 को डॉक्टर की अनुपस्थिति में गुमला भेजा गया इधर, परिजनों ने बताया कि 108 एंबुलेंस के लिए काफी देर तक इंतजार करना पड़ा, पर वाहन उपलब्ध नहीं हुआ। बाद में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की एंबुलेंस से ही तीनों घायलों को गुमला रेफर किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही चैनपुर पुलिस मौके पर पहुंची, घायलों के इलाज की व्यवस्था कराई और घटना की जांच में जुट गई है। स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि सीएचसी चैनपुर में स्थायी डॉक्टरों की तैनाती की जाए, ताकि आपात स्थिति में ग्रामीणों की जान बचाई जा सके।




## बीडीओ ने किया छठ घाट का निरीक्षण, दिए सफाई के निर्देश



नवीन मेल संवाददाता

**भरनो।** आगामी छठ पर्व को लेकर तैयारियों का जायजा लेने के उद्देश्य से भरनो प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) अरुण कुमार सिंह ने भरनो बस्ती स्थित छठ तालाब घाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तालाब में फैली गंदगी और कचरे की स्थिति देखी तथा छठ पूजा समिति के सदस्यों को शीघ्र सफाई कार्य प्रारंभ करने का निर्देश दिया। बीडीओ सिंह ने कहा कि छठ घाट तालाब के चारों ओर सीढ़ियां व्यवस्थित रूप से बनी हुई हैं, लेकिन प्रतिमा विसर्जन और अन्य कारणों से तालाब में गंदगी भर गई है। उन्होंने समिति को आश्वस्त किया कि प्रशासन द्वारा सफाई कार्य में हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा ताकि छठ व्रतियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने छठ व्रतियों के आने-जाने के रास्तों की स्थिति का भी जायजा लिया और आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छठ पर्व आस्था और लोक परंपरा से जुड़ा हुआ है, इसलिए इसकी तैयारियों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि शिव कुमार केसरी, पंचायत समिति सदस्य बिरसा उरांव, छठ पूजा समिति के संजय गुप्ता, बजरंग गुप्ता, बिट्टू गुप्ता, जोगेंद्र केसरी, मानिक केसरी, विकास केसरी, प्रदीप सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

### दीपावली की रौनक : रंगोली व दीप बनाओ प्रतियोगिता आयोजित

## बच्चों ने प्रतिभा, कला व संस्कृति के माध्यम से सिखाया दीपावली का पारंपरिक महत्व

नवीन मेल संवाददाता

**भरनो।** दीपों के पर्व दीपावली को लेकर सीताराम साव सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भरनो में शनिवार को रंगोली एवं दीप बनाओ, दीप सजाओ, एवं छठ गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर दीपों की रोशनी और रंगों की खूबसूरती से जगमगा उठा। प्रतियोगिता में नर्सरी से लेकर दसवीं कक्षा तक के भैया बहनों ने पूरे उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। बच्चों ने अपनी कल्पनाशक्ति और सृजनात्मकता का शानदार प्रदर्शन करते हुए छठ गीत की प्रस्तुति कर आकर्षक रंगोलियां और सुंदर मिट्टी के दीप तैयार किए। कुछ बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने वाली रंगोली बनाई,तो कुछ ने पारंपरिक आकृतियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति को दर्शाया।वहीं कई भैया बहनों ने दीपों पर नक्काशी कर अपनी कलात्मक प्रतिभा का उत्कृष्ट परिचय दिया, साथ ही छठ गीत की प्रस्तुति कर सबका मन मोह लिया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश कुमार राय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि स्कूल में शिक्षा सिर्फ पुस्तकों तक सीमित नहीं है। विद्यालय का प्रयास रहता है कि बच्चों को कला, संस्कृति और परंपराओं से जोड़ा जाए ताकि उनमें समग्र व्यक्तित्व का विकास हो सके। उन्होंने कहा कि दीपावली का यह पर्व अंधकार पर प्रकाश और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है, जिसे मनाने का असली उद्देश्य समाज में प्रेम,एकता और सद्भाव का संदेश देना है।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के सभी आचार्य आचार्या ने बच्चों की रचनात्मकता की सराहना की और उन्हें आगे भी ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया और भैया बहनों को पुरस्कार देकर भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर संयुक्ता देवी, पूनम सारंगी, मुकेश शाही, संतोष तिवारी, वीरेंद्र कुमार, सिद्धेश्वर साहू, समेत सभी शिक्षक उपस्थित थे।




### सिसई में बालक-बालिका प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

## फुटबॉल, कबड्डी व हाई जंप में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा, विजेताओं का हुआ सम्मान

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** मेरा युवा भारत खेलकूद एवं युवा मंत्रालय, भारत सरकार तथा मयूरी ट्रस्ट के तत्वावधान में ललित उरांव स्टेडियम, महुआडीपा सिसई में एकदिवसीय प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सिसई थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और फुटबॉल को किक मारकर किया। उन्होंने कहा कि मयूरी ट्रस्ट द्वारा युवाओं को खेल के माध्यम से प्रोत्साहित करना सराहनीय पहल है। थाना प्रभारी ने युवाओं से नशा से दूर रहने और वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने की अपील की। प्रतियोगिता में फुटबॉल, कबड्डी, दौड़, हाई जंप, लॉन्ग जंप, गोला फेंक और चक्का फेंक जैसे इवेंट आयोजित किए गए, जिनमें खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया।



सभी विजेताओं को थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह, सेवानिवृत्त कैप्टन लोहरा उरांव, मयूरी ट्रस्ट एवं चैताली कॉलेज गुमला के डायरेक्टर बसंत कुमार गुप्ता, मयूरी ट्रस्ट की सचिव चैताली सेनगुप्ता तथा अन्य अतिथियों द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मैच रेफरी अंगद महतो, आकिब खान, संदीप उरांव, शुभम गुप्ता, हर्ष गुप्ता, रतिया उरांव, सचिदानंद उरांव सहित मयूरी ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**कार्यक्रम** बचपन प्ले एंड प्राइमरी स्कूल में दीपोत्सव का रंगारंग आयोजन

## बच्चों ने सीखी मिट्टी के दीए बनाने की कला, खुशियां भी बांटी

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** लोहरदगा रोड स्थित बचपन प्ले स्कूल एवं बैंक कॉलोनी, ओल्ड डीएवी कैंपस स्थित बचपन प्राइमरी विंग में दीपावली का भव्य आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर दीपों, रंगोलियों और बच्चों की मुस्कानों से जगमगा उठा। दीपोत्सव के इस अवसर पर बच्चों ने पारंपरिक तरीके से त्योहार मनाते हुए उत्साह, सादगी और संस्कृति का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम की शुरुआत आउटडोर विजिट से हुई, जिसमें बच्चों को टोटो स्थित कुम्हार बस्ती ले जाया गया। वहाँ उन्होंने चाक पर मिट्टी के दिए और बर्तन बनाने की प्रक्रिया सीखी तथा हस्तनिर्मित मिट्टी के दीये खरीदे। बच्चों ने पारंपरिक कारीगरों से बातचीत कर उनके हुनर को करीब से जाना।




विद्यालय परिसर में आयोजित गतिविधियों में कक्षा 1 और 2 के बच्चों ने अपने बनाए मिट्टी के दीयों को रंग-बिरंगे रंगों और चमकदार सजावट से सजाया, जबकि कक्षा 3 से 5 तक के विद्यार्थियों ने रंगोली प्रतियोगिता में अपनी सृजनशीलता का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के दौरान शिक्षिकाओं अर्पिता राय और प्रिया रंजन सिंह ने बच्चों को भगवान राम के अयोध्या लौटने की कथा सुनाई, जिससे बच्चों ने दीपावली के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को समझा। विद्यालय में दीप जलाने की तैयारी, सजावट की विधि और पटाखों के सुरक्षित उपयोग पर भी विशेष चर्चा की गई।

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी विद्यालय परिवार ने 'शेयरिंग हैप्पीनेस' अभियान चलाया, जिसके अंतर्गत बच्चों द्वारा संकलित फल, मिठाई, कपड़े और पटाखों का वितरण सीलम स्थित अनाथालय, वृद्धाश्रम, मूकबधिर विद्यालय एवं शहर के झुग्गी क्षेत्रों में किया गया। इस पहल का उद्देश्य बच्चों में सामाजिक संवेदना और सेवा की भावना का विकास करना था।

कार्यक्रम के अंत में बच्चों ने स्वीट्स और आतिशबाजी का भरपूर आनंद लिया। दीपावली एवं छठ पर्व के उपलक्ष्य में विद्यालय में 20 से 28 अक्टूबर तक अवकाश की घोषणा की गई।

विद्यालय के निदेशक चंद्रशेखर गिरी ने समस्त बच्चों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा की दीपावली केवल उत्सव नहीं, बल्कि अंधकार पर प्रकाश और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है — हमें इस पर्व से सकारात्मकता और सेवा की प्रेरणा लेनी चाहिए।"

इस अवसर पर शिक्षिकाएँ सोनी सिंह, अंकिता केसरी, पल्लवी गोस्वामी, प्रिया रंजन सिंह, खुशी कुमारी, अंबिका, सोनल, सोनाली सोलंकी, मोनालिसा, पूनम गुप्ता, सुचिता, यशोदा, आकांक्षा, श्वेता आदि उपस्थित थीं।

## पचोरा बारह पड़हा दारी जतरा को लेकर समिति की हुई बैठक



नवीन मेल संवाददाता

**सिसई (गुमला)।** प्रखंड क्षेत्र के दारी खपरू टोंगरी में आगामी दारी जतरा को लेकर रविवार को सोमरा पाहान की अध्यक्षता में पचोरा बारह पड़हा दारी जतरा समिति की अहम बैठक हुई। इस बैठक में पचोरा पांच पड़हा व सात पड़हा के पहान पुजार, महतो एवं पड़हा के पदाधिकारियों तथा ग्रामीणों के द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 10 नवम्बर 2025 दिन सोमवार को ऐतिहासिक दारी जतरा का आयोजन किया जाएगा। वहीं चोरा बारह पड़हा की ओर से जतरा में अधिक से अधिक लोगों को शामिल होने का आह्वान किया गया है। बैठक में पुनई उरांव, घाघरा पंचायत मुखिया इंद्रपाल उरांव, रंथु उरांव, कमलेश मुंडा, सुकरु उरांव, संतोष उरांव, बीएस मुंडा कलिंदर उरांव, बुधेश्वर उरांव, कार्तिकेश्वर मिश्रा, विजय दर्शन मिंज, गंगा उरांव, मंगल उरांव, कमल देव उरांव सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# सुप्रभात

विचार प्रवाह

दया ईश्वरानुभूति के लिए आवश्यक है, क्योंकि ईश्वर स्वयं इस गुण से आप्लावित हैं। सहृदय व्यक्ति स्वयं को दूसरों के स्थान पर रख उनकी पीड़ा का अनुभव कर उसे दूर करने का प्रयास कर सकते हैं। **- श्री श्री परमहंस योगानंद**

## संपादकीय

## युद्ध विराम से राहत

हर समझदार व्यक्ति को इस बात से राहत महसूस होनी चाहिए कि आखिरकार गाजा में युद्ध विराम हो गया। बचे हुए इस्राइली बंधकों को हमास ने रिहा कर दिया है। इस्राइली सेना ने फिलहाल युद्ध रोक दिया है, जिससे संकटग्रस्त और बर्बरता से पीड़ित फलस्तीनियों तक भोजन, दवाइयां और अन्य प्रकार की राहत पहुंच सकती है। लेकिन हर समझदार व्यक्ति जानता है कि यह युद्ध विराम एक बहुत ही छोटा कदम है। शांति और न्याय का मार्ग अभी भी कठिन है, जिसके लिए और कई बाधाओं को पार करना है। इस विवाद के 40 से अधिक साल बीत जाने के बाद भी इस संघर्ष के बारे में किताब में जो कुछ भी कहा गया है, वह आज भी प्रासंगिक है। पहली पुस्तक दक्षिण अफ्रीकी स्वतंत्रता सेनानी जो स्लोवो की आत्मकथा है। स्लोवो लिथुआनिया में जन्मे यहूदी थे, जो 1930 के दशक में यूरोप में यहूदियों पर हो रहे उत्पीड़न की वजह से परिवार सहित दक्षिण अफ्रीका आ गए। उन्होंने वहीं रहते हुए श्वेत-शासन के खिलाफ संघर्ष में भाग लिया। 1960 के दशक में उन्हें निर्वासन में जाना पड़ा और रंगभेद की समाप्ति के बाद वे दक्षिण अफ्रीका लौटे तथा नेल्सन मंडेला की कैबिनेट में आवास मंत्री बने। स्लोवो की आत्मकथा दो विषयों पर केंद्रित है- कम्युनिस्ट पार्टी में उनकी सक्रियता और रंगभेद विरोधी आंदोलन और गोरों के शासन की दमनकारी नीतियां। लेकिन इन सबके पहले वे बताते हैं कि उन्होंने द्वितीय विश्वयुद्ध के अंतिम चरण में इटली में सेवा की थी। युद्ध समाप्त होने के बाद वे कुछ महीनों तक यूरोप में रहे और फिर दक्षिण अफ्रीका लौटते हुए बीच में फलस्तीन में ठहरे। एक यहूदी होने के नाते वे किब्बुत्ज यानी सामुदायिक जीवन के बारे में जानने चाहते थे। 1946 में तेल अवीव की यात्रा के दौरान एक किब्बुत्ज में अपने प्रवास का वर्णन करते हुए स्लोवो लिखते हैं- "यदि इसे अलग से देखा जाए तो यह समाजवादी जीवनशैली का सुंदर उदाहरण लगता था। वहां अधिकतर वे युवक-युवतियां थे, जिनके माता-पिता पश्चिमी देशों में संपन्न यहूदी व्यापारी थे। वे आदर्शवाद और मानवता की भावना से प्रेरित थे- उन्हें विश्वास था कि केवल इच्छा-शक्ति और मानवता के बल पर आप एक फैक्ट्री या एक किब्बुत्ज में समाजवाद स्थापित कर सकते हैं।" स्लोवो आगे लिखते हैं- "ध्यान से देखने पर स्पष्ट हुआ कि इन सभी किब्बुत्जों में प्रमुख विचार यह था कि बाइबिल के अनुसार, फलस्तीन की भूमि हासिल करने के लिए हर यहूदी को 'लड़ना' चाहिए और यदि ऐसा करने के लिए पांच हजार वर्षों से वहां रह रहे लाखों लोगों को उजाड़ना भी पड़े तो कोई बात नहीं।"स्लोवो ने 1980 के दशक में लिखी अपनी स्मृतियों में इस विचारधारा के परिणामों पर टिप्पणी करते हुए लिखा-"कुछ ही वर्षों में इस्राइली विस्तार और एकीकरण के युद्ध शुरू हो गए। विडंबना यह रही कि 'होलोकॉस्ट' के भयावह अनुभवों को ही यहूदी राष्ट्रवादियों ने फलस्तीन के मूल निवासियों पर अपने उत्पीड़न और नरसंहार को जायज ठहराने का औजार बना लिया।"दूसरी किताब जो मैं पढ़ रहा था, वह मेक्सिको के मशहूर लेखक ओक्तावियो पाज का निबंध संग्रह 'वन अर्थ, फोर ऑर फाइव वर्ल्ड' था। पाज नोबेल पुरस्कार विजेता होने के साथ भारत में मेक्सिको के राजदूत भी रहे थे। 1983 में प्रकाशित इस पुस्तक में उन्होंने अमेरिका, लैटिन अमेरिका, भारत और मध्य-पूर्व के राजनीतिक-सांस्कृतिक विषयों पर गहन विचार किए हैं। पाज का मत था कि फलस्तीनी नेताओं की कट्टरता का दूसरा पहलू 'इस्राइली हठधर्मिता' थी। वे लिखते हैं, "यहूदियों और अरबों दोनों की जड़ें एक ही वृक्ष की शाखाएं हैं।

***शांति और न्याय का मार्ग अभी भी कठिन है, जिसके लिए और कई बाधाओं को पार करना है। इस विवाद के 40 से अधिक साल बीत जाने के बाद भी इस संघर्ष के बारे में किताब में जो कुछ भी कहा गया है, वह आज भी प्रासंगिक है।***

# धनतेरस की शुभता आरोग्य से समृद्धि की ओर अग्रसर



दिवाली के त्यौहार के आरंभ के प्रतीक धनतेरस के इस शुभ दिन को हम पारंपरिक रूप से समृद्धि, नवीनीकरण और नई शुरुआत के दिन के रूप में मनाते हैं। हमारे प्राचीन ग्रंथों के अनुसार, यह दिन समुद्र मंथन यानि ब्रह्मांडीय महासागर के महान मंथन के दौरान देवी लक्ष्मी और देवताओं के वैद्य धन्वंतरि के दिव्य अवतरण का स्मरण कराता है। यह पवित्र दिन केवल भौतिक समृद्धि का ही नहीं, बल्कि इस गहरे सच का भी प्रतीक है कि वास्तविक संपन्नता संपूर्ण कल्याण से ही आती है। संक्षेप में कहें तो, धनतेरस का त्यौहार हमें याद दिलाता है कि स्वास्थ्य ही सबसे श्रेष्ठ और सबसे चिरस्थायी धन है।

आयुर्वेद के अथाह ज्ञान के अनुसार, धनतेरस का महत्व त्यौहार से कहीं बढ़कर है। यह मौसम में होने वाले महत्वपूर्ण परिवर्तनों के साथ जब हेमंत ऋतु, यानी शीत ऋतु का आरंभ हो रहा होता है उस समय आता है। हमारे प्राचीन ऋषियों के अनुसार इस अवधि को कायाकल्प, विषहरण और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए अत्यंत अनुकूल माना जाता है। इस शुभ दिन से जुड़े पारंपरिक अनुष्ठान, जैसे कि मिट्टी के दीये जलाना और सोने-चांदी के बर्तनों की औपचारिक खरीद, स्वास्थ्य संरक्षण के प्रतीकात्मक और शारीरिक दोनों आयामों को दर्शाते हैं।

दीये की प्रज्वलित लौ चेतना के प्रकाश और अज्ञानता के निवारण का प्रतीक है, वहीं अपने उपचार गुणों और शरीर की ऊर्जा को संतुलित करने की उल्लेखनीय क्षमता के कारण सोना और चांदी जैसी कीमती धातुएं आयुर्वेदिक चिकित्सा में हजारों सालों से महत्वपूर्ण मानी जाती रही हैं। यह पवित्र दिन अंतरावलोकन, कृतज्ञता और सचेत देखभाल को भी प्रोत्साहित करता है। आयुर्वेद हमें सिखाता है कि तीन मूलभूत जैव-ऊर्जाओं-वात, पित्त और कफ जिन्हें सामूहिक रूप से त्रिदोष कहा जाता है उनका सामंजस्यपूर्ण संतुलन कितना आवश्यक है। इनका संतुलन हमारे जीवन में उत्साह, हमें मजबूत बनाने और हमारी दीर्घायु को सुनिश्चित करता है। जब ये तात्विक शक्तियाँ हमारे शरीर में संतुलन में रहती हैं, तो वे ओजस को जन्म देती हैं, यह तीव्र शक्ति, रोग प्रतिरोधक क्षमता और आध्यात्मिक तेज का सूक्ष्म सार है। यह ओजस स्थायी समृद्धि का सच्चा आधार है, जो केवल भौतिक समृद्धि या लौकिक सफलता से कहीं आगे तक फैला हुआ है।

आयुर्वेद की धन-संपत्ति की अवधारणा अत्यंत समग्र और बहुआयामी है। यह हमें सरल किन्तु परिवर्तनकारी अभ्यासों के माध्यम से अपने शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण में सचेत निवेश करने का निमंत्रण देती हैं। इनमें पौष्टिक मौसमी खाद्य पदार्थों से अपने शरीर का पोषण करना, ध्यान और प्राणायाम के माध्यम से मन की शांति बनाये रखना, पर्याप्त और आरामदायक नींद सुनिश्चित करना, सौहार्दपूर्ण संबंध बनाना और कृतज्ञता एवं संतोष की भावना को बढ़ावा देना शामिल है। ये केवल औपचारिक अनुष्ठान नहीं हैं, बल्कि चिर-सम्मानित स्वास्थ्य नुस्खे हैं जो हमारी सहनशक्ति को मजबूत करते हैं, हमारी प्रतिरक्षात्मकता को बढ़ाते हैं, तथा हमारे जीवन में स्थिरता और शांति लाते हैं। धनतेरस के समय होने वाले मौसमी परिवर्तन के दौरान, आयुर्वेदिक पद्धतियों जैसे अभ्यंग (तेल मालिश), घी और गर्म मसालों का सेवन, योग का अभ्यास, तथा पाचन और मौसमी आहार को अपनाने का एक उपयुक्त अवसर होता है।

आज की बात



**प्रतापराव जाधव**

केंद्रीय आयुर्वेद, योग व प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध, सोवा रिग्पा और होम्योपैथी (आयुष) राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण राज्य मंत्री

हजारों वर्षों के अनुभवजन्य ज्ञान पर आधारित ये निवारक उपाय हमें मजबूत और स्वस्थ बनाने और बीमारियों को आने से पहले ही रोकने में मदद करते हैं। आज के आधुनिक समय में, जहां जीवनशैली संबंधी विकार महामारी के रूप में फैल रहे हैं और तनाव से जुड़ी बीमारियां लाखों लोगों को प्रभावित कर रही हैं, आयुर्वेद का प्राचीन ज्ञान व्यावहारिक, सुलभ और प्रभावी समाधान प्रदान करता है।

आयुष मंत्रालय इन पारंपरिक स्वास्थ्य विज्ञान को मुख्यधारा की स्वास्थ्य सेवा में एकीकृत करने के लिए अथक प्रयास कर रहा है, जिससे हर भारतीय परिवार स्वस्थ हो सके और साथ ही इस अमूल्य ज्ञान को दुनिया के साथ भी साझा किया जा सके। इस धनतेरस पर, मैं सभी नागरिकों से अपने दैनिक जीवन में आयुर्वेदिक पद्धतियों को अपनाने की हार्दिक अपील करता हूं।

सब लोग संतुलित और मौसमी पोषण को प्राथमिकता दें, नियमित स्व-देखभाल दिनचर्या अपनाएं, सचेत जीवन जिएं, निवारक स्वास्थ्य उपाय अपनाएं, और शरीर, मन और आत्मा के बीच सामंजस्य बनाए रखें। आइए, हम इस पावन पर्व का सम्मान केवल सोना-चाँदी खरीदकर भौतिक समृद्धि प्राप्त करके ही न करें, बल्कि अपनी सबसे मूल्यवान और अपूरणीय संपत्ति-अपने स्वास्थ्य और कल्याण में निवेश करने की प्रतिबद्धता लेकर भी करें।

अपनी सभ्यता के ज्ञान में निहित इन सरल, किंतु गहरे रूप से प्रभावी और समय-सिद्ध तरीकों को अपनाकर, हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि समग्र कल्याण का दीप्तिमान प्रकाश हमारे घरों को प्रकाशित करे, हमारे परिवारों को स्वस्थ रखे और हमारे समुदायों का उत्थान करे। ऐसा करके, हम न केवल त्योहार के पारंपरिक महत्व का सम्मान करते हैं, बल्कि भावी पीढ़ियों के प्रति अपनी ज़िम्मेदारी भी निभाते हैं।
यह धनतेरस हमारे देश के हर घर में न केवल भौतिक सम्पति बल्कि दीर्घकालिक, सौष्ठव, प्राकृतिक संतुलन, मानसिक शांति और सच्चा आनंद लेकर आए। आइए हम एक ऐसा त्योहार मनाएँ जो वास्तव में शरीर का पोषण करे, मन को ऊर्जावान बनाए और आत्मा का उत्थान करें, जिससे स्वास्थ्य और संपूर्णता की एक अमूल्य विरासत का निर्माण हो सके जो आने वाली पीढ़ियों तक गूंजती रहेगी।

## दीपावली शुचिता का पर्व है

कार्तिक कृष्ण पक्ष की अमावस्या की सघन काली रात में ज्योति का झिलमिल प्रकाशं करके दीपावली मनाने की यह परम्परा भारतीय संस्कृति के बहुमुखी चिन्तन को प्रकट करती है। समाजशास्त्रियों का मत है कि विजयादशमी खासकर क्षत्रियों का धर्व है। इस अवसर पर शासक वर्ग अपनी राज-व्यवस्था, राष्ट्र-व्यवस्था का निरीक्षण-परीक्षण कर उसके गुण-दोषों की समीक्षा करते थे और राज-व्यवस्था को हर दृष्टि से मजबूत व व्यवस्थित करने का प्रयास करते थे। विजयादशमी के बाद दीपावली आती है। यह वैश्यों का पर्व है। वैश्य व्यापारी वर्ग राष्ट्र की आर्थिक धुरा का संचालक है। किसी भी राष्ट्र व समाज की सुदृढ़ता, सुस्थिरता और संपन्नता केवल सेना और शस्त्र-बल के आधार पर नहीं हो सकती। राष्ट्र की धुरी का अर्थ है-धन। धन से ही राष्ट्र की व्यवस्था चलती है। इसलिए राष्ट्र की आर्थिक प्रगति का लेखा-जोखा, निरीक्षण-परीक्षण कर नवीन योजनाएँ बनाने का अवसर मिलता है दीपावली के दिन ।इसलिए समाजशास्त्र की दृष्टि से राष्ट्र की अर्थव्यवस्था को सुसंचालित करने वाला पर्व दीपावली है। अतः इसे राष्ट्र की सुख-समृद्धि का प्रतीक भी माना गया है। दीपावली भारत का सांस्कृतिक पर्व है। इसका त्यौहार के रूप मे प्रचलन कब हुआ यह कहना मुश्किल है। कुछ लोगों की मान्यता है कि राजा बलि ने देवताओं को बन्दी बनाया तब उनके साथ लक्ष्मी को भी बन्दी बना लिया था। तब विष्णु ने वामन रूप धारणकर देवताओं सहित लक्ष्मी को बलि के बन्दीगृह से कार्तिक अमावस्या के दिन मुक्त कराया। इस कारण इस दिन लक्ष्मी की पूजा प्रारम्भ हो गई। कुछ विद्वानों का यह कथन है कि मर्यादा पुरुषोत्तम राम लंका-विजय करके सीता-लक्ष्मण सहित अयोध्या लौटे तो अयोध्यावासियों ने पूरे राज्य में विशाल उत्सव मनाया। घर-घर पर दीपक जलाये गये। इसलिए कार्तिक अमावस्या के दिन दीपमालिका करने की प्रथा चली। संत तुलसीदास जी ने गीतावली में भी इसका रोचक वर्णन किया है : -

ततस्तु लोकः प्रतिवर्षमादराद् प्रसिद्धं
दीपावलिका भारते।

राम-राज्याभिषेक उत्सव तथा भगवान महावीर निर्वाण की दोनो घटनाओं में समानता यही है कि जनता ने दीप जलाकर प्रकाश उत्सव मनाया। हमारी लक्ष्मी न्यायोपार्जित ही हम सविवेकपूर्वक इसका उपयोग व उपयोग करें। दीपक संसार में जलकर प्रकाश करता है। इसी तरह यहां अपना बलिदान देकर दूसरों के जीवन में प्रकाश करें। अंधकार में मटकरी लोगों को ज्ञान-ज्योति, नेत्र ज्योति और आनन्द की ज्योति प्रदान कर जाते जीवन की सार्थक बनाएँ। दीपावली शुचिता का पर्व है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**कांतिलाल मांडोत**

# धर्मराज, मुक्ति और शक्ति का त्रिवेणी पर्व नरक चतुर्दशी

कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी की तिथि भारतीय संस्कृति, परंपरा व अध्यात्म में न केवल एक अद्वितीय स्थान रखती है, बल्कि यह तिथि एक पर्व, प्रकाश, कर्म, न्याय व शक्ति के सिद्धांतों का जीवंत प्रतीक भी है। कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी को छोटी दीवाली, नरक चतुर्दशी, रूप चौदस, काली चौदस आदि नामों से भी जाना जाता है। पौराणिक ग्रंथों में इसका उल्लेख यमराज की पूजा, नरकासुर के संहार और देवी काली के शक्ति प्रदर्शन के रूप में किया गया है। एक मान्यतानुसार कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी श्रीराम भक्त हनुमान का जन्म दिवस भी है, इसलिए इस दिन हनुमान जन्मोत्सव भी मनाया जाता है। इस प्रकार यह हनुमान की शक्ति और पराक्रम को स्मरण करने का भी दिन है।

आपकी बात



**अशोक 'प्रवृद्ध'**

कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी के इस पवित्र दिन का प्रथम और सबसे महत्वपूर्ण अनुष्ठान मृत्यु के देवता यमराज से संबंधित है। इसलिए इस दिन को यम चतुर्दशी अथवा यम दिवस के नाम से जाना जाता है। यमराज केवल प्राण हरने वाले देवता नहीं हैं, बल्कि वे धर्मराज हैं, जो जीवों के कर्मों का निष्पक्ष मूल्यांकन करते हैं। यमराज की उत्पत्ति सूर्यदेव (विवस्वान) और उनकी भार्या संज्ञा से हुई थी। वे संज्ञा के जुडवां पुत्र थे, और उनकी जुडवां बहन का नाम यमी था, जो बाद में यमुना नदी के रूप में प्रसिद्ध हुईं। इनके अनेक नाम प्रचलित हैं। पौराणिक व स्मृति ग्रंथों में यमराज के यम, धर्मराज, मृत्यु, अंतक, वैवस्वत, काल, सर्वभूतक्षय, औदुम्बर, दध्नानील, परमेष्ठी, वृकोदर, चित्र और चित्रगुप्त आदि चौदह नामों का विशेष उल्लेख है। चतुर्दशी के दिन इन चौदह नामों से यमराज का तर्पण किये जाने की परिपाटी है, और प्रत्येक नाम से तीन-तीन अंजलि जल अर्पित किया जाता है। धर्म के नियमों का पालन करते हुए न्याय करने के कारण ही यमराज को धर्मराज कहा जाता है। मृत्यु पश्चात मनुष्य सबसे पहले यमलोक पहुंचता है, जहां यमराज उसकी आत्मा को स्वर्ग अथवा नर्क में भेजने का निर्णय लेते हैं। उनका वाहन महिष अर्थात भैंसा है। वे दंड धारण करते हैं, इसलिए उन्हें दंडधर भी कहां जाता है। वे दक्षिण दिशा के दिक्पाल हैं। अपनी राजधानी संयमनीपुरी में लगने वाली दरबार में वे अपनी पत्नी देवी धुमोरना और मुंशी चित्रगुप्त के साथ विराजमान रहते हैं। अकाल मृत्यु से मुक्ति तथा स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए इनके पूजन का विधान है। कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी की संध्या पर यम को दीपदान करने की प्रथा इस पर्व का केंद्रीय अनुष्ठान है। इस दिन सरसों के तेल का दीया जलाकर उसे घर के बाहर किसी उंचे स्थान पर, विशेष रूप से दक्षिण दिशा की ओर मुख करके रखा जाता है। यह दिशा यमराज की मानी जाती है, और यह दीप उन्हें समर्पित किया जाता है। इस दीपदान की परंपरा पुण्यात्मा व धर्मात्मा राजा रन्ति देव से जुड़ी है। वहीं, चतुर्दशी के दो दिन बाद आने वाला भाई दूज अर्थात यम द्वितीया भी यमराज और यमी के भाई-बहन के प्रेम को समर्पित है। इस दिन बहन के घर भोजन करने से भाई की उम्र बढ़ती है और वह यम की यातना से मुक्त रहता है, जो इस परिवार (सूर्य, यम, यमी) के महत्व को दिवाली के पंच दिवसीय पर्व पर स्थापित करता है। यम चतुर्दशी के साथ ही यह तिथि नरक चतुर्दशी के रूप में भी प्रसिद्ध है, जिसकी कथा दैत्यराज नरकासुर के वध से जुड़ी है। यह कथा अत्याचार पर शक्ति की विजय और असहायों की मुक्ति का प्रतीक है। विष्णु पुराण और भागवत पुराण में अंकित कथा के अनुसार नरकासुर की उत्पत्ति द्वापर युग में भगवान विष्णु के वराह अवतार के समय भूमि देवी के गर्भ से हुई थी। वह भौमासुर के नाम से जाना जाता था। अपने क्रूर कर्मों के कारण वह नरकासुर कहलाया। उसने अपनी राजधानी प्राग्ज्योतिषपुर वर्तमान गुवाहाटी में स्थापित की। और अपनी शक्ति से उसने इंद्र, वरुण, वायु जैसे देवताओं को भी परास्त किया। और 16,100 राजकुमारियों और संतों की स्त्रियों को बंदी बनाकर रखा और उनका शोषण किया। उसने अदिति के कुंडल और देवताओं की मणि भी छीन ली थी। नरकासुर को एक स्त्री के हाथों मरने का श्राप प्राप्त था। देवताओं और ऋषियों की प्रार्थना पर भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी पत्नी पृथ्वी की अवतार सत्यभामा को अपना सारथी बनाया। कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी को श्रीकृष्ण ने सत्यभामा की सहायता से भीषण युद्ध के उपरांत नरकासुर का वध किया। और सभी 16,100 कन्याओं को बंधन से मुक्त किया। समाज में उनके सम्मान की रक्षा के लिए उन कन्याओं ने श्रीकृष्ण से विवाह करने की इच्छा व्यक्त की। श्रीकृष्ण ने उन्हें स्वीकार कर लिया और उन्हें अपनी पत्नी के रूप में प्रतिष्ठित कर सम्मान प्रदान किया। इस उपलक्ष्य में नगरवासियों ने नगर को दीपों से प्रकाशित किया और उत्सव मनाया। उस समय से नरक चतुर्दशी का त्यौहार मनाया जाने लगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

चकाचौंध, चुंधिया गयीं, लक्ष्मी भी इस बार।
दीप नहीं, हैं मालिका, कैसे हैं घर द्वार ?

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# अपने से चतुर लोगों का मुकाबला कैसे करें?

दीपावली को अंधकार के उपर प्रकाश के विजय पर्व के तौर पर जाना जाता है। ऐसा ही एक अंधकार हमारी अज्ञानता में भी समाया हुआ होता है और हम प्रायः ऐसे ही सवालों से जुझते रहते हैं कि अपने से चतुर लोगों का मुकाबला कैसे करें। यह सवाल कुछ ऐसा जब हम स्वयं में चतुर होने के बावजूद अपने से चतुर लोगों के साथ मुकाबले को लेकर हमेशा सवालों के घेरे में बने ही रहते हैं। इन सवालों के सामने हम विवश हो कर रह जाते हैं क्योंकि हमें अंधकार को हराने वाले प्रकाश का ध्यान ही नहीं होता। अंधकार और प्रकाश के आपसी समीकरण का यह एक पक्ष है। ऐसा तब होता है जबकि चतुर होने पर भी चतुराई के दायरे असीमित नहीं होते। अब यदि कोई ऐसी परिस्थिति सामने आ भी जाए तो बड़ा सा सवाल यह आ खड़ा होता है कि क्या हमारा "मैं" इसका मुकाबला करने में सक्षम है? दिल लगाकर देखें तो हम बेहिचक व बेहिसाब भाव से किसी चतुर के चतुराई को उसी के ताने बाने में लपेटने में सक्षम होते हैं और इस लक्ष्य को बहुत आसानी से हासिल कर सकते हैं फिर भी प्रतिक्षण ऐसे किसी सवाल को लेकर आशंकित बने ही रहते हैं। ऐसा भी तब जबकि इस आशंका का बहुत ही सरल सा समाधान है और सीमित पारिवारिक परिदृश्य के साथ इस चतुराई को आईना दिखाया जा सकता है। उदाहरण के तौर पर आप किसी भी गृहलक्ष्मी से दुनिया के सबसे मूर्ख व्यक्ति को लेकर सवाल पूछ लें। आपको जो उत्तर मिलेगा वह सार्वभौमिक तौर पर एक समान होगा और खुद की गृह लक्ष्मी की नजर में सबसे मूर्ख प्राणी के रूप में आप का नाम ही सामने आएगा। यह एक सार्वभौमिक तथ्य है और इसके इसी सार्वभौमिकता में यह भी शामिल है कि पत्नी महोदया चतुर ही होती है और आपका "मैं" शाश्वत मूर्ख का बना रहता है। शाश्वत मूर्ख होने के बावजूद यह भी सही है कि आपका यही "मैं" प्रतिदिन उसी चतुर महिला के असंख्य सवालों के चक्रव्यूह भेदन में दिन रात लगा हुआ रहता है। इतना ही नहीं, आपका "मैं" तो आखिरकार उन्हीं बच्चों का बाप होता है जिन्हें आजकल "फाईव जी" बच्चों की संज्ञा दी जा रही है। जाहिर सी बात है इस दृष्टि से भी आपके खुद के "मेरा" का मुकाबला क्षण प्रतिक्षण अपने से चतुर उस श्रेणी के साथ निरंतर होता रहा है जिनकी आपने परवरिश की है। मजे की बात यह भी कि अपेक्षाकृत इन चतुर श्रेणी के प्रजातियों से मुकाबले के लिए यही "मैं" सनातन काल से स्थापित मान्यताओं का एक सक्रिय वाहक बनकर अपेक्षाकृत न्यूनतम क्षमता का प्राणी बना हुआ है। उपरोक्त पृष्ठभूमि पर चर्चा का यह प्रसंग इसलिए भी प्रासांगिक है क्योंकि यह प्रश्न खुद में चतुराई का एक प्रबल विकल्प बनकर सामने आता रहता है। अब इतने चतुर प्रश्न का प्रबंधन मुफ्त की मुफ्ती से संभव नहीं है तो मुफ्त के अनुभवों की मानें और प्रश्न या प्रश्नकर्ता की काबिलियत को नजरअंदाज करते रहें। सवाल सामने आया नहीं कि बगैर समझे बूझे प्रश्न के समर्थन में सिर झुका कर नतमस्तक भाव से चलते रहें। यकीन मानिए, देखते देखते प्रश्न की चतुराई कहीं गुमनामी के अंधेरे में होगी और आपकी तथाकथित "मूर्खता" तत्क्षण आपकी काबिलियत बनकर सामने होगी। अब प्रत्युत्तर में गलती से भी कहीं आपने अपनी काबिलियत झाड़नी शुरू की तो वहीं पर आपकी काबिलियत धरी की धरी रह जाएगी और आप ऑन रिकॉर्ड कहाँ, क्यों, कौन, कैसे और कब जैसे "पंचमुखी दानव" के शिकार होते हुए न खुद को सुरक्षित रख पाएंगे और न किसी प्रकाश की कामना ही कर पाएंगे। बहरहाल, मजाक मजाक में रचे गए गृहलक्ष्मी के इस संदर्भ का सार यह भी है कि कोई भी "चतुर" या उसकी "चतुराई" कभी भी किसी व्यक्ति या उसके सवालों में अंतर्निहित नहीं होते। चतुर तो हमेशा समय होता है और किसी भी सवाल के मुकाबले के लिए समय का प्रबंधन ही उसका उचित जवाब होता है। बहरहाल प्रतीक्षा के विकल्प का इंतजार करते हुए तमाम अस्वीकृतियों को कचड़े के डब्बे में फेंक डालिए, मजे से परिस्थितियों को स्वीकार करते रहिए, और क्षण प्रतिक्षण जीवन में दीपावली का अनुभव करते रहिए। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



**केदारनाथ दास**



स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# क्रिसमस समारोह के तरह दीवाली मनाएं : अखिलेश यादव

**एजेंसी। लखनऊ**



समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने शनिवार को राजनीतिक विवाद खड़ा करते हुए दिवाली समारोहों पर सरकार के भारी खर्च पर सवाल उठाए और इसकी तुलना दुनिया भर में क्रिसमस के जश्न से की। उन्होंने सुझाव दिया कि भारत को शहरों में क्रिसमस मनाने के तरीके से सीखना चाहिए। एक जनसभा को संबोधित करते हुए, यादव ने कहा, 'मैं भगवान राम के नाम पर एक सुझाव देना चाहूंगा। दुनिया भर में, क्रिसमस के दौरान सभी शहर महीनों तक जगमगाते रहते हैं। हमें उनसे सीखना चाहिए।' उन्होंने सरकार के खर्च करने के तरीके पर सवाल उठाते हुए कहा, 'हमें दीयों और मोमबत्तियों पर पैसा क्यों खर्च करना पड़ता है और इसके लिए इतना सोचना क्यों पड़ता है?' उन्होंने आगे सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, 'हम इस सरकार से क्या उम्मीद कर सकते हैं? इसे हटा दिया जाना चाहिए। सांसद की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब अयोध्या दिवाली मनाने के लिए 26 लाख से ज्यादा दीये जलाकर एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाने की तैयारी कर रहा है।

**विहिप और भाजपा का आखिलेश पर हमला**

## जिहादियों और धर्मांतरण गिरोहों के मसीहा है अखिलेश : विहिप

हिंदू संगठन विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने यादव पर भारतीय संस्कृति की बजाय विदेशी परंपराओं का महिमामंडन करने का आरोप लगाया। बंसल ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'जरा सुनिए, दिवाली के मौके पर क्रिसमस की तारीफ़ करते यूपी के इस पूर्व मुख्यमंत्री की बात। दीयों की कतारों ने उनका दिल इतना जला दिया है कि वो एक अरब हिंदुओं को उपदेश दे रहे हैं, दीयों और मोमबत्तियों पर पैसा बर्बाद मत करो, क्रिसमस से सीखो।' उन्होंने यादव को जिहादियों और धर्मांतरण गिरोहों के तथाकथित मसीहा बताते हुए आरोप लगाया कि वह हिंदुओं से ज्यादा ईसाइयों से प्यार करते हैं और भारतीय त्योहारों से ज्यादा विदेशी त्योहारों का महिमामंडन करते हैं। बंसल ने यह भी कहा, 'जब ईसाई धर्म नहीं था, तब भी दिवाली मनाई जाती थी। आज दिवाली पर वो क्रिसमस पर प्रवचन दे रहे हैं। क्रिसमस दो महीने बाद आएगा। उन्हें ये भी नहीं पता कि कौन सा त्योहार आ रहा है। अखिलेश यादव अपनी सनातन विरोधी मानसिकता से कब मुक्त होंगे? अयोध्या की रौनक और हिंदुओं की खुशी पर इतनी ईर्ष्या ठीक नहीं है।'

## अयोध्या के जगमगाने से अखिलेश को है दिक्कत: भाजपा



भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें 'अयोध्या के जगमगाने से दिक्कत' है। पूनावाला ने कहा, 'उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के शासन के दौरान अयोध्या को अंधेरे में रखा गया था। तत्कालीन सपा सरकार ने पहले भी राम भक्तों पर गोलियां चलवाई थीं। अब जब अयोध्या जगमगा रही है, तो अखिलेश यादव को दिक्कत हो रही है।' उन्होंने आगे कटाक्ष करते हुए कहा, 'ये लोग सैफई में नाच-गाने का आयोजन करते थे, लेकिन अयोध्या में दिवाली मनाई जा रही है, तो अखिलेश यादव को दिक्कत हो रही है।'

# चंद्रयान-2 ने सूर्य के चांद पर पड़ने वाले असर का पता लगाया: इसरो

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु स्थित अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि इस अवलोकन से चंद्रमा के बाह्यमंडल, चंद्रमा के बहुत पतले वायुमंडल और उसकी सतह पर अंतरिक्ष मौसम के प्रभाव को समझने में मदद मिलेगी। श्रीहरिकोटा से 22 जुलाई 2019 को जीएसएलवी-एमके3-एम1 रॉकेट के जरिये प्रक्षेपित किए गए चंद्रयान-2 में आठ वैज्ञानिक उपकरण थे और 20 अगस्त 2019 को चंद्रयान-2 सफलतापूर्वक चंद्रमा की कक्षा में पहुंचा। इसरो की एक विज्ञप्ति के अनुसार, चंद्रयान-2 पर लगे उपकरणों में से एक—'चंद्राज एटमॉस्फेरिक कॉम्पोजिशनल एक्सप्लोरर-2' (सीएचएसीई-2) ने सूरज से निकलने वाली कोरोनल मास इजेक्शन का चंद्रमा के बाहरी वायुमंडल पर पड़ने वाला असर रिकॉर्ड किया है। सीएचएसीई-2 उपकरण का मुख्य उद्देश्य चंद्रमा के तटस्थ बाहरी वायुमंडल (न्यूट्रल एक्सोस्फीयर) की संरचना, उसका विस्तार और उसमें होने वाले बदलावों का अध्ययन करना है।

**'चंद्रायन-2' ने सूर्य से निकले कोरोनल मास इजेक्शन का चंद्रमा के बाहरी वायुमंडल पर प्रभाव दर्ज किया**



**यह अवलोकन चंद्रमा के बाह्यमंडल और अंतरिक्ष मौसम के प्रभाव को समझने में मदद करेगा**

# भारतीयों ने संस्कृति का प्रचार प्रसार किया किसी पर आक्रमण नहीं किया: भागवत



● राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने नई दिल्ली में 'आर्य युग विषय कोश' की शुरुआत के अवसर पर संबोधन दिया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भागवत ने कहा, ''कई आक्रमणकारी आए और हमें लूटा, दास बनाया। आखिरी आक्रमणकारियों ने हमारे मस्तिष्क को लूटा। हम अपनी ताकत ही भूल गए और यह भी भूल गए कि हम दुनिया के साथ क्या साझा कर सकते है।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि प्राचीन काल में भारत के लोग संस्कृति और विज्ञान का प्रचार प्रसार करने के लिए दुनिया भर में घूमें लेकिन उन्होंने कभी किसी पर न तो आक्रमण किया और न ही धर्मांतरण कराने में लिप्त हुए। यह बात उन्होंने यहां 'आर्य युग विषय कोश' की शुरुआत के अवसर पर कही।भागवत ने कहा कि कई आक्रमणकारियों ने भारत को लूटा और दास बनाया और आखिरी बार आक्रमण करने वालों ने भारतीयों के मस्तिष्क को लूटा। उन्होंने कहा, ''हमारे पूर्वज मेक्सिको से साइबेरिया तक गए और दुनिया को विज्ञान व संस्कृति सिखाई। उन्होंने किसी का धर्मांतरण नहीं किया और न ही आक्रमण किया। हम सद्भावना और एकता का संदेश लेकर गए।'' भागवत ने कहा, ''कई आक्रमणकारी आए और हमें लूटा, दास बनाया। आखिरी आक्रमणकारियों ने हमारे मस्तिष्क को लूटा। हम अपनी ताकत ही भूल गए और यह भी भूल गए कि हम दुनिया के साथ क्या साझा कर सकते है।'' उन्होंने कहा, ''आध्यात्मिक ज्ञान अब भी फल-फूल रहा है और आर्यवर्त के वंशज के तौर पर हमारे पास विज्ञान व अस्त्र-शस्त्र, शक्ति व सामर्थ्य, आस्था व ज्ञान है।

## गैर-हिंदू से मिले तो बेटियों के पैर तोड़ दो : पूर्व सांसद

**नई दिल्ली।** पूर्व सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने अभिभावकों को गैर-हिंदुओं से मिलने वाली बेटियों के पैर तोड़ने का विवादास्पद सुझाव दिया है, जिस पर कांग्रेस ने मध्य प्रदेश में कथित धर्मांतरण के मामलों की कम संख्या का हवाला देते हुए भाजपा पर बेवजह नफरत फैलाने का आरोप लगाया है।भोपाल की पूर्व सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर की एक टिप्पणी पर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। उन्होंने कहा है कि माता-पिता को अपनी बेटियों को 'गैर-हिंदुओं' के घर जाने से रोकना चाहिए और अगर वे न मानें तो उनकी 'टांगें तोड़ देनी चाहिए'। इस महीने की शुरुआत में भोपाल में एक धार्मिक कार्यक्रम में बोलते हुए, ठाकुर ने माता-पिता से कहा कि अगर उनकी बेटी उनकी मर्जी के खिलाफ कुछ करे तो उसे शारीरिक सजा दें।

● ठाकुर ने क्या कहा?

फेसबुक पर एक वायरल वीडियो में प्रज्ञा ठाकुर ने कहा, 'अपने मन को पक्का करो, इतना पक्का कि अगर हमारी बेटी हमारी बात नहीं मानती, अगर वह किसी गैर-हिंदू के घर जाती है, तो उसके पैर तोड़ने के बारे में सोचने से पीछे मत हटो।' उन्होंने आगे कहा, 'जो बच्चे बड़ों की बात नहीं मानते और घर से भागने को तैयार रहते हैं... उनके प्रति ज्यादा होशियार रहें। उन्हें अपने घरों से बाहर न निकलने दें। उन्हें पीटकर, समझाकर, प्यार करके या डांटकर रोकें।' ठाकुर ने माता-पिता को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि, 'अगर आपको अपने बच्चों की भलाई के लिए उन्हें पीटना पड़े, तो मत हिचकिचाओ। जब माता-पिता ऐसा करते हैं, तो यह उनके बच्चों के अच्छे भविष्य के लिए होता है; वे उन्हें टुकड़ों में कटकर मरने नहीं देते।'

## जैन मंदिर में चोरी के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद के पालड़ी इलाके में स्थित जैन मंदिर में हुई चांदी चोरी का मामला क्राइम ब्रांच की सक्रियता से सुलझ गया है। पुलिस ने मामले में 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। फिलहाल, आरोपियों से पूछताछ जारी है और उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। चोरी की घटना 13 अक्टूबर को सामने आई थी। मंदिर के सेक्रेटरी ने पालड़ी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि मंदिर से मुकुट, अंगी, कुंडल और अन्य कीमती सामान चोरी हो गए हैं। शुरुआती जांच में पता चला कि मंदिर के पुजारी मेहुल कुछ समय के लिए सीसीटीवी कैमरे बंद कर रहा था। चोरी के बाद मेहुल राठौड़, सफाई कर्मी किरण और हेतल फरार हो गए।

**न्यूज बॉक्स**

## मुंबई हवाई अड्डे पर 1.6 करोड़ मूल्य का विदेशी सोना जब्त सफाई कर्मी गिरफ्तार

**मुंबई।** राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) ने मुंबई हवाई अड्डे पर दो सफाई कर्मचारियों को 1.6 करोड़ रुपये मूल्य के विदेशी सोने की तस्करी की कोशिश करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।अधिकारियों ने बताया कि जांच में पता चला है कि तस्करी गिरोह ने विमान में सोना छिपाने के लिए विदेशी यात्रियों का इस्तेमाल किया था, जिसे बाद में हवाई अड्डे के कर्मचारियों ने अन्य कर्मचारियों की मदद से बरामद कर लिया। अधिकारी ने बताया कि दोनों आरोपी एक हवाई अड्डा सेवा कंपनी के कर्मचारी हैं और उन्हें शनिवार को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि सीमा शुल्क अधिनियम के तहत कुल 24 कैरेट शुद्धता वाला 1.2 किलोग्राम सोना जब्त किया गया, जिसकी कीमत लगभग 1.6 करोड़ रुपये है।

## नमक हराम के वोट नहीं चाहिए : गिरिराज

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने एक बार फिर अल्पसंख्यक समुदाय पर तीखी टिप्पणी करके एक नया विवाद खड़ा कर दिया है।



उन्होंने साफ तौर पर कहा कि उन्हें नमक हराम (गद्दारों) के वोट नहीं चाहिए। भाजपा सांसद ने यह विवादित टिप्पणी शनिवार को बिहार के अरवल जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए की।बेगूसराय से सांसद गिरिराज सिंह ने एक पुरानी बातचीत का हवाला देते हुए अपने विचार रखे। उन्होंने कहा, 'एक बार मैंने एक मौलवी से पूछा कि क्या उनके पास आयुष्मान भारत स्वास्थ्य कार्ड है, तो उन्होंने हां में जवाब दिया। जब मैंने पूछा कि क्या ये कार्ड हिंदू-मुस्लिम के आधार पर बांटे जाते हैं, तो उन्होंने ना में जवाब दिया।' उन्होंने आगे कहा, 'जब मैंने उनसे पूछा कि क्या उन्होंने मुझे वोट दिया है, तो उन्होंने हां कहा, लेकिन जब मैंने उनसे खुदा की कसम खाने को कहा, तो उन्होंने मना कर दिया कि उन्होंने वोट नहीं दिया। मुसलमान सभी केंद्रीय योजनाओं का लाभ उठाते हैं, लेकिन हमें वोट नहीं देते... ऐसे लोगों को नमक हराम कहा जाता है। मैंने मौलवी साहब से कहा कि मुझे नमक हराम के वोट नहीं चाहिए।'सवाल-जवाब का सिलसिला शुरू भाजपा नेता ने बताया कि उन्होंने मुस्लिम धर्मगुरु से पूछा था कि क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें गाली दी है, जिसका जवाब उन्हें 'नकारात्मक' मिला। केंद्रीय मंत्री ने कहा, 'मैंने उनसे यह भी पूछा कि क्या मैंने उनका अपमान किया है, जिस पर उन्होंने 'नहीं' कहा। फिर मैंने उनसे पूछा कि मेरा क्या कसूर था कि उन्होंने मुझे वोट नहीं दिया। जो दया स्वीकार नहीं करता, उसे 'नमक हराम' कहा जाता है।'

## पश्चिमी मिदनापुर में प्रसाद खाने से 150 से अधिक लोग बीमार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पश्चिमी मिदनापुर जिले के दासपुर इलाके में पूजा के दौरान प्रसाद खाने के बाद 150 से अधिक लोग बीमार पड़ गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार, शनिवार रात इलाके में सामुदायिक 'मनसा पूजा' थी और बड़ी संख्या में लोग पूजा का प्रसाद ग्रहण करने के लिए एकत्रित हुए थे। प्रसाद ग्रहण करने के बाद, शनिवार रात से ही लोगों को उल्टी और दस्त होने लगे। बीमार पड़ने वालों में कई महिलाएँ और बच्चे भी शामिल थे। लोगों के इलाज के लिए रविवार सुबह से ही एक चिकित्सा शिविर लगाया गया है। प्रशासन के अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे। हालांकि, दासपुर थाना क्षेत्र के सूरतपुर गांव में भारी हंगामा हुआ। पश्चिम मिदनापुर जिला पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि गांव में कई साल से 'मनसा पूजा' होती आ रही है। शनिवार रात पूजा समिति ने श्रद्धालुओं के लिए खिचड़ी का प्रसाद रखा। पुलिस अधिकारी ने बताया कि तीन सौ से ज्यादा लोगों ने प्रसाद खाया, लेकिन आधे से ज्यादा लोगों को उल्टी और दस्त होने लगे। दासपुर प्रखंड विकास अधिकारी दीपांकर बिस्वास ने बीमार पड़े पीड़ितों के इलाज की व्यवस्था की।

## मुंबई से बिहार जा रही कर्मभूमि एक्सप्रेस से गिरे तीन यात्री, दो की मौत

**नासिक।** मुंबई के लोकमान्य तिलक टर्मिनस से रक्सौल (बिहार) जा रही कर्मभूमि एक्सप्रेस में शनिवार देर रात एक दुखद हादसा हुआ। नासिक रोड रेलवे स्टेशन के पास तीन युवक ट्रेन से गिर गए, जिसमें दो की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। घटना शनिवार रात करीब 11 बजे की है। कर्मभूमि एक्सप्रेस नासिक रोड स्टेशन को पार कर चुकी थी। इसके कुछ ही देर बाद ओढा रेलवे स्टेशन के प्रबंधक आकाश ने नासिक रोड रेलवे विभाग को सूचना दी कि ढिकले नगर इलाके में ट्रेन के गुजरने के बाद तीन युवक रेलवे ट्रैक पर गिरे हुए पाए गए।

# आज का राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए व्यवसाय में नई-नई योजनाओं को बनाने के लिए रहेगा। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। आपको कोई जिम्मेदारी भरा काम सौंपा जाए, तो आप उसे समय रहते पूरा करने की कोशिश करें। विद्यार्थी परीक्षा की तैयारी में जमकर मेहनत करेंगे।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए सुख-सुविधाओं में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप मौज-मस्ती के मूड में रहेंगे। आप किसी भी काम को लेकर ज्यादा टेंशन नहीं लेंगे। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। जल्दबाजी के कारण आपका कोई भारी नुकसान हो सकता है।

**मिथुन :** आज आपको अपनी सेहत पर थोड़ा ध्यान देना होगा, क्योंकि आपको अत्यधिक तले भुने खाने से परहेज हो सकता है। जीवनसाथी को करियर में कोई बड़ी उपलब्धि हासिल होगी। आपको अपनी संतान से किए हुए वादे को पूरा करना होगा। आपको कोई महत्वपूर्ण काम मिल सकता है।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए किसी शुभ व मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए रहेगा। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों का मान-सम्मान मिलने से खुशियां बढ़ेंगी। आपको किसी सरप्राइज पार्टी के भी मिलने की संभावना है।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। मामा पक्ष की तरफ से आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है। भाई-बहनों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आप परिवार के सदस्यों को लेकर कहीं घूमने- जाने की योजना बना सकते हैं।

**कन्या :** आज का दिन नौकरी में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहेगा, उन्हें किसी दूसरी नौकरी का भी ऑफर आने की संभावना है। पारिवारिक मामलों को आप घर में रहकर निपटाएंगे, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। विद्यार्थियों की पढ़ाई-लिखाई के प्रति रुचि जागृत हो सकती है।

**तुला :** आज आपको कार्यक्षेत्र में अपने कामों पर पूरा ध्यान देना होगा और अपनी जिम्मेदारियों को लेकर भी ढील ना बरतें। जीवनसाथी के मनमाने व्यवहार के कारण आप टेंशन में रहेंगे। परिवार के सदस्यों की जरूरतों को पूरा करने में आप काफी व्यस्त रहेंगे।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको किसी नई वस्तु की प्राप्ति होगी। आपका कोई पुराना लेनदेन आपके लिए सिरदर्द बन सकता है। आप अपने किसी मित्र के कहने में आकर कोई बड़ा इन्वेस्टमेंट करने से बचें।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए समस्याओं से भरा रहने वाला है। आपको कोई अजनबी आपको धोखा दे सकता है। आपको अपने किसी सहयोगी से कोई बात सोच समझकर कहनी होगी। आप किसी प्रॉपर्टी के काम में अच्छा लाभ लेंगे। आपको किसी अजनबी पर भरोसा करना नुकसान देगा।

**मकर :** आज आपको आपका रुका हुआ धन मिलने से खुशी होगी। आपको अत्यधिक मात्रा में धन मिलने से आपकी खुशियों को चार चांद लगेंगे, लेकिन आप अपने खर्चों को कंट्रोल करें। वाहनों का प्रयोग भी आपको थोड़ा सावधान रहकर करना होगा। आप अपने खाने-पीने की जरूरतों पर पूरा ध्यान देंगे।

**कुंभ :** आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। प्रेम जीवन जी रहे लोग साथी के बातों में आकर कोई बड़ा इन्वेस्टमेंट करने के बारे में सोचेंगे। पारिवारिक मामलों में आप ढील बिल्कुल ना दें। आपको किसी पुराने मित्र की याद सता सकती हैं। माताजी आपके लिए कोई सरप्राइस लेकर आएंगी।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। उच्च अधिकारियों की कृपा आप पर बनी रहेगी। परिवार के सदस्यों के साथ आप कुछ मौजमस्ती भरे पल व्यतीत करेंगे। संतान को कोई सेहत से जुड़ी समस्या हो सकती है। आपको अपने कामों पर पूरा ध्यान देना होगा।

## बिहार में एआईएमआईएम ने उतारे 25 उम्मीदवार



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** एआईएमआईएम ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए अपने 25 उम्मीदवारों की सूची जारी की है, जिसमें मोहम्मद कैफ और अनस सलाम जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं। आगामी चुनाव में 6 और 11 नवंबर को मतदान होगा, जिसकी मतगणना 14 नवंबर को निर्धारित है, जो राज्य की राजनीतिक दिशा तय करेगी।ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन ने रविवार को आगामी बिहार विधानसभा चुनाव के लिए अपने 25 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी। 243 सीटों वाली बिहार विधानसभा के लिए मतदान 6 नवंबर और 11 नवंबर को होगा, जबकि मतगणना 14 नवंबर को निर्धारित है।एआईएमआईएम ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'बिहार विधानसभा चुनाव के लिए एआईएमआईएम उम्मीदवारों के नाम इस प्रकार हैं। इंशाअल्लाह, हम बिहार के सबसे उत्पीड़ित लोगों की आवाज बनने की उम्मीद करते हैं।' पार्टी ने स्पष्ट किया कि यह सूची एआईएमआईएम की बिहार इकाई द्वारा राष्ट्रीय नेतृत्व के परामर्श से तैयार की गई है। इस सूची में सीवान से मोहम्मद कैफ, गोपालगंज से अनस सलाम, किशनगंज से एडवोकेट शम्स आगाज, मधुबनी से राशिद खलील अंसारी, और अररिया से मोहम्मद मंजूर आलम जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं।

## किसानों की सेवा ही भगवान की सेवा: कृषि मंत्री चौहान



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उत्तर प्रदेश के देवरिया में शनिवार को कहा कि किसानों की सेवा ही भगवान की सेवा है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हर किसान की आय दोगुनी करना हमारा लक्ष्य है। गौरवशाली, आत्मनिर्भर समृद्ध भारत का निर्माण हमारा लक्ष्य है। भारतीय किसानों के हितों से कोई भी समझौता नहीं करेंगे।

केंद्रीय कृषि मंत्री ने देवरिया जिले के पथरदेवा स्थित आचार्य नरेंद्र देव इंटर कॉलेज में जनसभा को संबोधित करते हुए किसानों से अच्छी फसल के लिए अच्छे बीजों का इस्तेमाल करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जो लोग खराब बीज बेचते हैं, वे सावधान रहें, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

चौहान ने यह भी कहा कि प्राकृतिक खेती अपनाकर आने वाली पीढ़ियों के लिए भूमि और मिट्टी को संरक्षित किया जाना चाहिए। इसके लिए उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से बचना होगा। इससे पहले, केंद्रीय मंत्री ने भारतीय जनसंघ के नेता दिवंगत रवींद्र किशोर शाही की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

उन्होंने मेले में विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण किया और प्रतिभागी किसानों व विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

**बिहार चुनाव को लेकर तैयारी तेज**

# पहले फेज के लिए 139 और दूसरे चरण के लिए 142 ऑब्जर्वर नियुक्त

**एजेंसी। नई दिल्ली**

चुनाव आयोग ने बिहार में दो चरणों में हो रहे विधानसभा चुनाव के लिए 282 ऑब्जर्वर नियुक्त किए हैं। इनमें छह नवंबर को पहले चरण के लिए होने वाले चुनाव के लिए 121 जनरल और 18 पुलिस ऑब्जर्वर नियुक्त किए गए हैं। जबकि 11 नवंबर को दूसरे चरण के मतदान के लिए 122 सामान्य और 20 पुलिस ऑब्जर्वर नियुक्त किए गए हैं। इसके अलावा आठ विधानसभा सीटों पर हो रहे उपचुनाव के लिए भी आठ सामान्य और आठ पुलिस पर्यवेक्षकों की नियुक्त की गई है।




**चुनाव आयोग ने लिया बड़ा फैसला**

चुनाव आयोग ने बताया कि आयोग संविधान के अनुच्छेद 324 और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 20 बी के तहत प्राप्त पूर्ण शक्तियों के तहत केंद्रीय पर्यवेक्षकों की नियुक्ति करता है ताकि आयोग को स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने में सहायता मिल सके। ECI ने पर्यवेक्षकों को पूरी चुनाव प्रक्रिया की बारीकी से निगरानी करने और चुनावों का पारदर्शी, स्वतंत्र और निष्पक्ष संचालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

**पर्यवेक्षकों को दिए गए खास निर्देश**

पर्यवेक्षकों को राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों और मतदाताओं के लिए पूरी तरह से सुलभ रहने और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है कि उनकी शिकायतों का निवारण किया जाए। पर्यवेक्षकों को मतदान केंद्रों का दौरा करने और मतदाताओं की सुविधा के लिए आयोग द्वारा की गई हाल की पहलों के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया है।

# नो किंग : अमेरिका के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा विरोध प्रदर्शन...

## डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ 2700 जगहों पर जुटे 70 लाख लोग

**एजेंसी । वाशिंगटन**

अमेरिका की सड़कों पर राष्ट्रपति ट्रंप के खिलाफ लाखों लोग सड़क पर उतर चुके हैं। यह अमेरिका के इतिहास का सबसे बड़ा विरोध प्रदर्शन है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा विरोध प्रदर्शन करने के लिए अमेरिकी की जनता सड़क पर मार्च कर रही है। इस दौरान अमेरिका के 2700 स्थानों पर 70 लाख से ज्यादा लोग ट्रंप की नीतियों, खासकर उनके ट्रांसजेंडर विरोधी बयान और अन्य विवादास्पद फैसलों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

**ट्रंप के खिलाफ लोगों में भारी गुस्सा :** ट्रंप के खिलाफ लोगों में भारी गुस्सा है। इस विशाल विरोध प्रदर्शन में विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक और नागरिक समूहों ने भाग लिया, जिसमें महिलाओं के अधिकारों के लिए कार्य करने वाले संगठनों से लेकर पर्यावरण कार्यकर्ता और ट्रंप प्रशासन की नीतियों के विरोधी शामिल थे। प्रदर्शनकारियों ने ट्रंप के शासनकाल की आलोचना करते हुए 'अब और नहीं' (No more) और 'हमें बदलाव चाहिए' जैसे नारे लगाए। इस विरोध प्रदर्शन का आह्वान ट्रंप के प्रशासन के खिलाफ बढ़ते असंतोष और उनके द्वारा उठाए गए निर्णयों के विरोध में किया गया था।



### ट्रांसजेंडरों के अधिकारों के खिलाफ उठाए कदमों से घिरे ट्रंप

यह विरोध प्रदर्शन ट्रंप की विभिन्न नीतियों के खिलाफ है। इसमें विशेष रूप से ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के अधिकारों के खिलाफ उठाए गए उनके कदमों और उनके कार्यकाल के दौरान किए गए अन्य विवादास्पद कार्यों ने देशभर में गहरे विरोध को जन्म दे दिया है। शामिल मुद्दों में गर्भपात के अधिकारों पर प्रतिबंध, जलवायु परिवर्तन के खिलाफ की गई नीतियां, और सामाजिक असमानताओं में वृद्धि भी प्रमुख हैं।

### ट्रप पर लोकतांत्रिक संस्थाओं पर हमले का आरोप

न्यायपालिका में ट्रंप द्वारा नियुक्त किए गए न्यायधीशों के फैसलों और संघीय पुलिस के कुछ आक्रामक कदमों के विरोध में कई संगठनों ने मिलकर यह विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया। एक ओर जहां प्रदर्शनकारियों का कहना था कि ट्रंप के शासन में लोकतांत्रिक संस्थाओं पर हमला हो रहा है, वहीं दूसरी ओर प्रशासन ने इन विरोधों को "राजनीतिक साजिश" और "सामाजिक असंतोष फैलाने की कोशिश" के रूप में प्रस्तुत किया। इसे 'नो किंग्स प्रोटेस्ट' नाम दिया गया है। यानि अब ट्रंप की तानाशाही नहीं चलेगी का नारा लगाया जा रहा है।

### विरोध-प्रदर्शन से देशभर में बदलाव की मांग बुलंद

यह प्रदर्शन न केवल एक राजनीतिक है, बल्कि यह देशभर में बदलाव की मांग और सामाजिक न्याय की रक्षा के लिए एक बुलंद आवाज के रूप में उभरा है। अमेरिका के बड़े शहरों से लेकर छोटे कस्बों तक हर जगह लोग सड़कों पर उतर चुके हैं। इस विशाल आंदोलन ने यह स्पष्ट कर दिया कि अमेरिका में ट्रंप के खिलाफ असंतोष बढ़ता जा रहा है। यह विरोध प्रदर्शन अमेरिका में ट्रंप के शासनकाल की सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभरा है, जो निश्चित रूप से आगामी चुनावों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

# अमेरिका ने किया चीन पर बड़ा हमला, बीजिंग के राष्ट्रीय समय सेंटर को हुआ भारी नुकसान

**एजेंसी । बीजिंग**





अमेरिका ने चीन पर बड़ा हमला किया है। इस हमले में चीन के नेशनल टाइम सेंटर को भारी नुकसान पहुंचा है। चीन ने रविवार को इस हमले के पीछे अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी (NSA) को जिम्मेदार ठहराया है। बीजिंग के अनुसार उसके राष्ट्रीय समय केंद्र पर बड़ा साइबर हमला किया गया है। चीन के अनुसार यह अमेरिका का साइबर हमला है।

चीन ने आरोप लगाया कि अमेरिका के इस साइबर हमले से उसके नेटवर्क संचार, वित्तीय और विद्युत प्रणालियों को भारी नुकसान पहुंच सकता था। मगर चीनी सुरक्षा एजेंसियां सतर्क थीं, इससे कोई बड़ा नुकसान होने से रोक लिया गया। चीन के इस आरोप से अमेरिका के साथ तनाव बढ़ने की आशंका है।

### जारी तनाव में हो सकती है और वृद्धि

पश्चिमी सरकारों ने हाल के वर्षों में आरोप लगाया है कि चीनी सरकार से जुड़े हैकर्स ने अधिकारियों, पत्रकारों, कंपनियों और अन्य को निशाना बनाया है। मगर अब चीन के इस बयान से वाशिंगटन और बीजिंग के बीच व्यापार, प्रौद्योगिकी और ताइवान मुद्दों पर पहले से जारी तनाव में और वृद्धि हो सकती है। अमेरिकी दूतावास ने तत्काल इस घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की।

### चीन ने लगाया अमेरिका पर आरोप

चीन के राष्ट्रीय समय केंद्र का जिम्मा चीन का मानक समय उत्पन्न और वितरित करने का है। साथ ही यह संचार, वित्त, बिजली, परिवहन और रक्षा जैसे उद्योगों को समय निर्धारण सेवाएं भी प्रदान करता है। मंत्रालय ने कहा कि उसने केंद्र को जोखिमों को समाप्त करने के लिए मार्गदर्शन दिया है। मंत्रालय ने कहा, "अमेरिका दूसरों पर वही आरोप लगा रहा है जो वह खुद करता है, और लगातार चीनी साइबर खतरों के बारे में दावे बढ़ा रहा है।

### बलूचिस्तान में मीथेन गैस की चपेट में आने से चार कोयला खनिकों की मौत

**क्वेटा ।** बलूचिस्तान के डुकी और चामलांग में दो अलग-अलग घटनाओं में चार कोयला खनिकों की मौत हो गई। मजदूरों की मौत की वजह सांस में मीथेन गैस की मौजूदगी को बताया गया है। स्थानीय मीडिया ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, पीड़ितों की पहचान अफगानिस्तान के निवासियों के रूप में हुई है। पाकिस्तान के प्रमुख दैनिक 'डॉन' के अनुसार, मृतक शनिवार को हुए हादसों के समय डुकी और चामलांग स्थित कोयला खदानों में काम कर रहे थे।

# भारत में ईरान के राजदूत डॉ इराज इलाही का कार्यकाल खत्म

## बोले- हमेशा घर जैसा महसूस हुआ

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारत में ईरान के राजदूत डॉ. इराज इलाही का कार्यकाल पूरा हो गया।



इस दौरान उन्होंने भारत के लिए बेहद खास संदेश लिखा है। यह जानकारी भारत में ईरान के दूतावास के एक्स हैंडल प दी गई। इराज इलाही को सितंबर 2023 में भारत का राजदूत नियुक्त किया गया था। नई दिल्ली में इस्लामी गणराज्य ईरान के पूर्व राजदूत डॉ. इराज इलाही ने भारत में अपने मिशन के समापन अवसर पर कहा, "दयालु और कृपालु ईश्वर के नाम पर, भारत में अपने राजनयिक मिशन के समापन पर, मैं इस खूबसूरत धरती से अनमोल और अविस्मरणीय यादें लेकर जा रहा हूं। अपने प्रवास के दौरान मुझे भारत के स्नेही और विनम्र लोगों के बीच हमेशा घर जैसा महसूस हुआ।

# पेरिस के लूव्र संग्रहालय में बड़ी चोरी ऐतिहासिक खजाना लूटा, म्यूजियम बंद



**एजेंसी । पेरिस**

फ्रांस की राजधानी पेरिस के लूव्र म्यूज़ियम में रविवार को दिनदहाड़े एक बड़ी दुस्साहसिक डकैती का शिकार हो गया। इस दौरान नेपोलियन और जोसेफीन से जुड़े आभूषण भी चोरी हो गए। इससे न केवल आगंतुक, बल्कि म्यूज़ियम के अधिकारी भी हैरान रह गए। यह घटना दिनदहाड़े हुई और म्यूज़ियम को तुरंत खाली कर दिया गया। चोरों ने नेपोलियन और जोसेफीन से जुड़ी कीमती आभूषणों को चोरी करके फरार हो गए। इस डकैती के बाद म्यूज़ियम को बंद कर दिया गया और पुलिस जांच में जुट गई है।

**दिनदहाड़े कैसे डाली डकैती :** फ्रांसीसी मीडिया रिपोट्र्स के अनुसार चोरों ने म्यूज़ियम में घुसने के लिए एक अत्यंत योजनाबद्ध तरीका अपनाया। म्यूज़ियम के पास स्थित सीन नदी के पास एक सेवा क्षेत्र से वे अंदर दाखिल हुए और फिर स्कूटरों पर बैठकर ए6 मोटरवे की ओर भाग गए। यह डकैती पूरी तरह से संगठित और योजनाबद्ध थी, जिसके कारण किसी भी तरह की शारीरिक चोट या संघर्ष की सूचना नहीं मिली है। डकैती के दौरान लूटे गए आभूषणों में नौ ऐतिहासिक वस्तुएं शामिल थीं, जिनका सीधा संबंध नेपोलियन बोनापार्ट और उनकी पत्नी जोसेफीन से था। इनमें तियारा, ब्रोच और अन्य कीमती आभूषण शामिल हैं।

# म्यूनिख हवाई अड्डे पर मंडराए संदिग्ध ड्रोन, अस्थाई रूप से फ्लाइटों का संचालन बंद



**एजेंसी । म्यूनिख**

जर्मनी के म्यूनिख हवाई अड्डे पर संदिग्ध ड्रोन गतिविधियों के कारण हड़कंप मच गया। इसके चलते एयरपोर्ट का संचालन अस्थायी रूप से बंद दिया गया। इससे दर्जनों फ्लाइटें प्रभावित हुईं। संदिग्ध ड्रोन देखे जाने से एयरपोर्ट प्रबंधन समेत यात्रियों में भी अफरा-तफरी मच गई। सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गईं। यह घटना शनिवार की रात को रिपोर्ट की गई। अचानक जर्मनी के म्यूनिख हवाई अड्डे को ड्रोन गतिविधियों की सूचना मिलने के बाद अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया, लेकिन इसे आधी रात से पहले फिर से खोल दिया गया। संघीय पुलिस ने यह जानकारी दी कि हवाई अड्डे को सुरक्षा कारणों से बंद किया गया था।

**सुरक्षा के चलते रोकी गई उड़ानें :** हवाई अड्डा सूत्रों के मुताबिक शनिवार रात लगभग 10 बजे और फिर 11 बजे के आसपास संदिग्ध ड्रोन गतिविधि देखी गई थी। इन घटनाओं की सूचना सुरक्षा अधिकारियों, हवाई अड्डे के कर्मचारियों और संघीय पुलिस ने दी थी, जिन्होंने "संदिग्ध वस्तु" देखे जाने की पुष्टि की। इसके बाद, हवाई अड्डे ने सुरक्षा उपायों के तहत उड़ानें अस्थायी रूप से रोक दी थीं। रविवार को हवाई अड्डा अधिकारियों ने बताया कि ड्रोन गतिविधियों का उड़ानों और यात्रियों पर मामूली असर पड़ा। तीन उड़ानों के मार्ग में बदलाव किया गया, जिनमें से दो बाद में म्यूनिख में उतरने में सफल रहीं, जबकि एक उड़ान को रद्द कर दिया गया।

# ईरान ने बढ़ाई अपनी ताकत, दो बैलिस्टिक मिसाइल हमले के लिए तैयार

**एजेंसी । तेहरान**

ईरान की राजधानी तेहरान पर इजरायली हमले के बाद इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने अपनी दो स्वदेशी बैलिस्टिक मिसाइलों और इजरायल के साथ 12 दिनों तक चले युद्ध के दौरान क्षतिग्रस्त लॉन्चरों का अनावरण किया है। यह जानकारी सरकारी आईआरआईबी टीवी की एक रिपोर्ट में दी गई है। आईआरजीसी के एयरोस्पेस बलों से संबंधित ये मिसाइलें और लॉन्चर, आईआरआईबी द्वारा प्रसारित एक वीडियो रिपोर्ट में दिखाए गए, जिसमें आईआरजीसी के दो मिसाइल ठिकानों को दिखाया गया है। सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान ने जो बैलिस्टिक मिसाइलें तैयार की है, इनके नाम इमाद और कद्र हैं। कद्र को इलेक्ट्रॉनिक युद्ध रोधी उपकरणों से लैस किया गया है।

# अमेरिका की चेतावनी के बाद हमास बोला हमले का बहाना खोज रहा है इजरायल

**एजेंसी । नई दिल्ली**

अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि हमास गाजा में आम नागरिकों पर हमला करके युद्धविराम उल्लंघन कर सकता है। अगर ऐसा हुआ तो गाजा के लोगों की सुरक्षा और संघर्षविराम को बनाए रखने के लिए कदम उठाए जाएंगे। अमेरिका की इस चेतावनी के बाद रविवार को फिलिस्तीनी गुट हमास ने सफाई दी। अमेरिकी राष्ट्रपति के योजना के मुताबिक 10 अक्टूबर से हमास और इजरायल के बीच युद्धविराम हो गया था, लेकिन जिस तरह से आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला शुरू हो गया है, उससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह तूफान से पहले की शांति साबित हो सकता है।हमास ने रविवार को कहा कि अमेरिका के आरोप पूरी तरह से झूठे हैं। वह संघर्षविराम के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन इजरायल समझौता का बार-बार उल्लंघन कर रहा है। हमास का कहना है कि यह फिलिस्तीनियों के खिलाफ आक्रमण को जारी रखने के लिए एक मौका बनाने की कोशिश हो सकती है।

# आखिरकार वो आ ही गया!

## परिणीति-राघव ने किया बेटे का स्वागत, दिवाली से पहले ही खुशियों से भरा घर...



पूरा देश दिवाली के जश्न बिजी है, इस दौरान बॉलीवुड एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा और आम आदमी पार्टी के नेता राघव चड्ढा के घर में दिवाली से पहले खुशियां आ गई है। परिणीति और राघव ने अपने पहले बच्चे का स्वागत किया है। अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रहे इस जोड़े ने 19 अक्टूबर को अपने इंस्टाग्राम पर यह खुशखबरी शेयर की। परिणीति चोपड़ा के दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती होने की खबर आज सुबह ही आई। हाल ही में इंस्टाग्राम पर कपल ने नीले रंग की ग्राफ़िक तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, "आखिरकार वो आ ही गया! हमारा लाडला, और हमें सचमुच पहले की जिंदगी याद ही नहीं! बाहें भरी हैं, दिल और भी भरे हैं। पहले हम एक-दूसरे के साथ थे, अब हमारे पास सब कुछ है। शुक्रिया, परिणीति और राघव।

**फैंस ने दी ढेर सारी बधाईयां :** जैसे ही इस कपल ने खुशखबरी शेयर की वैसे ही फैंस ने इस पर प्रतिक्रिया देना शुरू कर दिया। बधाईयों के संदेश आने लगे। एक ने लिखा, "ओमजी, अब जश्न मनाने का एक कारण है! हम आपके और आपके परिवारों के लिए बहुत खुश हैं।

### 25 अगस्त को की थी प्रेग्नेंसी की घोषणा

परिणीति चोपड़ा और राघव चड्ढा ने 25 अगस्त 2025 को आधिकारिक तौर पर अपनी प्रेग्नेंसी की घोषणा की। इस जोड़े ने एक मनमोहक इंस्टाग्राम पोस्ट साझा की, जिसमें "1 + 1 = 3" से सजा एक केक और छोटे पैरों के निशान थे। इसके बाद इंस्टाग्राम पर एक वीडिया आया था जिसमें परिणीति अपने पति राघव चड्ढा का हाथ थामे एक पार्क में टहल रही थीं।

कहानी फिल्म जगत की



### रांची जिले की लाभुकों को अक्टूबर महीने की राशि का हुआ भुगतान, बोले डीसी

# आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में मंईयां सम्मान योजना अहम कदम

- झारखंड सरकार ने दीपावली एवं छठ पर्व पर महिलाओं को दिया उपहार

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** दीपावली एवं छठ पूजा पर झारखंड सरकार ने राज्य की महिलाओं को विशेष उपहार स्वरूप मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के अंतर्गत सम्मान राशि का भुगतान किया है। इस योजना के तहत रांची जिले की कुल 3 लाख 88 हजार 406 लाभुकों के बैंक खातों में आधार बेस्ड डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से 2,500 रुपए प्रति लाभुक की दर से कुल 97 करोड़ 10 लाख 15 हजार रुपए की राशि का भुगतान किया गया है। रांची के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि 'मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना राज्य की महिलाओं के सम्मान और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। दीपावली और छठ जैसे पावन अवसरों पर इस राशि का भुगतान महिलाओं के चेहरे पर मुस्कान और घरों में खुशहाली लाएगा। जिला प्रशासन यह सुनिश्चित कर रहा है कि सभी पात्र लाभुकों को समय पर और पारदर्शी तरीके से भुगतान मिले।' यह भुगतान अक्टूबर माह की सम्मान राशि के रूप में किया गया है। इससे रांची जिले की लाखों महिलाओं को त्योहारों से पूर्व आर्थिक सशक्तिकरण का लाभ मिला है।

**प्रखंडों व शहरी क्षेत्रों में भुगतान की स्थिति (अक्टूबर माह)**

| क्षेत्र | लाभुकों की संख्या | क्षेत्र | लाभुकों की संख्या |
|---|---|---|---|
| अनगड़ा | 16,843 | लापुंग | 11,478 |
| अरगोड़ा शहरी क्षेत्र | 12,417 | मांडर | 23,395 |
| बड़गाई शहरी क्षेत्र | 9,413 | नगड़ी | 18,159 |
| बेड़ो | 20,797 | नगड़ी शहरी क्षेत्र | 8,168 |
| बुंडू | 8,525 | नामकुम | 18,021 |
| बुंडू नगर पंचायत | 3,572 | नामकुम शहरी क्षेत्र | 9,078 |
| बुढ़मू | 18,073 | ओरमांझी | 18,310 |
| चान्हो | 19,894 | राहे | 9,647 |
| हेहल शहरी क्षेत्र | 15,442 | रातू | 18,792 |
| इटकी | 10,482 | सिल्ली | 21,382 |
| कांके | 31,828 | सोनाहातू | 13,192 |
| कांके शहरी क्षेत्र | 1,325 | तमाड़ | 18,714 |
| खलारी | 9,703 | सदर शहरी क्षेत्र | 21,754 |

### गोवर्धन पूजा 22 को, एक आध्यात्मिक परंपरा का उत्सव, बोले संजय सर्राफ

# गोवर्धन पूजा संतुलन का देता है संदेश

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग एवं श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि गोवर्धन पूजा दीपावली के बाद कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा को मनाई जाती है। इस वर्ष गोवर्धन पूजा एवं अन्नकूट पूजा 22 अक्टूबर को मनाया जाएगा। यह पावन पर्व भगवान कृष्ण द्वारा अपने भक्तों पर किए गए आशीर्वाद के प्रति सम्मान प्रकट करता है। यह हिंदुओं के हृदय में एक विशेष स्थान रखता है क्योंकि यह उस अवसर का स्मरण कराता है जब भगवान कृष्ण ने अपने भक्तों को प्रकृति के प्रकोप से बचाने के लिए इंद्र के अहंकार का नाश किया था।इस पर्व का संबंध श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं से है। मान्यता है कि द्वापर युग में जब ब्रजवासियों ने हर वर्ष इंद्र देव की पूजा करनी चाही, तब बाल स्वरूप श्रीकृष्ण ने उन्हें गोवर्धन पर्वत की पूजा करने का परामर्श दिया। श्रीकृष्ण का तात्पर्य था कि प्रकृति—पर्वत, वन, पशु और जल स्रोत ही हमारे जीवन के वास्तविक आधार हैं।

इंद्र के क्रोधित होने पर मूसलधार वर्षा हुई, तब श्रीकृष्ण ने अपनी छोटी अंगुली पर गोवर्धन पर्वत उठाकर ब्रजवासियों की रक्षा की। तब से यह पर्व 'गोवर्धन पूजा' के रूप में मनाया जाता है।गोवर्धन पूजा के दिन भगवान श्रीकृष्ण को विविध प्रकार के व्यंजन- सब्जियां, मिठाइयाँ, अनाज, फल, पकवान आदि का 'अन्नकूट' अर्पित किया जाता है। गोवर्धन पूजा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि पर्यावरण, प्रकृति और समाज के प्रति श्रद्धा, समर्पण और संतुलन का संदेश है। यह पर्व हमें यह सिखाता है कि प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करना और उसे संरक्षित रखना ही सच्ची पूजा है।

# बिहार में राजद के साथ ही झारखंड में भी इंडी गठबंधन की खुली पोल : सूरज मंडल

**नवीन मेल संवाददाता**



- पूर्व सांसद ने कहा, सिद्धांत और विचारधारा विहीन दलों को खामियाजा भुगतना ही पड़ेगा

**रांची।** अखिल भारतीय संपूर्ण क्रांति राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद, पूर्व जैक उपाध्यक्ष, झारखंड मजदूर मोर्चा के अध्यक्ष और भाजपा नेता डॉ सूरज मंडल ने रविवार को कहा कि वर्ष 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में राजद के साथ ही इंडी गठबंधन में शामिल सभी दलों की पोल खुल गई है। इंडी गठबंधन में शामिल सभी दलों की तथाकथित दोस्ती की धज्जियां उड़ गई हैं। झारखंड में भी हेमंत सोरेन के नेतृत्व में काम कर रही इंडी गठबंधन सरकार को भी सिद्धांत, नीति, राजनीति से बेमेल गठबंधन का खामियाजा उठाना ही पड़ेगा। डॉ मंडल ने कहा कि इस अजब-गजब गठबंधन का ठीकरा अभी झामुमो के सिर पर फूटा है और अब इस गठबंधन में शामिल सभी दलों के सिद्धांत, विचारधारा, नीति, रणनीति, राजनीतिक दृष्टिकोण के साथ ही जनता के प्रति उनके व्यवहार की पोल-पट्टी भी खुल चुकी है। वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि जिस प्रकार से राजद ने झामुमो को दूध की मक्खी की तरह एक प्रकार से बिहार में अपने गठबंधन से बाहर फेंक दिया है, वह यह बताने के लिए पर्याप्त है कि राष्ट्रीय जनता दल झारखंड और यहां के लोगों के विषय में कैसा दृष्टिकोण रखता है। डॉ मंडल ने कहा कि राजद का एकमात्र उद्देश्य झारखंड की राजनीति में बने रहकर यहां की मलाई खाने में है और इसके लिए उसने झारखंड मुक्ति मोर्चा को बेवकूफ बनाया हुआ है। लेकिन, इस घटना के लिए पूरे तरीके से झारखंड मुक्ति मोर्चा और उसके कर्ताधर्ता ही जिम्मेदार हैं। डॉ मंडल ने कहा कि इसी राष्ट्रीय जनता दल और उसके नेताओं ने झारखंड स्वायत्त शासी परिषद (जैक) का विरोध किया था। लालू प्रसाद ने तो यहां तक कहा था कि झारखंड उनकी लाश पर ही बनेगा। लेकिन, झारखंड गठन के बाद वे यहां के खान-खनिज की लूट के साथ ही झारखंड के सिद्धांत विहीन सरकार में खुद को शामिल करने से रोक नहीं सके। दूसरी तरफ, झारखंड मुक्ति मोर्चा ने भी सत्ता में बने रहने के लिए हर तरह के नीति-सिद्धांत को ताक पर रखकर खुल्लम-खुल्ला राजद जैसे दल के साथ हाथ मिलाकर सरकार का गठन किया। यह न केवल विचारधारा के साथ धोखा था, बल्कि झारखंड के लोगों के साथ विश्वासघात भी था। डॉ सूरज मंडल ने कहा कि हेमंत सोरेन ने अभी भी राजद के एक विधायक को मंत्री बनाकर अपनी सरकार में शामिल कर रखा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अब स्वयं ही इस बात पर आत्मचिंतन करना चाहिए कि झारखंड के लोगों के बीच उनकी कैसी छवि बनी है। क्योंकि, अब यह बात पूरे तरीके

### आजसू के बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन मे पहुंचे एनडीए प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन

# घाटशिला में एनडीए प्रत्याशी की जीत तय : सुदेश

- आजसू ने संघर्ष किया, भाजपा ने दिया झारखंड : बाबूलाल सोरेन

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची/घाटशिला।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने कहा कि घाटशिला की जनता बदलाव चाहती है और ठगबंधन की सरकार से मुक्ति चाहती है। उन्होंने घाटशिला टाउन हॉल में आजसू के विधानसभा स्तरीय बूथ सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि एनडीए प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन की जीत सुनिश्चित है। सम्मेलन में प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन भी उपस्थित थे।

श्री महतो ने कहा कि हेमंत सरकार ने विगत 6 वर्षों में बालू–कोयला की लूट और भ्रष्टाचार को प्रश्रय दिया है, जिससे जनता ठगा महसूस कर रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता को सवाल पूछने का भी अधिकार नहीं क्योंकि यहां लोकतंत्र नहीं राजतंत्र चल रहा है। इस कारण सूचना आयोग को निष्क्रिय कर दिया गया है। श्री महतो ने कहा कि इस उपचुनाव में जनता वोट के माध्यम से हेमंत सरकार को जवाब देगी। उन्होंने कहा कि राज्य विकास में पीछे छूट गया है। यह सामाजिक समरसता को खराब करने वाली सरकार है। श्री महतो ने कहा कि एनडीए जीतेगा तो राज्य में अवैध वसूली बंद होगी।

एनडीए प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन ने कहा कि आजसू की झारखंड निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका है। सुदेश महतो तथा अन्य आजसू नेता झारखंड आंदोलनकारी रहे हैं। उन्होंने कहा कि आजसू ने संघर्ष किया और भाजपा ने अलग राज्य दिया। श्री सोरेन ने कहा कि महागठबंधन प्रत्याशी को हराकर घाटशिला की जनता इतिहास रचेगी।

पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने कहा कि आजसू कार्यकर्ता गांव–गांव जाकर लोगों को जागरूक करें और एनडीए प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन के पक्ष में माहौल तैयार करें। उन्होंने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन को झामुमो ने अपमानित किया।

सम्मेलन को केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर, हसन अंसारी, महासचिव हरेलाल महतो, भाजपा नेता अभय सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष चंडी चरण साव, आजसू जिलाध्यक्ष कन्हैया सिंह, सत्यनारायण बेसरा, सुधारानी बेसरा, संजय सिंह,मुसाबनी प्रखंड प्रमुख रामदेव हेंब्रम, राजू कर्मकार, सुखलाल हेंब्रम आदि ने भी संबोधित किया। संचालन प्रवीण प्रसाद ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन बुद्धेश्वर मुर्मू ने किया।

## अंजुमन इस्लामिया चुनाव में हव्वारी समाज उतारेगा प्रत्याशी

**रांची।** जमीअतुल हवारीन झारखंड के बैनर तले हव्वारी समाज की विभिन्न पंचायतों की बैठक रविवार को मो. इस्लाम की अध्यक्षता में हुई। इसमें अंजुमन इस्लामिया के आगामी चुनाव पर चर्चा हुई। घोषणा की गई कि इसबार चुनाव में हव्वारी समाज भी अपना प्रत्याशी उतारेगा। मो. इस्लाम ने कहा कि अंजुमन इस्लामिया, रांची के चुनावों में पूर्व में हव्वारी पंचायत की अनदेखी की गई है। इसलिए इस बार अंजुमन के चुनाव में हव्वारी पंचायत से भी प्रत्याशी खड़ा करने का फैसला लिया गया है। उन्होंने लोगों से अंजुमन के चुनाव में जातिवाद को बढ़ावा न देने की अपील की। साथ ही कहा कि मुस्लिम समाज के हर पंचायत का प्रतिनिधित्व अंजुमन इस्लामिया रांची में होना चाहिए। उन्होंने मतदाताओं से अपील की है कि वे साफ-सुथरी छवि और व्यक्तित्व के मालिक, जो जातिवाद से ऊपर उठकर काम करने वाले हों, ऐसे उम्मीदवार को चुनें। इनकी रही मौजूदगी बैठक में मरकजी हवारी पंचायत से मो. शहजाद, चौधरी हवारी पंचायत से मो. जमील, जमीअतुल हवारीन जम्हूरी पंचायत से मो. वसीम, मिल्लत हवारी पंचायत से मो. सलीम (बड़गाईं), सहित विभिन्न हवारी पंचायत के प्रमुख प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# झारखंड में होगी बारिश, मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

- रांची का न्यूनतम तापमान 0.4 डिग्री बढ़ा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** दीपावली और छठ पर्व के दौरान राज्य के कई इलाकों में मौसम शुष्क रहेगा, लेकिन कुछ क्षेत्रों में बारिश खलल डाल सकती है। मौसम विभाग के अनुसार 20 अक्तूबर को झारखंड के दक्षिणी और पश्चिमी हिस्सों में आकाश में बादल छाये रहेंगे। कहीं-कहीं मेघ गर्जन के साथ हल्की बारिश हो सकती है। 21 से 23 अक्तूबर तक कई जिलों में सुबह के समय कोहरा और धुंध छाये रहने की संभावना है, हालांकि थोड़ी देर बाद मौसम साफ हो जाएगा। अगले तीन दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है। मौसम विभाग ने ताजा अपडेट में बताया है कि अंडमान सागर और इससे सटे दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी पर चक्रवाती हवा स्थित है। इसके प्रभाव से 24 अक्तूबर को बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव वाला क्षेत्र (लो प्रेशर) बनने की पूरी संभावना है। यह पश्चिम-उत्तर की ओर बढ़ सकता है और तीव्र हो सकता है। 25 अक्तूबर के बाद इसका असर झारखंड के कई जिलों पर पड़ सकता है। इससे छठ पर्व के आसपास मौसम में बदलाव हो सकता है और कहीं-कहीं बारिश भी हो सकती है। इससे ठंड बढ़ सकती है। शनिवार को रांची के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में थोड़ी वृद्धि देखी गयी। रांची का अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस रहा, जिसमें पिछले 24 घंटे में 1.6 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई। न्यूनतम तापमान 17.4 डिग्री सेल्सियस रहा, जिसमें 0.4 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई। जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 32.5 डिग्री और न्यूनतम 20 डिग्री सेल्सियस रहा। मेदिनीनगर में अधिकतम तापमान 32.8 डिग्री और न्यूनतम 18.6 डिग्री सेल्सियस रहा। चाईबासा का अधिकतम तापमान 32.8 डिग्री और न्यूनतम 19.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जिसमें पिछले 24 घंटे में 1.4 डिग्री सेल्सियस की कमी दर्ज की गई।

### श्री राधा- कृष्ण मंदिर में अन्नपूर्णा महाप्रसाद श्रद्धालुओं ने किया ग्रहण

# मंदिर को रंग- बिरंगी रोशनी और दीपों से सजाया गया

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** पुंदाग स्थित श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में 234 वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद का आयोजन किया गया। आज का श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा प्रणामी ट्रस्ट के सदस्यों द्वारा आयोजित किया गया। अन्नपूर्णा महाप्रसाद का विधिवत भोग दोपहर 12 बजे मंदिर के पुजारी अरविंद कुमार पांडे द्वारा लगाई गई, तत्पश्चात मंदिर परिसर में उपस्थित हजारों श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। महाप्रसाद में केसरिया खीर एवं आलू का चिप्स का वितरण किया गया। तत्पश्चात भजन- संध्या के कार्यक्रम में ट्रस्ट के भजन गायकों द्वारा मनमोहक सुमधुर भजनों मे अमृत गंगा का रसपान कराते हुए श्रोताओं को खूब झुमाया। श्री राधा कृष्ण के जयकारा से पूरा वातावरण कृष्णमय एवं भक्तिमय बन गया। तत्पश्चात सामूहिक रूप से महाआरती की गई। ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि दीपावली के पावन अवसर पर श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर को आकर्षक रंग बिरंगी रोशनी एवं दीपों से सजाया गया है। तथा श्री राधा कृष्ण जी का दिव्य आलौकिक श्रृंगार किया गया है। दीपावली के दिन विशेष पूजा-अर्चना, भजन कीर्तन किया जाएगा।

इस अवसर पर-ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल,सुरेश अग्रवाल, शिव भगवान अग्रवाल,मधुसूदन जाजोदिया मनीष जालान पूरणमल सर्राफ, संजय सर्राफ, सुरेश भगत, भगत, विष्णु सोनी, पवन पोद्दार, मुरली प्रसाद, हरीश कुमार, परमेश्वर साहू, बसंत वर्मा, सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष उपस्थित थे।

## रामचंद्र रूंगटा के निधन पर झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन ने जताया शोक

**रांची।** प्रसिद्ध समाजसेवी, उद्योगपति एवं झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के विशिष्ट संरक्षक सदस्य रामचंद्र रूंगटा के आकस्मिक निधन पर झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने गहरा शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल एवं महामंत्री विनोद कुमार जैन ने शोक व्यक्त करते करते हुए कहा की स्वर्गीय रुंगटा का निधन अत्यंत दुःखद एवं हृदयविदारक है। उनका समाज, व्यापार और सेवा के क्षेत्र योगदान अतुलनीय रहा है। उन्होंने सदैव समाज हित को सर्वोपरि रखते हुए अपनी कर्मभूमि को सेवा और संस्कारों से आलोकित किया। उनके निधन से समाज ने एक सच्चे मार्गदर्शक, प्रेरणास्रोत और करुणामय व्यक्तित्व को खो दिया है।



## पृष्ठ एक के शेष

**कांके रोड में चौपाटी रेस्टोरेंट के...**

मिली कि चौपाटी रेस्टोरेंट के मालिक विजय नाग की हत्या कर दी गई है, वे आक्रोशित हो गए। रविवार को दिन में करीब 10:00 बजे रेस्टोरेंट संचालक के परिजन और स्थानीय लोग सैकड़ों की संख्या में सड़क पर उतर आए। उन्होंने कांके-पिठौरिया रोड पर खूब हंगामा किया और सड़क को जाम कर दिया। जाम की सूचना पर कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा भी पंहुचे। उन्होंने भी आरोपी की गिरफ्तारी की मांग पुलिस प्रशासन से की। जाम स्थल पर मृतक विजय की पत्नी भी पंहुची थीं। उनका रो-रोकर हाल बेहाल था। वह भी आरोपी की गिरफ्तारी की मांग कर रही थीं। कांके विधायक सुरेश बैठा और पुलिस प्रशासन के समझाने के बाद लोगों ने जाम खत्म कर दिया। कांके थाना प्रभारी प्रकाश रजक ने भीड़ को आश्वस्त किया कि हत्या के आरोपी की गिरफ्तारी अविलंब की जाएगी। थाना प्रभारी के आश्वासन के बाद जाम को हटाया गया। इसके बाद सड़क पर वाहनों का परिचालन शुरू हो पाया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, शनिवार की रात रेस्टोरेंट में कुछ युवक पहुंचे थे, जिन्होंने पहले से बिरयानी का पार्सल ऑर्डर किया था। बताया जा रहा है कि ऑर्डर में गलती से वेज बिरयानी की जगह नॉन वेज बिरयानी दे दी गई थी। घर पहुंचने के बाद युवक दोबारा रेस्टोरेंट पहुंचे और विजय से बहस करने लगे। विवाद के दौरान एक युवक ने पिस्तौल निकालकर विजय पर गोली चला दी, जो सीधे उनके सीने में लगी। गोली लगते ही विजय जमीन पर गिर पड़े। स्थानीय लोग गोली चलने की आवाज सुनकर रेस्टोरेंट की ओर दौड़े, लेकिन तब तक हमलावर मौके से फरार हो चुके थे। घायल विजय को तत्काल नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इधर, सूचना मिलते ही रांची पुलिस के वरीय अधिकारी, फॉरेंसिक टीम और ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने रेस्टोरेंट से कई अहम साक्ष्य जुटाए हैं। साथ ही, पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि गोली चलाने वाले युवक कौन थे। क्या यह विवाद केवल खाने के मुद्दे पर हुआ, या इसके पीछे कोई और रंजिश थी। ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर के अनुसार, मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए कई टीमों को लगाया गया है। उन्होंने कहा कि अपराधियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**शाहपुर में युवक की...**

पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया। थाना प्रभारी ने बताया कि अपराधियों की पहचान के लिए जांच शुरू कर दी गई है और गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। हत्या के कारणों का भी पता लगाया जा रहा है कि यह मामला आपसी रंजिश का है या किसी अन्य कारण से जुड़ा हुआ है। उन्होंने दावा किया कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**एफजेसीसीआई ने कारोबारी की हत्या पर...**

अपराधियों में खौफ बनाने के लिए कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। चैंबर भवन में संपन्न हुई बैठक में अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, उपाध्यक्ष प्रवीण लोहिया, महासचिव रोहित अग्रवाल, सह सचिव नवजोत अलंग और कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल उपस्थित थे।

**आस्था-विकास के आत्मविश्वास से...**

सीएम योगी ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि पर पहला दीप प्रज्वलित करने का सौभाग्य उन्हें मिला। रामलला का भव्य मंदिर भारत की आस्था का सम्मान है, जो एक भारत-श्रेष्ठ भारत का प्रतीक है। सीएम योगी ने आगे कहा कि उत्तर प्रदेश अंधकार से उजाले की ओर बढ़ रहा है। दीपोत्सव जनता के सहयोग से वैश्विक पहचान बना रहा है। सरकार बिना रुके, बिना झुके विकास की यात्रा जारी रखेगी। भारत एक रहेगा, तो कोई आस्था का अपमान नहीं कर पाएगा। उन्होंने कहा कि लाखों श्रद्धालु इस कार्यक्रम के साक्षी बने, जो संतों, अधिकारियों और सलाहकारों की मेहनत का नतीजा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूरे प्रदेशवासियों को दीपोत्सव व दीपावली की शुभकामनाएं दीं।

**मुकाबला** राज्य स्तरीय स्कूली कुश्ती प्रतियोगिता संपन्न

# खिलाड़ी खेल पर ध्यान केंद्रित करें : रजनीश कुमार

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग अंतर्गत झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा खेलगांव स्थित गणपत राय इनडोर स्टेडियम में राज्य स्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिता में सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत नन्हे-मुन्ने कुश्ती खिलाड़ियों के रोमांचक मुकाबलों ने दर्शकों को दांतों तले उंगलियां दबाने पर मजबूर कर दिया। खेलो झारखंड के मंच से पहली बार 20 जिलों के स्कूली पहलवानों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया और राज्य में कुश्ती के उज्जवल भविष्य की झलक प्रस्तुत की।

मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि झारखंड कुश्ती संघ के महासचिव रजनीश कुमार और राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए. सोरेंग ने सभी विजेता खिलाड़ियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। वही रजनीश कुमार ने कहा कि सभी खिलाड़ी अभी अपने करियर के शुरुआती दौर में हैं। यदि वे अनुशासन, समर्पण और निरंतर मेहनत के साथ अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करें, तो आने वाले समय में वे न केवल राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बल्कि ओलंपिक तक अपनी पहचान बना सकते हैं।

प्रतियोगिता में बालक वर्ग की फ्री स्टाइल कुश्ती में अंडर-19 श्रेणी में कोडरमा जिला विजेता, गोड्डा उपविजेता और धनबाद द्वितीय रनर-अप रहा। वहीं बालिका वर्ग में जेएसएसपीएस, रांची विजेता , गुमला उपविजेता रहा और पश्चिमी सिंहभूम सेकेंड रनर अप रहा। अंडर-19 बालक वर्ग के ग्रीको रोमन शैली में साहिबगंज विजेता, कोडरमा उपविजेता और जेएसएसपीएस, रांची द्वितीय रनर-अप बना। अंडर-17 बालक वर्ग के ग्रीको रोमन शैली में जेएसएसपीएस, रांची विजेता , साहिबगंज उपविजेता और धनबाद द्वितीय रनर-अप रहा। वहीं अंडर-17 बालिका वर्ग की फ्री स्टाइल कुश्ती में जेएसएसपीएस, रांची विजेता, पश्चिमी सिंहभूम उपविजेता और कोडरमा द्वितीय रनर-अप रहा।

अंडर 17 बालक वर्ग के फ्री स्टाइल शैली में विजेता साहिबगंज, उपविजेता देवघर और सेकेंड रनर अप गढ़वा बना। अंडर 14 बालिका फ्री स्टाइल शैली विजेता साहिबगंज, उपविजेता देवघर और सेकेंड रनर अप गुमला बना। सभी आयु वर्गों के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त खिलाड़ियों को मेडल, प्रमाणपत्र और चैंपियन जिलों को ट्रॉफी देकर मुख्य अतिथि श्री रजनीश कुमार एवं राज्य खेल कोषांग के सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप से सम्मानित किया गया।

सभी विजेता खिलाड़ियों एवं चैंपियन जिलों को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह, परियोजना निदेशक शशि रंजन, प्रशासी पदाधिकारी सच्चिदानंद द्विवेदी तिग्गा, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए. सोरेंग तथा खेल कोषांग के सदस्यों ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

# पहला वनडे- ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 7 विकेट से हराया, कप्तान मार्श ने नाबाद 46 रन की पारी खेली

## बारिश से प्रभावित मुकाबले में भारत की कमजोर बल्लेबाजी, दूसरा वनडे 23 अक्टूबर को एडिलेड में खेला जाएगा




**एजेंसी । पर्थ**

भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया दौरे पर वनडे सीरीज का पहला मैच 7 विकेट से हार गई है। बारिश से प्रभावित मैच को जीतने के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने 3 मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त ले ली है। सीरीज का दूसरा मुकाबला 23 अक्टूबर को एडिलेड में खेला जाएगा। पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। भारत ने बारिश के कारण तय किए गए 26 ओवर में 9 विकेट पर 136 रन बनाए। केएल राहुल ने 38 और अक्षर पटेल ने 31 रन बनाए। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 21.2 ओवर में टारगेट हासिल कर लिया। कप्तान मिचेल मार्श ने नाबाद 46 रन बनाए। जोश फिलिप ने 37 रन की पारी खेली।

भारत के टॉप-4 बल्लेबाज इस मैच में खास प्रदर्शन नहीं कर सके। रोहित शर्मा 10, विराट कोहली शून्य और कप्तान शुभमन गिल 10 रन बनाकर पावरप्ले के अंदर ही पवेलियन लौट गए। नंबर-4 पर उतरे श्रेयस अय्यर भी 11 रन ही बना सके।

टॉस हारकर बैटिंग करने उतरी भारतीय पारी में रुक-रुककर बारिश होती रही। इस वजह से 4 बार मुकाबले को रोकना पड़ा। पहली बार मैच 9वें ओवर में रोका गया था। तब तक कप्तान गिल, कोहली और रोहित पवेलियन लौट गए थे। दोबारा खेल शुरू होने पर श्रेयस अय्यर भी पवेलियन लौट गए। जोश हेजलवुड ने विकेटकीपर जोश फिलिप के हाथों कैच कराया।

### फिलिपे और रेनेशॉ ने भी किया कमाल

मिचेल मार्श के अलावा बारिश से प्रभावित इस लो स्कोरिंग मैच में जोश फिलिपे ने भी शानदार खेल दिखाया। फिलिपे ने 29 गेंद में 3 चौके और 2 छक्के की मदद से 37 रनों की उपयोगी पारी खेली। इसके कंगारू टीम के लिए आखिर में मैट रेनेशॉ ने 24 गेंद में 1 सिक्स और 1 फोर के साथ 21 रन बनाकर नाबाद रहे। वहीं गेंदबाजी की बात करें तो भारत की तरफ से अर्शदीप सिंह, अक्षर पटेल और वाशिंगटन सुंदर ने एक-एक विकेट लिए।



### प्लेइंग-11

- **भारत :** शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, नीतीश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह और मोहम्मद सिराज।
- **ऑस्ट्रेलिया :** मिचेल मार्श (कप्तान), ट्रैविस हेड, मैथ्यू शॉर्ट, मैट रेनशॉ, जोश फिलिप (विकेटकीपर), मिचेल ओवेन, कूपर कॉनोली, मिचेल स्टार्क, नाथन एलिस, मैथ्यू कुह्नेमन, जोश हेजलवुड।

# लियोनेल मेसी ने जीता 2025 एमएलएस गोल्डन बूट



**एजेंसी । नई दिल्ली**

इंटर मियामी सीएफ के सुपरस्टार लियोनेल मेसी ने 2025 एमएलएस गोल्डन बूट का खिताब अपने नाम कर लिया है। इस सीजन 29 गोल दागकर मेसी लीग के शीर्ष स्कोरर बन गए हैं। यह इंटर मियामी के साथ उनका दूसरा पूरा सीजन है। मेसी ने गोल के साथ-साथ 19 असिस्ट भी किए हैं। वह एलएएफसी के डेनिस बोंगा (24 गोल) और नैशविले एससी के सैम सरिज (24 गोल) को पीछे छोड़ चुके हैं। इंटर मियामी के इतिहास में पहले 'गोल्डन बूट' विजेता मेसी साल 2021 में न्यूयॉर्क सिटी एफसी के वैलेंटिन 'टैटी' कैस्टेलानोस के बाद यह पुरस्कार जीतने वाले पहले अर्जेंटीनी खिलाड़ी हैं। अर्जेंटीना के इस महान खिलाड़ी ने शनिवार को निर्णायक मैच में नैशविले के खिलाफ 5-2 से जीत में 3 गोल और 1 असिस्ट किए। इस सीजन उनका कुल योगदान 48 गोल और असिस्ट (29 गोल, 19 असिस्ट) हो गया है। यह साल 2019 में एलएएफसी के लिए कार्लोस वेला के एमएलएस रिकॉर्ड 49 से बस थोड़ा ही कम है। अब मेसी लीग के पहले खिलाड़ी बनने की दिशा में हैं, जो लगातार 'एमवीपी अवार्ड' जीतेंगे। मेसी और मियामी एमएलएस कप प्लेऑफ में ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस की नंबर 3 सीड हैं, जहां उनका सामना पहले दौर की बेस्ट-ऑफ-3 सीरीज में नंबर-6 नैशविले से होगा। इस साल का एमएलएस कप विजेता 6 दिसंबर को घोषित किया जाएगा। मेसी ने अब अपने शानदार करियर में एमएलएस गोल्डन बूट भी जोड़ लिया है। वह उन चुनिंदा खिलाड़ियों में शामिल हो गए हैं, जिन्होंने लीग के पहले सत्र 1996 से अब तक यह सम्मान हासिल किया है। 1996 से 2004 तक, एमएलएस गोल्डन बूट प्वाइंट सिस्टम के आधार पर दिया जाता था, जिसमें गोल के लिए 2 अंक और असिस्ट के लिए 1 अंक मिलते थे। इसके बाद यह नियम बदलकर केवल गोल की गिनती पर आधारित कर दिया गया।

# 2 टीमें ने सेफा में मारी एंट्री, 2 स्थान खाली भारतीय टीम को ऐसे मिल सकता है टिकट

**एजेंसी । नई दिल्ली**

महिला विश्व कप 2025



महिला वर्ल्ड कप 2025 में ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका ने सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। वहीं बाकी 6 टीमों के पास अभी भी सेमीफाइनल में पहुंचने का चांस है और टीमें इसके लिए जोर आजमाइश कर रही हैं। भारतीय टीम की भी सेमीफाइनल के लिए उम्मीदें जिंदा है। भारत महिला टीम इंग्लैंड के खिलाफ 19 अक्टूबर को खेलेगी। वहीं, भारतीय टीम ने महिला वर्ल्ड कप 2025 में शुरुआत तो बहुत ही अच्छी की थी, जब उसने श्रीलंका और पाकिस्तान के खिलाफ लगातार दो मुकाबले जीत लिए। लेकिन फिर उसे साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया से हार का मुंह देखना पड़ा। पिछले दोनों मैचों में टीम इंडिया के गेंदबाजी आक्रमण की कलई पूरी तरह से खुल गई।

### जापान ओपन में लेयला फर्नांडीज की जीत, करियर के 5वें खिताब पर कब्जा

**नई दिल्ली** । चौथी वरीयता प्राप्त लेयला फर्नांडीज ने रविवार को अपना पहला जापान ओपन खिताब जीत लिया। इस खिलाड़ी ने 18 वर्षीय क्वालीफायर टेरेजा वैलेंटोवा को 2 घंटे 1 मिनट तक चले मुकाबले में 6-0, 5-7, 6-3 से शिकस्त दी। इस जीत के साथ लेयला फर्नांडीज ने करियर का पांचवां और इस वर्ष का दूसरा खिताब जीता है।



# झारखंड ओपन कराटे खिलाड़ियों की तैयारी पूरी

## सात दिवसीय कराटे प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची** । आगामी 15 नवंबर से सिकोकई कराटे इंटरनेशनल झारखंड व इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी के संयुक्त तत्वाधान में राँची के बिशप स्कूल में आयोजित दूसरी सिकोकई झारखंड ओपन कराटे चैंपियनशिप के लिए मेज़बान टीम रांची के कराटे खिलाड़ियों के तैयारी के रूप में चल रही पहले चरण के सात दिवसीय कराटे प्रशिक्षण शिविर का समापन इमा के मुख्य प्रशिक्षण केन्द्र संत जोसेफ क्लब में हुआ शिविर के आख़िरी दिन इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी के तकनीकी निदेशक सह नेशनल कोच शिहान सुनील किस्पोट्टा ने खिलाड़ियों को एडवांस कुमिते और काता का प्रशिक्षण दिया जिसमें खिलाड़ियों को अलग अलग तकनीकों से स्कोर करने के तरीक़े बतलाये गए साथ ही विश्व कराटे संघ के नए नियमों की जानकारी दी गई। शिहान सुनील किस्पोट्टा ने बतलाया की सात दिवसीय इस प्रशिक्षण शिविर में रांची के विभिन्न स्कूलों एवं क्लबों में खिलाड़ियों की तकनीकों को निखारा गया है खिलाड़ी अपना उम्दा प्रदर्शन कर सकेंगे।

दूसरे चरण का प्रशिक्षण शिविर भी जल्द आयोजित किया जाएगा जिसमें अन्य स्कूलों और क्लबों के खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। इस प्रशिक्षण शिविर के सफल आयोजन में इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी के अध्यक्ष संसाइ अनिल किस्पोट्टा आदि ने अपना महत्वपूर्ण सहयोग दिया है।

